राजा और प्रजा

जगत्प्रसिद्ध लेखक और कवि

डा० रवीन्द्रनाथ टागोरकी

' राजा और प्रजा ' नामक निबन्धावलीका अनुवाद ।

अनुवादकर्त्ता—

श्रीयुत बाबू रामचन्द्र वर्मा

प्रकाशक—

हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर कार्यालय ।

आश्विन, १९७६ वि० ।

सितम्बर, सन् १९१९ ई० ।

प्रथमावृत्ति ।]

[मूल्य एक रुपया ।

जिल्द-सहितका मूल्य १।=)

रवीन्द्र बाबूके अन्य ग्रन्थ।

राजा और प्रजा।

अँगरेज और भारतवासी।

There is nothing like love and admiration for bringing people to a likeness with what they love and admire; but the Englishman seems never to dream of employing these influences upon a race he wants to fuse with himslf. He employs simply material interests for his work of fusion, and, beyond these nothing except scorn and rebuke. Accordingly there is no vital union between him and the races he has annexed; and while France can freely boast of her magnificent unity, a unity of spirit no less than of name between all the people who compose her, in our country the Englishman proper is in union of spirit with no one except other Englishmen proper like himself.

Matthew Arnold.

हमारे यहाँके प्राचीन पुराणों और इतिहासोंमें लिखा है कि जबतक चरित्र या आचरणमें कोई छिद्र (या दोष) न हो तबतक अलक्ष्मी-को प्रवेश करनेका कोई मार्ग नहीं मिलता, लेकिन दुर्भाग्यवश प्रत्येक जातिमें एक न एक छिद्र हुआ ही करता है। इससे भी बढ़कर दुर्भाग्यका विषय यह है कि जिस स्थानमें मनुष्यकी दुर्बलता होती है दूसरोंपर उसका क्रोध भी अधिक होता है। अँगरेज लोग भी अपने चरित्रमें उद्धतताका पालन एक प्रकारके कुछ विशेष गौरवके साथ करते हैं। अपनी ईसायन संकीर्णतामें वे जो अटल रहते हैं और अन्य

अथवा शासन कार्यों आदिके सम्बन्धमें जिन लोगोंके साथ उन्हें काम पड़ता है उन लोगोंके साथ मेल-मिलाप करनेका जो कुछ भी प्रयत्न नहीं करते हैं, उनके इस गुणको साधारण लोग मन ही मन कुछ श्लाघाका विषय समझते हैं। उसका भाव यही है कि जिस प्रकार ढेंकी स्वर्ग पहुँच जानेपर भी ढेंकी ही बनी रहती है (अर्थात् उसे सब जगह धान कूटनेका ही काम करना पड़ता है,) उसी प्रकार अँगरेज सभी स्थानोंपर सदा अँगरेज ही रहते है। चाहे कुछ हो वे किसी प्रकार अंगरेज होनेके सिवा और कुछ हो ही नहीं सकते।

अँगरजोंमें मनोहारिताका जो यह अभाव है, वे लोग अपने अनुचरों और आश्रितोंके अंतरंग बनकर उनके मनका भाव जाननेकी ओर जो सदा पूरी उपेक्षा करते है, वे लोग समस्त संसारका अपने ही संस्कारोके अनुसार जो विचार करते हैं वही अँगरेजोंके चरित्रमें छिद्र और अलक्ष्मीके प्रवेशका एक मार्ग है।

जब कहींसे शत्रुके आनेकी जरा भी संभावना होती है तब अँगरेज लोग इस छिद्रको बहुत ही यत्नपूर्वक बन्द करते हैं; जहां जहां जितने मार्ग होते है उन सभी मार्गोंपर वे पहरे बैठा देते हैं और आशंकाके अंकुरतकको पददलित करके छोड़ते हैं। परन्तु उनके स्वभावमें जो एक नैतिक विघ्न है उस विघ्नको वे सदा आश्रय देकर दुर्दम करते आ रहे है। कभी कभी वे स्वयं ही उसपर थोड़ा बहुत आक्षेप कर उठते हैं परन्तु ममतावश वे उसे दूर किसी प्रकार नहीं कर सकते।

बात ठीक वैसी ही है कि एक आदमी बूट पहनकर अपने हरे ...तमें इस विचारसे चारो तरफ चलता है कि जिसमें पक्षी मेरी ... । एक दाना भी न खा सकें। उसके इस प्रकार बूट पह- ...के साथ चलनेसे पक्षी भाग तो अवश्य जाते है, परन्तु

तको इस बातका कोई ध्यान नहीं रहता कि उसके कड़े बूटके
ऐसे बहुतसी फसल नष्ट-भ्रष्ट भी हो जाती है ।

हम लोग सब प्रकारके शत्रुओंके उपद्रवोंसे रक्षित है । विप-
र्की हम लोगोंको कोई आशंका नहीं है । केवल हमारी छाती पर
कस्मात् यह बूट आ पड़ता है । हम लोगोको तो उससे वेदना
ती ही है पर यह बात नहीं है कि उसमे उस बूट पहनकर चलने-
लेकी कोई हानि न होती हो । लेकिन अगरेज सब स्थानों पर
गरेज ही हैं; वे कहीं अपना बूट उतारकर जाने आनेके लिये तैयार
हीं हैं ।

आयर्लैण्डके साथ अँगरेजोंका जो झगड़ा खड़ा हुआ है, हमारे लिये
सका जिक्र करनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। अर्थात भारत-
र्षमें भी यह बात देखी जाती है कि अँगरेजोंके साथ अँगरेजी शिक्षि-
ोंकी अनबन धीरे धीरे होती ही जा रही है । छोटेसे छोटा अवसर
ाकर भी दोनोंमेंसे कोई दूसरेको छोड़ना नहीं चाहता । ईटके बद-
ेमें पत्थर मारा जा रहा है ।

यह बात नहीं है, कि हम लोग सभी अवसरों पर सुविचारपूर्वक
त्थर फेंकते हों । अधिकांश अवसरों पर हम लोग अंधकारमें ही
ढेला मारते हैं । यह बात अस्वीकृत नहीं की जा सकती कि हम लोग
अपने समाचारपत्रों आदिमें अनेक अवसरों पर अन्यायपूर्ण ही झगड़ा
करते है और विना जड़का टंटा-बखेड़ा खड़ा कर लेते हैं ।

लेकिन इन सब बातोंका स्वतत्र रूपसे विचार करनेकी आवश्य-
कता नहीं है । उनमेंसे कोई बात सत्य और कोई झूठ, कोई न्याय-
युक्त और कोई अन्याययुक्त हो सकती है । वास्तविक विचारणीय
विषय यह है कि आजकल इस प्रकार ईटें और पत्थर चलानेकी प्रवृत्ति

इसमें अँगरेजोंका दोष है। वे किसी प्रकार घरमें (ठिकानेपर) ना ही नहीं चाहते। किन्तु दूर ही दूरसे, बाहर ही बाहरसे, सब शरीरका स्पर्श आदि तक भी बचाकर मनुष्यके साथ किसी प्रकारका व्यवहार नहीं किया जा सकता। आदमी जितना ही अधिक दूर रहता उसको विफलता भी उतनी ही अधिक होती है। मनुष्य कोई जड़ यन्त्र तो है ही नहीं, जो वह बाहरसे ही पहचान लिया जा सके। यहाँ तक कि इस पतित भारतवर्षके भी एक हृदय है और उस हृदयको उसने अपने अँगरखेकी आस्तीनमें नहीं लटका रक्खा है।

जड़ पदार्थको भी विज्ञानकी सहायतासे बहुत अच्छी तरह पहचानना पड़ता है और तभी जाकर जड़ प्रकृतिपर पूर्ण रूपसे अधिकार किया जा सकता है। इस संसारमें जो लोग अपने स्थायी प्रभावकी रक्षा करना चाहते हैं उनके लिये अन्यान्य अनेक गुणोंके साथ साथ एक इस गुणका होना भी आवश्यक है कि वे मनुष्योंको बहुत अच्छी तरहसे पहचान सकें, उनके हृदयके भाव समझ सकें। मनुष्यके बहुत ही पास पहुँचनेके लिये जिस क्षमताकी आवश्यकता होती है वह क्षमता बहुत ही दुर्लभ है।

अँगरेजोंमें बहुत सी क्षमताएँ हैं किन्तु यही क्षमता नहीं है। वे बल्कि उपकार करनेसे पीछे न हटेंगे किन्तु किसी प्रकार मनुष्यके पास जाना न चाहेंगे। वे किसी न किसी प्रकार उपकार करके चटपट अपना पीछा छुड़ा लेंगे और तब क्लबमें जाकर शराब पीएँगे, बिलियर्ड खेलेंगे और जिसके साथ उपकार करेंगे उसके सम्बन्धमें अवज्ञाविषयक विशेषणोंका प्रयोग करते हुए उसके विजातीय शरीरको यथासाध्य अपने मनसे दूर कर देंगे।

यह लोग दया नहीं करते केवल उपकार करते हैं, स्नेह नहीं करते केवल रक्षा करते है, श्रद्धा नहीं करते वल्कि न्यायानुसार आचरण करनेकी चेष्टा करते हैं; जमीनको पानीसे नहीं सींचते पर हाँ, ढेरके ढेर बीज बोनेमें कंजूसी नहीं करते।

लेकिन ऐसा करने पर यदि यथेष्ट कृतज्ञताके पौधे न उगें तो क्या उस दशामें केवल जमीनको ही दोष दिया जायगा? क्या यह नियम विश्वव्यापी नहीं है कि यदि हृदयके साथ काम न किया जाय तो हृदयमें उसका फल नहीं फलता?

हमारे देशके शिक्षित-सम्प्रदायके बहुतसे लोग प्राणपणसे इस बातको प्रमाणित करनेकी चेष्टा करते है कि अँगरेजोंने हम लोगोंके साथ जो उपकार किये हैं वे उपकार नहीं हैं। हृदयशून्य उपकारको ग्रहण करके वे लोग अपने मनमे किसी प्रकारके आनन्दका अनुभव नहीं कर सकते। वे लोग किसी न किसी प्रकार उस कृतज्ञताके भारसे मानों अपने आपको मुक्त करना चाहते हैं। इसी लिये आजकल हमारे यहाँके समाचारपत्रोंमें और बातचीतमें अँगरेजोंके सम्बन्धमें अनेक प्रकारके कुतर्क दिखाई देते है।

कहनेका तात्पर्य यह है कि अँगरेजोंने अपने आपको हम लोगोंके लिये आवश्यक तो कर डाला है लेकिन अपने आपको प्रिय बनानेकी आवश्यकता नहीं समझी। वे हम लोगोंको पथ्य तो देते है परन्तु उस पथ्यको स्वादिष्ट नहीं बना देते और अन्तमें जब उसके कारण कै हो जाती है तब व्यर्थ आँखें लाल करके गरज उठते हैं।

आजकलका अधिकांश आन्दोलन मनके गूढ क्षोभसे ही उत्पन्न। इस समय प्रत्येक ही बात दोनों पक्षोंकी हार जीतकी बात हो है। जिस अवसर पर केवल दो चार मुलायम बातें कहनेसे ही

हुत अच्छा काम हो सकता हो वहाँ हम लोग तीव्र भाषामें आग ालने लग जाते हैं और जिस अवसर पर किसी साधारण अनुरोधके ालन करनेमें कोई विशेष हानि नहीं होती उस अवसर पर भी दूसरा क्ष विमुख हो जाता है।

किन्तु सभी बड़े अनुष्ठान ऐसे होते है कि उनमे विना पारस्परिक द्भावके काम नहीं चलता। पचीस करोड़ प्रजाका अच्छी तरह शासन रना कोई सहज काम नहीं है। जब कि इतनी बड़ी राजशक्तिके ाथ कारबार करना हो तब संयम, अभिज्ञता और विवेचनाका होना ावश्यक है। गवर्नमेण्ट केवल इच्छा करके ही सहसा कोई काम नहीं र सकती। वह अपने बड़प्पनमें डूबी हुई है, अपनी जटिलतासे कड़ी हुई है। यदि उसे जरा भी कोई काम इधरसे उधर करना हो ो उसे बहुत दूरसे बहुतसी कलें चलानी पड़ती हैं।

हमारे यहाँ एक और बड़ी बात यह है कि ऐंग्लोइंडियन और भारतवासी इन दो अत्यन्त असमान सम्प्रदायोंका ध्यान रखते हुए सब काम करना पड़ता है। बहुतसे अवसरोंपर दोनोंके स्वार्थ परस्पर विरोधी होते हैं। राज्यतंत्रका चालक इन दो विपरीत शक्तियोंमेंसे किसी एककी भी उपेक्षा नहीं कर सकता और यदि वह उपेक्षा करना चाहे तो उसे विफल होना पड़ता है। हम लोग जब अपने मनके अनुसार कोई प्रस्ताव करते हैं तब अपने मनमें यही समझते हैं कि गवर्नमेण्टके लिये मानों ऐंग्लोइंडियनोंकी बाधा कोई बाधा ही नहीं है। लेकिन सच पूछिए तो शक्ति उन्हींकी अधिक है। प्रबल शक्तिकी अव-हेला करनेसे किस प्रकार संकटमें पड़ना पड़ता है इसका परिचय एल्बर्ट बिलके विषयमें मिल चुका है। यदि कोई मद और स्वार्थके पथमें भी रेलगाड़ी चलाना चाहे तो भी उसे पहले यथोचित उपायसे निर्दि

ही चलेंगे। क्योंकि यदि हम ऐसा प्रण करेंगे तो कदाचित समुद्रतक भी पहुँच सकेंगे। उस स्थानपर तालाबके किनारे किनारे घूमकर ही आगे बढ़ना अच्छा होगा। अपनी राजनीतिक समुद्रमें पहुँचनेके लिये भी जहाँ कि हमारे लिये अच्छे अच्छे पकवान और बढ़िया बढ़िया मिठाइयाँ आदि रक्खी हुई हैं हमें अनेक प्रकारकी बाधाओंको अनेक उपायोंसे दूर करके आगे बढ़ना पड़ेगा। जिस स्थानपर केवल लाँघनेसे काम चल सकता हो वहाँ तो हमें लाँघना चाहिए और जहाँ लाँघनेका सुभीता न हो वहाँ हमें संयमित होकर और अहंकार न बैठ जाना चाहिए, वहाँ घूमकर ही आगे बढ़ना चाहिए।

दिल्लगीमें हमारा मतलब कपटाचरण नहीं है। उसका वास्तविक मर्म यही है कि अपनी व्यक्तिगत हृदय-वृत्तिके कारण मनुष्य अकस्मात् विचलित न हो जाय और कार्यका नियम तथा समयका सुयोग समझकर काम करे।

लेकिन हम लोग उस मार्गसे होकर नहीं चलते। काम हो चाहे न हो पर हम लोग बात एक भी नहीं छोड़ सकते। इससे केवल यही नहीं होता कि हम लोगोंकी अनभिज्ञता और अविवेचना प्रकट होती है बल्कि यह भी प्रकट होता है कि काम करनेकी अपेक्षा हम लोग हुल्लड़ मचाना, वाहवाही लेना और अपने मनका गुबार निकालना ही अधिक चाहते हैं। जब इन सब बातोंका हमें कोई सुयोग मिलता है तब हम लोग इतने प्रसन्न हो जाते हैं कि हम लोगोंको यह भी याद नहीं रह जाता कि इन सब बातोंसे हमारे वास्तविक कार्य्यकी कितनी हानि होती है। और अप्रिय भर्त्सनाके उपरान्त उचित प्रार्थनाको स्वीकृत या पूर्ण करनेमें भी गवर्नमेण्टके मनमें दुविधा हो जाती है और सब पीछेसे प्रजाकी स्पर्द्धा बढ़ने लगती है।

इसका मुख्य कारण यह है कि मनमें एक प्रकारका असद्भाव उत्पन्न हो गया है और वह असद्भाव दिनपर दिन बढ़ता ही जाता है जिसके कारण दोनों पक्षोंका कर्त्तव्यपालन धीरे धीरे कठिन होता जा रहा है। राजा और प्रजाकी दिनरातकी यह कलह देखनेमें भी अच्छी नहीं मालूम होती। गवर्नमेण्ट भी बाहरसे देखनेसे चाहे जैसी जान पड़े पर फिर भी यह विश्वास नहीं होता कि वह मन ही मन इस सम्बन्धमें उदासीन होगी। लेकिन इसका उपाय क्या है? हजार हो ब्रिटिश-चरित्र फिर भी तो मनुष्य-चरित्र ही है।

यदि विचारपूर्वक देखा जाय तो जान पड़ेगा कि इस समस्याकी मीमांसा सहज नहीं है।

सबसे पहला संकट तो वर्णके कारण है। शरीरका वर्ण जिस प्रकार धो-पोंछकर दूर नहीं किया जा सकता उसी प्रकार मनसे वर्ण-सम्बन्धी संस्कारका हटाना भी बहुत ही कठिन है। गोरे रंगवाले आर्य लोग हजारों वर्षोंसे काले रंगको घृणाकी दृष्टिसे देखते आए हैं। इस अवसरपर वेदोंके अँगरेजी अनुवाद एवं इन्साइक्लोपीडियासे इस सम्बन्धके अध्याय, सूत्र और पृष्ठसंख्यासमेत उत्कट प्रमाण देकर मैं पाठकोंके साथ निष्ठुरताका व्यवहार नहीं करना चाहता। जो बात है वह सभी लोग समझते हैं। गोरे और कालेमें उतना ही अन्तर है जितना कि दिन और रातमें है। गोरी जाति दिनके समान सदा जाग्रत रहती है और कर्म्मशील तथा अनुसन्धानशील है; और काली जाति रातके समान निश्चेष्ट और कर्महीन है और स्वप्न देखती हुई सो रही है। इस प्रकृतिमें यदि हो तो रात्रिके समान कुछ गम्भीरता, मधुरता, . . , करुणा और घोर आत्मीयताका भाव हो सकता है। पर दुर्भा-. व्यस्त और चंचल गोरोंको उसका आविष्कार करनेका अवसर

नहीं है और साथ ही उनके नजदीक इसका कोई यथेष्ट मूल्य भी नहीं है। यदि उन लोगोंसे यह बात भी कही जाय कि काली गऊके स्तनमेंसे भी सफेद ही दूध निकलता है और भिन्न वर्णोंमें परस्पर हृदयकी भारी एकता होती है तो भी इस कहनेका कोई फल नहीं है । लेकिन ये सब ओरिएण्टल (Oriental) उपमाएँ देनेकी आवश्यकता नही है। कहनेका तात्पर्य यही है कि कालोंको देखते ही गोरी जातिका मन विना कुछ विमुख हुए रह ही नहीं सकता ।

और फिर वस्त्र, आभूषण, अभ्यास, आचार आदि सभी बातोंमें ऐसी विसदृशता है जो हृदयको केवल चोट ही पहुँचाया करती है ।

ये सब तर्क भी व्यर्थ ही हैं कि शरीरको आधा ढाँककर और आधा नंगा रखकर भी मनके अनेक सद्गुणोंका पोषण किया जा सकता है। मानसिक गुण कुछ छायाप्रिय कोमल जातिके पौधोंके समान नहीं है और विना जीन या बनातसे ढँके दूसरे उपायोंसे भी उनकी रक्षा की जा सकती है । यह तर्ककी बात नहीं है बल्कि संस्कारकी बात है ।

यदि दोनों जातियां बहुत ही पास पास और हिल-मिलकर रहें तो इस संस्कारका बल बहुत कुछ कम हो सकता है; परन्तु कठिनता तो यही है कि यह संस्कार ही किसी एकको दूसरेके निकट नहीं जाने देता। जिन दिनों स्टीमर नहीं थे और सारे आफ्रिकाकी परिक्रमा करके पालवाले जहाज बहुत दिनोंमें भारतसे चलकर विलायत पहुँचते थे उन दिनों अँगरेज लोग भारतवासियोंके साथ कुछ अधिक घनिष्टता रखते थे । लेकिन आजकल साहब बहादुर तीन ही महीनेकी छुट्टी पाते ही चटपट इंग्लैण्ड भाग जाते हैं और भारतकी जो धूल उनपर पड़ी होती है वह सब वहां धो आते हैं । और फिर इधर भारतवर्षमें भी उनका

आत्मीय समाज बराबर धीरे धीरे बढ़ता ही जाता है इसीलिये उन लिये यह काम बहुत ही सहज हो गया है कि जिस देशको उ लोगोंने जीता है उस देशमें रहकर भी वे यथासंभव न रहनेवालोंके बर बर हो जायं और जिस जातिका वे शासन करते हैं उस जातिके सा प्रेम न करके भी बराबर अपना काम करते रहें। जिस तरह लोग दिनभ दफ्तरमें बैठकर काम करते और सन्ध्या समय घर जाकर आनन्दसे भोजन करते हैं उसी प्रकार हजार कोस दूरसे समुद्रपार करके एव सम्पूर्ण विदेशी राज्य यहां आता और अपना काम करके फिर समु पार करता हुआ अपने घर चला जाता है और वहाँ आनन्द करत है। भला इतिहासमें कहीं ऐसा और भी कोई दृष्टान्त है?

अँगरेजोंके लिये हम लोग यों ही विदेशी हैं। हम लोगोंका रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श अँगरेजोंको स्वभावतः ही अरुचिकर होता है। तिसपर बीचमें एक और बात पैदा हो जाती है। ऐंग्लो-इंडियन-समाज इस देशमें जितना ही प्राचीन होता जाता है उतना ही उनके कितने ही लोकव्यवहार और जनश्रुति क्रमशः बद्धमूल होती जाती हैं। यदि कोई अँगरेज अपनी स्वाभाविक उदारता और सहृदयताके कारण बाहरी बाधाओंको दूर करके हम लोगोंके अन्तरमें प्रवेश करनेके लिये मार्ग निकाल सकता है और हम लोगोंको अपने अन्तरमें आह्वान करनेके लिये द्वार खोल सकता है तो वह यहाँ आते ही अँगरेज-समाजके जालमें फँस जाता है। उस समय उसका निजका स्वाभाविक संस्कार उसकी जातिके समाजके बहुतसे एकत्र संस्कारोंमें मिल जाता है और एक अलंघ्य बाधाका स्वरूप धारण कर लेता है। पुराने विदेशी किसी नए विदेशीको हम लोगोंके पास नहीं आने देते और उसे अपने दुर्गम समाज-दुर्गमें बन्द कर रखते हैं।

स्त्रियाँ समाजके लिये शक्तिस्वरूप होती हैं। यदि स्त्रियाँ चाहें तो वे दो विरोधी पक्षोंको परस्पर मिला सकती हैं। किन्तु दुर्भाग्यवश वे स्त्रियाँ ही सबसे बढ़कर इन संस्कारोंके वशमें हैं। हम लोगोंको देखते ही उन ऐंग्लो-इंडियन स्त्रियोंके स्नायुओंमें विकार और सिरमें दर्द होने लगता है। इसके लिये हम उन लोगोंको क्या दोष दें, यह हम लोगोंके भाग्यका ही दोष है। विधाताने हम लोगोंको ऐसा बनाया ही नहीं कि हम लोग पूरी तरह उन्हें पसन्द आते।

इसके बाद हम लोगोंके बीचमें आकर अँगरेज लोग जिस प्रकार हम लोगोंके सम्बन्धमें बातचीत करते हैं, बिना कुछ भी परवाह किए हम लोगोंके सम्बन्धमें जिन सब विशेषणोंका प्रयोग करते हैं और हम लोगोंको बिना पूर्ण रूपसे जाने ही हम लोगोंकी जो शिकायतें और निन्दायें किया करते हैं, प्रत्येक साधारण बातमें भी हम लोगोंके प्रति उनका जो बद्धमूल अप्रेम प्रकट होता है, उस सबको कोई नया आया हुआ अँगरेज धीरे धीरे अपने अन्तःकरणमें स्थान दिए बिना रह ही नहीं सकता।

हम लोगोंको यह बात स्वीकृत करनी ही पड़ेगी कि कुछ ईश्वरीय बातोंके कारण ही हम लोग अँगरेजोंकी अपेक्षा बहुत दुर्बल हैं और अँगरेज लोग हम लोगोंका जो असम्मान करते हैं उसका हम लोग किसी प्रकार कोई प्रतिकार कर ही नहीं सकते। जो स्वयं अपने सम्मानका उद्धार नहीं कर सकता उसका इस ससारमें कहीं सम्मान नहीं होता। जब विलायतसे कोई नया आया हुआ अँगरेज यहाँ आकर देखता है कि हम लोग चुपचाप सारा अपमान सहते रहते हैं तब हम लोगोंके सम्बन्धमें उसे कुछ भी श्रद्धा नहीं रह सकती।

ऐसी दशामें उन्हें यह बात कौन समझाने जायगा कि हम लोग अपमानके सम्बन्धमें उदासीन नहीं हैं बल्कि हम लोग दरिद्र हैं और

करना और हम लोगोंका उपकार करना भी उन लोगोंके लिये उतना ही अधिक दुस्साध्य होता जायगा। भारतवासियोंकी निरन्तर निन्दा और उनके प्रति अवज्ञा प्रकट करके अँगरेजी समाचारपत्र भारतवर्षके शासनका कार्य्य और भी कठिन करते जा रहे हैं। और हम लोग अँगरेजोंकी निन्दा करके केवल अपने निरुपाय असंतोषकी ही वृद्धि कर रहे हैं।

अबतक भारत पर अधिकार रखनेके सम्बन्धमें जो अभिज्ञता उत्पन्न हुई है उससे यह बात निश्चयात्मक रूपसे मालूम हो गई है कि अँगरेजोंके लिये डरनेका कोई कारण नहीं है। जब आजसे डेढ़ सौ वर्ष पूर्व ही इस प्रकार डरनेका कोई कारण नहीं था तब आजकलका तो कुछ कहना ही नहीं है। राज्यमें जो लोग उपद्रव मचा सकते थे अब उनके नाखून और दाँत नहीं रह गए और अभ्यासके अभावके कारण वे लोग इतने अधिक निर्जीव हो गए हैं कि स्वयं भारतवर्षकी रक्षा करनेके लिये सेना तैयार करना ही क्रमशः बहुत कठिन होता जा रहा है। लेकिन फिर भी अँगरेज लोग सेडिशन या राजद्रोहका दमन करनेके लिये सदा तैयार रहते है। इसका एक कारण है। वह यह कि प्रवीण राजनीतिज्ञ किसी अवस्थामें भी सतर्कताको शिथिल नहीं होने देते। जो सावधान रहता है उसका विनाश नहीं होता।

अतः बात केवल इतनी ही है कि अँगरेज लोग बहुत अधिक साव- हैं। लेकिन दूसरी ओर अँगरेज यदि क्रमशः भारतद्रोही होते तो राजकार्य्यमें वास्तविक विघ्नोंका उत्पन्न होना सम्भव है। उदासीन भावसे भी कर्त्तव्यपालन किया जा सकता है; जहाँ आन्तरिक विद्वेष हो वहाँ कर्त्तव्यपालन करना मनुष्यशक्ति के बाहर है।

यदि अमानुषिक शक्तिकी सहायतासे सब कर्त्तव्योंका ठीक ठीक पालन हुआ करे तो भी वह आन्तरिक विद्वेष प्रजाको पीड़ित करता रहता है। इसका कारण यह है कि जिस प्रकार जलका धर्म्म अपना समतल ढूँढना है उसी प्रकार मनुष्यके हृदयका धर्म्म अपना सम ऐक्य ढूँढना है। यहाँतक कि प्रेमके सूत्रसे वह ईश्वर तकके साथ अपना ऐक्य स्थापित करता है। जिस स्थानपर वह अपने ऐक्यका मार्ग नहीं पाता उस स्थानपर और जितने प्रकारकी सुविधाएँ होती हैं वे सब बहुत ही क्लिष्ट हो जाती हैं। मुसलमान राजा अत्याचारी होते थे लेकिन उनके साथ बहुतसी बातोंमें हम लोगोंकी समकक्षताकी समानता थी। हम लोगोंके दर्शन और काव्य, हम लोगोंकी कला और विद्या और हम लोगोंकी बुद्धिवृत्तिमें राजा और प्रजाके बीचमें आदान-प्रदानका सम्बन्ध था। इसलिये मुसलमान हम लोगोंको पीड़ित तो कर सकते थे लेकिन वे हम लोगोंका असम्मान नहीं कर सकते थे। मन मनमें हम लोगोंके आत्मसम्मानका कोई लाघव न था—उसमें कोई कमी न थी। क्योंकि श्रेष्ठता केवल बाहुबलके द्वारा कभी किसी प्रकार दबाई ही नहीं जा सकती।

किन्तु हम लोग अँगरेजोंकी रेलगाड़ी, कल-कारखाने और राज्य-शृंखला देखते हैं और चकित होकर सोचने लगते हैं कि ये लोग सब दानवके वंशज हैं—ये लोग बिलकुल स्वतंत्र हैं, इन लोगोंके लिये कोई बात असम्भव नहीं है। बस यही समझकर निश्चिन्त भावसे हम लोग रेलगाड़ीपर सवार होते हैं, सस्ते दामपर कलोंका बना हुआ माल खरीदते हैं और सोचते हैं कि अँगरेजोंके राज्यमें हम लोगोंको न तो कुछ करनेकी आवश्यकता है न चिन्ता करनेकी आवश्यकता है और न कोई उद्योग करनेकी आवश्यकता है—केवल इतना है कि सड़े

हम लोगोंसे जो कुछ डाकू लोग छीन लिया करते थे वह अब पुलि
और वकील दोनों मिलकर ले लेते हैं।

इस प्रकार मनका एक भाग जितना निश्चित निश्चेष्ट होता
उसके दूसरे भागपर उतना ही अधिक भारी बोझ मालूम होता है।
खाद्यरस और पाकरसके मिलनेसे भोजनका परिपाक होता है। अँग
जोंकी सभ्यता हम लोगोंके लिये खाद्यमात्र है किन्तु उसमें पाक
बिलकुल अभाव है। इस कारण हम लोगोंका मन अपने आपमें
पाकरस एकत्र नहीं कर सकता जो उस खाद्यके उपयुक्त हो। ह
लोग लेते तो हैं लेकिन पाते नहीं। हम लोग अँगरेजोंके सब कार्यों
फल तो भोगते हैं लेकिन हम उसे अपना नहीं कर सकते और उ
अपना करनेकी आशा भी बराबर नष्ट होती जाती है।

राज्य जीतनेसे गौरव और लाभ होता है। यदि राज्यका अच्छ
तरह शासन किया जाय तो उससे धर्म और अर्थ होता है। तो क्
राजा और प्रजाके हृदयोंमें मेल स्थापित करनेका कोई माहात्म्य न
है और उससे कोई सुभीता नहीं हो सकता? आजकलके भारतवर्ष
राजनीतिमें क्या यही विषय सबसे बढ़कर चिन्तनीय और आलोच
करने योग्य नहीं है?

प्रश्न केवल यही है कि यह सब काम कैसे हो? एक एक करके
यह दिखला ही दिया गया है कि राजा और प्रजाके बीचमें बड़ी
दुर्भेद्य, दुरूह और स्वाभाविक बाधाएँ खड़ी हैं। उन बाधाओंके लि
किसी किसी सहृदय अँगरेजको भी अनेक अवसरोंपर चिन्तित और
दुःखी होना पड़ता है। लेकिन फिर भी जो बात असम्भव हो, अथवा
असाध्य हो उसके लिये विलाप करनेका फल ही क्या हो सकता है!

लेकिन क्या कभी कोई बड़ा काम, कोई भारी अनुष्ठान सहजमें हुआ है ? इसी भारतवर्षको जीतने और उसका शासन करनेके लिये अँगरेजोंको जिन सब गुणोंकी आवश्यकता हुई है क्या वे सब गुण सुलभ हैं ? वह साहस, वह अदम्य अध्यवसाय, वह त्याग-स्वीकार क्या थोड़ी साधनाका फल है ? और पचीस करोड़ विदेशी प्रजाके हृदयपर विजय प्राप्त करनेके लिये जिस दुर्लभ सहृदयताकी आवश्यकता होती है क्या वह सहृदयता साधना करनेके योग्य नहीं है ?

बहुतसे अँगरेज कवियोंने यूनान, इटली, हंगरी और पोलैण्डके दुःखोंसे दुखी होकर अश्रुमोचन किया है । यद्यपि हम लोग उतने अश्रुपातके अधिकारी नहीं हैं लेकिन आजतक महात्मा एडविन् आर्नल्डके अतिरिक्त और किसी अँगरेज कविने किसी अवसरपर भारतवर्षके प्रति अपनी प्रीति व्यक्त नहीं की। बल्कि यह सुना है कि निःसम्पर्क फ्रान्सके कुछ बड़े कवियोंने भारतवर्षके सम्बन्धमें कुछ कविताएँ की हैं। इससे अँगरेजोंकी जितनी अनात्मीयता प्रकट हुई है उतनी और किसी बातसे नहीं हुई।

भारतवर्ष और भारतवासियोंके सम्बन्धमें आजकल बहुतसे अँगरेजी उपन्यास निकल रहे हैं। सुनते हैं आधुनिक ऐंग्लो-इंडियन लेखकोंमें रुड्यार्ड किप्लिंग सबसे बढ़कर प्रतिभाशाली लेखक हैं। उनकी भारतसम्बन्धी आख्यायिकाओं पर अँगरेज पाठक बहुत मुग्ध हैं। उनकी सारी रचना पढ़कर उनके एक अनुरक्त भक्त अँगरेज कविके मनमें जो धारणा हुई है वह हमने लिखी हुई देखी है। किप्लिंगकी रचनाकी समालोचना करते हुए ऐडमण्ड गस्ने लिखा है—"इन सब आख्यायिकाओंको पढ़नेसे यही मालूम होता है कि भारतवर्षकी छावनियां जनहीन, वालुका-समुद्रके बीचमें एक एक द्वीपके समान हैं। चारों

और भारतवर्षकी असीम मरुभूमि है। यह मरुभूमि अत्यन्त तापहित और बहुत विशाल है। इसमें केवल काले आदमी कुत्ते, पठान, हरे रंगके तोते, चील्ह, मगर और घासके लम्बे निर्जन क्षेत्र हैं। इस मरु-समुद्रके बीचवाले टापुओंमें थोड़े पुरुष विधवा महारानीका काम करने और उनके अत्यन्त देशीय धनसम्पत्तिपूर्ण जंगली साम्राज्यकी रक्षा करनेके लिए इंग्लैण्डसे भेजे हुए आए और बैठे हैं।" अँगरेज द्वारा खींचा भारतवर्षका यह शुष्क और शोभाहीन चित्र देखकर मन निराशा और विषादसे भर जाता है। हम लोगोंका भारतवर्ष तो ऐसा नहीं है लेकिन क्या अँगरेजोंके भारतवर्ष और हम लोगोंके भारतवर्षमें इन अन्तर है ?

परन्तु आजकल ऐसे प्रबन्ध प्रायः देखे जाते हैं जिनमें भारतवर्ष साथ स्वार्थ-सम्पर्ककी बातें होती हैं। इंग्लैण्डकी जनसंख्याके प्रति वर्ष बढ़नेके कारण वहाँ खाने-पीनेकी चीजोंका अभाव क्रमशः किस बढ़ता जाता है और भारतवर्ष उस अभावकी कहाँतक पूर्ति करता और विलायती माल मँगाकर बहुतसे विलायती मजदूरोंको काम दे किस प्रकार उनकी जीविकाका प्रबन्ध करता चलता है, इसकी सूचि खूब निकलती हैं।

अँगरेज लोग दिनपर दिन यही समझते जाते हैं कि भारतव... हम लोगोंकी राजकीय पशुशालामें सदासे पले हुए पशु हैं। वे लोग गौशालाको साफ रखते और घास-भूसेका प्रबन्ध करनेमें कभी आलस्य नहीं करते। इस अस्थावर सम्पत्तिकी रक्षाके लिये उनका प्रयत्न सदा होता रहता है। ये पशु कभी कोई बदमाशी न कर बैठें इस विचारसे वे उनके सींग घिस देनेसे भी उदासीन नहीं रहते और सवेरे सन्ध्या

दूध दूहनेके समय वे दुबले पतले बछड़ोंको भी एकदमसे वंचित नहीं करते। लेकिन फिर भी दिनपर दिन स्वार्थका सम्पर्क ही बराबर बढ़ता जा रहा है। इन सब प्रबन्धोंमें प्रायः एक ही समय भारतवर्षके साथ साथ अँगरेजी उपनिवेशोंके सम्बंधकी बातें भी दे दी जाती हैं। लेकिन दोनोंके सुरोंमें कितना भेद होता है। उपनिवेशोंके प्रति कितना प्रेम और कितना उत्तम भ्रातृभाव दिखलाया जाता है। उनके सम्बन्धमें तो किस प्रकार बार बार कहा जाता है कि यद्यपि वे लोग मातृभूमिसे अलग हो गए हैं तथापि माताके प्रति अबतक उनमें अचला भक्ति है—वे लोग रक्तसंबंधको भूल नहीं सके हैं। अर्थात् जब उनका जिक्र होता है तब स्वार्थके साथ साथ प्रेमपूर्ण बातोंका उल्लेख करना भी आवश्यक होता है। परन्तु इस बातका कहीं कोई आभास मात्र भी नहीं रहता कि हतभाग्य भारतवर्षका भी कहीं कोई हृदय है और उस हृदयके साथ कहीं न कहींसे थोड़ासा सम्बन्ध रहना आवश्यक है। हाँ केवल हिसाब किताबके समय श्रेणीबद्ध अंकोंके द्वारा भारतवर्ष निर्दिष्ट होता है। इंग्लैण्डके प्रैक्टिकल लोगोंके सामने भारतवर्षका गौरव केवल मनके हिसाबसे, सेरके हिसाबसे, रुपएके हिसाबसे और शिकारके हिसाबसे है। समाचारपत्रों और मासिकपत्रोंके लेखक लोग क्या इंग्लैण्डको केवल इसी शुष्क पाठका अभ्यास करावेंगे? भारतवर्षके साथ यदि उनका केवल स्वार्थसम्बन्ध ही दृढ़ हो तो जो श्यामांगिनी गऊ आज दूध दे रही है सम्भव है कि गोपकुलकी बेहिसाब वंशवृद्धि और क्षुधावृद्धिके कारण कल ही उसकी पूँछ खुर तक और घिसकर गायब हो जायँ। केवल स्वार्थका ही ध्यान रक्खा जाता है इसीलिये लैंकाशायरने तो निरुपाय भारतवर्षके सूतपर महसूल लगा दिया है और अपना माल वह बिना महसूलके ही चलान कर रहा है।

हम लोगोंका देश भी वैसा ही है। जैसी धूप वैसी ही धूल। जैसी रूह वैसे ही फरिश्ते। साहब लोग बिना पंखेकी हवा खाए और बरफका पानी पीए जीते नहीं रह सकते। लेकिन दुर्भाग्यवश यहाँके पंखे-कुली रुग्ण-प्लीहा यातापतिल्ली लेकर सो जाते हैं और बरफ सब जगह सहजमें मिल नहीं सकता। अँगरेजोंके लिये भारतवर्ष रोग, शोक, स्वजन-विच्छेद और निर्वासनका देश है। इसलिये उन्हें बहुत अधिक वेतन लेकर इन सब त्रुटियोंकी पूर्ति कर लेनी पड़ती है। लेकिन कम्बख्त एक्सचेञ्ज (Exchange) उसमें भी झगड़ा खड़ा करना चाहता है। अँगरेजोंको स्वार्थसिद्धिके अतिरिक्त भारतवर्ष और क्या दे सकता है !

हाय ! हतभागिनी भारतभूमि ! तुम्हें तुम्हारा स्वामी पसन्द न आया। तुम उसे प्रेमके बन्धनमें न बाँध सकीं। लेकिन अब ऐसा काम करो जिससे उसकी सेवामें त्रुटि न हो। उसको बहुत यत्नसे पंखा झलो, उसके लिये खसका परदा टँगवाकर उसपर पानी छिड़को जिसमें वह अच्छी तरह स्थिर होकर दो घड़ी तुम्हारे घर बैठ सके। खोलो, अपने सन्दूक खोलो। तुम्हारे पास जो कुछ गहने आदि हों उन्हें बेच डालो और अपने स्वामीको भरपेट भोजन कराओ और भरजेब दक्षिणा दो। तो भी वह तुमसे अच्छी तरहसे न बोलेगा, तो भी वह नाराज ही रहेगा और तो भी तुम्हारे मैकेकी निन्दा ही करेगा। आजकल तुमने लज्जा छोड़कर मान अभिमान करना आरम्भ किया है। तुम झनककर दो चार बातें कह बैठती हो। परन्तु यह व्यर्थका बकवाद करनेकी आवश्यकता नहीं। तुम मन लगाकर वही काम करो जिससे तुम्हारा विदेशी स्वामी सन्तुष्ट हो और आराममें रहे। तुम्हारा सदा बना रहे।

अँगरेज राजकवि टेनिसनने मरनेसे पहले अपने अन्तिम ग्रन्थमें सौभाग्यवश भारतवर्षका भी थोड़ासा स्मरण किया है।

कविवर टेनिसनने उक्त ग्रन्थमें 'अकबरका स्वप्न' नामकी एक कविता दी है। उस कवितामें अकबरने अपने प्रिय मित्रको रातका स्वप्न वर्णन करते हुए अपने धर्मका आदर्श और जीवनका उद्देश्य बतलाया है। अकबरने भिन्न भिन्न धर्मोंमें जो एकता तथा भिन्न भिन्न जातियोंमें प्रेम और शान्ति स्थापित करनेके लिये जो चेष्टा की थी, उसने स्वप्नमें देखा कि मेरे उत्तराधिकारियों तथा परवर्तियोंने उस चेष्टाको व्यर्थ तथा मेरे कार्योंको नष्ट कर दिया है। अन्तमें जिस ओर सूर्यास्त होता है उस ओर (पश्चिम) से विदेशियोंके एक दलने आकर उसके उस टूटे-फूटे और ढहे हुए मन्दिरको एक एक पत्थर चुनकर फिरसे प्रतिष्ठित कर दिया है और उस मन्दिरमें सत्य और शान्ति, प्रेम और न्यायपरताने फिरसे अपना सिंहासन स्थापित कर लिया है।

हम प्रार्थना करते हैं कि कविका यह स्वप्न सफल हो। आजतक इस मन्दिरके पत्थर आदि तो चुने गए हैं। बल, परिश्रम और निपुणताके द्वारा जो कुछ काम हो सकता है उसे करनेमें भी किसी प्रकारकी त्रुटि नहीं हुई है। लेकिन अभीतक इस मन्दिरमें समस्त देवताओंके अधि-देवता प्रेमदेवकी प्रतिष्ठा नहीं हुई है।

प्रेम वास्तवमें भावात्मक है, अभावात्मक नहीं। अकबरने समस्त धर्मोंका विरोध नष्ट करके प्रेमकी एकता स्थापित करनेकी जो चेष्टा की थी वह भावात्मक ही थी। उसने अपने हृदयमें एकताका एक आदर्श खड़ा किया था। उसने उदार हृदय लेकर श्रद्धाके साथ सब धर्मोंके अन्त-र्में प्रवेश किया था। वह एकाग्रता और निष्ठाके साथ हिन्दू मुसल-

जनीतिमें प्रेमनीतिके लिये कोई स्थान ही नही है । भारतवर्षके दो धान सम्प्रदायोंमें उन लोगोंने प्रेमके बीजकी अपेक्षा ईर्ष्याका बीज ी अधिक बोया है । सम्भव है कि ऐसा काम उन्होंने विना इच्छाके ी किया हो; लेकिन अकबरने प्रेमके जिस आदर्शको सामने रखकर टुकड़े टुकड़े भारतवर्षको एक करनेकी चेष्टा की थी वह आदर्श अँगरेजोंकी पालिसीमें नहीं है । इसीलिये इन दोनों जातियोंका स्वाभाविक विरोध घटता नहीं है बल्कि दिनपर दिन उसके बढ़नेके ही लक्षण दिखाई देते हैं । केवल कानूनके द्वारा केवल शासनके द्वारा दोनों एक नहीं किए जा सकते । दोनोंको एक करनेके लिये उनके अन्तरमें प्रवेश करनेकी आवश्यकता होती है, उनकी वेदना समझनी पड़ती है, यथार्थ रूपसे प्रेम करना पड़ता है, स्वयं पास आकर और दोनोंके हाथ पकड़कर मेल कराना होता है। यदि केवल पुलिस तैनात करके और हथकड़ी पहनाकर शान्ति स्थापित की जाय तो उससे केवल दुर्द्धर्ष या बहुत ही प्रबल बलका परिचय मिलता है । लेकिन अकबरके स्वप्नमें यह बात नहीं थी । सूर्यास्तभूमिके कवि लोग यदि व्यर्थका और मिथ्या अहंकार छोड़कर विनीत प्रेमके साथ गम्भीर आक्षेप करते हुए अपनी जातिको उसके दोष दिखलावें और प्रेमके उस उच्च आदर्शकी शिक्षा दें तो उनकी जातिकी भी उन्नति हो और इस आश्रितवर्गका भी उपकार हो । अँगरेजोंमें इस समय जो आत्माभिमान, अपनी सभ्यताका जो गर्व, अपनी जातिका जो अहंकार है, क्या वह यथेष्ट नहीं है ? कवि लोग क्या केवल उसी अग्निमें आहुति देंगे—उसीको बढ़ावेंगे । क्या अब भी नम्रताकी शिक्षा देने और प्रेमकी चर्चा करनेका समय नहीं आया ? सौभाग्यके सबसे ऊँचे शिखरपर चढ़कर क्या अब भी अँगरेज कवि केवल आत्मघोषणा ही करेंगे।

लेकिन जिस अवस्थामे हम लोग पड़े हुए हैं उसे देखते हुए हम लोगोंके मुँहसे ऐसी बातोंका निकलना कुछ शोभा नहीं देता। इसीलिये कहनेमें भी हमे लज्जा मालूम होती है। विवश होकर प्रेमकी भिक्षा करनेके समान दीनता और किसी बातमे नहीं है। और बीच बीचमें इस सम्बन्धमे हम लोगोंको दो चार उल्टी-सीधी बातें सुननी भी पड़ती है।

हमें याद आता है कि कुछ दिन हुए भक्तिभाजन प्रतापचन्द्र मजूमदार महाशयके एक पत्रके उत्तरमें लंडनके 'स्पेक्टेटर' नामक पत्रने लिखा था कि आजकलके बंगालियोंमें बहुतसे अच्छे लक्षण हैं; लेकिन उनमें एक दोष दिखाई पड़ता है। उनमें Sympathy (सहानुभूति) की लालसा बहुत बढ़ गई हैं।

हमें अपना यह दोष मानना पड़ता है और अबतक हम जिस प्रकार सब बातें कहते आए हैं उसमें बराबर जगह जगह इस दोषका प्रमाण मिलता है। अँगरेजोंसे अपना आदर करानेकी इच्छा हम लोगोंमें कुछ अस्वाभाविक परिमाणमें बढ़ गई है। लेकिन उसका कारण स्पेक्टेटरकी तरह स्वाभाविक अवस्थामें नहीं है। यह है कि हम लोग बहुत प्यासे होकर एक लोटा पानी माँगते हैं उस समय हमारे राजा चटपट हमारे सामने आधा बेल (फल) रखते हैं! किसी विशिष्ट समय पर आधा बेल बहुत कुछ उपकार हो सकता है, लेकिन उससे भूख और प्यास दोनों एक साथ ही नहीं हो सकती। अँगरेजोंकी सुनियमित और सुविचारित गवर्नमेंट बहुत उत्तम और उपादेय है, लेकिन उसमे प्रजाके हृदयकी तृष्णा मिट सकती बल्कि उल्टे जिस प्रकार बहुत अधिक गरिष्ठ भोजन

से प्यास बहुत बढ़ जाती है उसी प्रकार इस गवर्नमेण्टसे भी प्रजाके
हृदयकी तृष्णा और भी बढ़ जाती है। स्पेक्टेटर देश-देशान्तरके सब
प्रकारके भोज्य और पानीय पदार्थ बहुत अधिक परिमाणमें मँगाकर
परिपूर्ण डिनर (dinner) में बैठकर किसी तरह भी यह नहीं समझ
सकता कि उसके झरोखेसे बाहर रास्तेमे खड़े हुए ये विदेशी बंगाली
इस प्रकार भूखे कंगालोंकी तरहके भाव क्यों रखते हैं ?

लेकिन कदाचित् स्पेक्टेटर यह सुनकर प्रसन्न होगा कि उसकी
बहुत ही दुष्प्राप्य सहानुभूतिके अंगूर धीरे धीरे हम लोगोंके निकट भी
खट्टे होते जाते हैं। हम लोग बहुत देरतक लोलुपकी तरह ऊपर आँख
उठाकर देखते रहे हैं और अब अन्तमें धीरे धीरे घर लौटनेकी तैयारी
कर रहे हैं। हम लोगोंके इस चिर उपवासी और क्षुधित स्वभावमें भी
जो थोड़ा बहुत मनुष्यत्व बच गया था वह अब धीरे धीरे विद्रोही
होता जा रहा है।

हम लोगोंने यह कहना आरम्भ कर दिया है कि क्या तुम लोग
इतने श्रेष्ठ हो! तुम लोगोंने बहुत किया तो कल चलाना और तोप
बन्दूक छोड़ना सीखा है, लेकिन मनुष्यमें वास्तविक सभ्यता आध्यात्मिक
सभ्यता है और उस सभ्यतामें हम लोग तुमसे कहीं अधिक श्रेष्ठ हैं।
हम लोग तुम्हें अध्यात्मविद्या क ख ग घ से आरम्भ करके अच्छी
तरह सिखला सकते हैं। हम लोगोंको तुम जो कम सभ्य समझकर
अवज्ञा करते हो, यह तुम लोगोंकी अन्ध मूढ़ता है। तुम लोगोंमें हिन्दू
जातिकी श्रेष्ठता समझनेकी शक्ति ही नहीं है। हम लोग फिर आँखें
बन्द करके ध्यानमें बैठ जायँगे। अब हमने तुम्हारे युरोपकी मुखासक्त
चपल सभ्यताकी बाल-लीलाकी ओरसे अपनी दृष्टि हटा ली है और

दिया है उसके द्वारा हम लोगोंकी मुमूर्षु जीवनी शक्ति फिरसे सचेतन हो रही है। हम लोगोंके हृदयमें हम लोगोकी जो समस्त विशेष शक्ति अबतक अन्ध और जड़के समान होकर पड़ी हुई थी वह शक्ति नए प्रकाशमें फिरसे अपने आपको पहचानने लग गई है। स्वाधीन युक्ति, तर्क और विचारसे हम लोग मानो अपनी मानस-भूमिका फिरसे आविष्कार कर रहे है। दीर्घ प्रलय-रात्रिके अन्तमे अरुणोदय होनेपर हम लोग मानो अपने ही देशका आविष्कार करनेके लिये निकल खड़े हुए हैं। हम लोगोंने श्रुति, स्मृति, काव्य, पुराण, इतिहास और दर्शनके पुराने घने जंगलमें प्रवेश किया है। हम अपने पुराने छिपे हुए धनको नए सिरेसे प्राप्त करनेकी इच्छा करते हैं। हम लोगोंके मनमें शिक्षाका जो प्रतिघात हुआ है उसीने हम लोगोंको जोरसे फिर हमारी ही ओर फेंक दिया है। पहले आक्षेपमें हम लोग कुछ अन्धभावसे अपनी मिट्टी पकड़कर रह गये हैं—किन्तु आशा की जाती है कि एक दिन स्थिर भाव और शान्त चित्तसे अच्छे बुरेका विचार करनेका समय आवेगा और हमलोग इसी प्रतिघातसे यथार्थ गूढ शिक्षा और स्थायी उन्नति प्राप्त कर सकेंगे।

एक प्रकारकी स्याही होती है जो कुछ समयके उपरान्त कागजपर दिखलाई ही नहीं देती और अन्तमें जब उस कागजको कुछ आँच दिखलाते हैं तब वह स्याही फिर उठ आती है। पृथ्वीकी अधिकांश सभ्यता मानो उसी स्याहीसे लिखी हुई है। समय पाकर वह लुप्त हो जाती है और फिर शुभ संयोग पाकर नई सभ्यताके संबंधसे, नए जीवनके उत्तापसे उसका फिरसे उठआना असम्भव नहीं जान पड़ता। हम लोग तो यही आशा करके बैठे हैं और इसी बड़ी आशासे उत्साहित होकर हम लोग अपने प्राचीन पोथी पत्रे आदि लाकर उसी

उत्तापके पास रख रहे हैं। यदि उसके पहले अक्षर फिरसे उठ आवें तब तो संसारमें हमारे गौरवकी रक्षा हो सकती है और नहीं तो वृद्ध भारतकी इसीमें सद्गति है कि उसका जराजीर्ण शरीर सभ्यताकी जलती हुई चितामें डाल दिया जाय और वह लोकान्तरित तथा रूपान्तरित हो जाय।

हम लोगोंमें सर्वसाधारणके सम्मानभाजन एक सम्प्रदायके लोग हैं जो वर्त्तमान समस्याकी एक सहज मीमांसा करना चाहते हैं। उन लोगोंके भाव इस प्रकार हैं;—

बहुतसी बाहरी बातें ऐसी हैं जिनके कारण अँगरेजोंके साथ हम लोगोंका मेल नहीं हो सकता। यही बाहरी बातें सबसे पहले आँखों-पर आघात करती हैं और उससे विजातीय विद्वेषका सूत्रपात हो जाता है। इसलिये सबसे पहले उसी बाहरी विरोधको यथासम्भव दूर करना आवश्यक है। जो आचार व्यवहार और दृश्य बहुत दिनोंके अभ्यासके कारण सहजमें ही अँगरेजोंकी श्रद्धा आकृष्ट करते हैं, इस देशके लिये उन्हीं आचार-व्यवहारों और दृश्योंका प्रवर्त्तन करना लाभ-दायक है। वस्त्र, भूषण, भावभङ्गी, और यहाँ तक कि यदि भाषा भी अँगरेजी हो जाय तो दोनों जातियोंका मेल होनेमें जो बड़ाभारी भेद पड़ता है वह दूर हो जाय और हम लोगोंको अपने सम्मानकी रक्षा करनेका एक सहज उपाय मिल जाय।

हमारी समझमें यह बात ठीक नहीं है। बाहरी अनेकता लुप्त कर देनेमें सबसे बड़ी विपत्ति यह है कि उससे अनभिज्ञ दर्शकके मनमें एक झूठी आशाका संचार हो जाता है। और उस आशाकी रक्षा करनेके लिये छिपे तौरपर हमें झूठका शरणापन्न होना पड़ता

जहां थोड़ा बहुत अंगरेजी ठाठ बनाया जाता है वहाँ असमानता या वेढंगापन और भी अधिक स्पष्ट हो जाता है। उसका फल कुछ अधिक शोभायुक्त नहीं होता। इसी लिये रुचिपर दोहरा आघात होता है। अपने पुराने अभ्यासके कारण भारतवासियोंके निकट आकृष्ट होनेमें अँगरेज मनमें यही समझते हैं कि यह बड़ा अन्याय हो रहा है—ठगे जा रहे हैं और इस कारण उनका मन दूने वेगसे प्रतिहत होता है।

आधुनिक जापान युरोपीय सभ्यताका ठीक ठीक अनुयायी हो गया है। उसकी शिक्षा केवल बाहरी शिक्षा नहीं है। कल-कारखाने, शासन-प्रणाली, विद्या-विस्तार आदि सभी काम वह स्वयं अपने हाथोंसे चलाता है। उसकी पटुता देखकर युरोप विस्मित होता है और उसे ढूँढ़नेपर भी कहीं कोई त्रुटि नहीं मिलती। लेकिन फिर भी युरोप अपने विद्यालयके इस सबसे बड़े छात्रको विलायती वेश-भूषा और आचार-व्यवहारका अनुकरण करते हुए देखकर विमुख हुए विना नहीं रह सकता। जापान अपनी इस अद्भुत कुरुचि, इस हास्यजनक असंगतिके सम्बन्धमें स्वयं विलकुल अन्धा है। किन्तु युरोप इस छद्म-वेशी एशियावासीको देखकर मनमें बहुत कुछ श्रद्धा रखनेपर भी विना हँसे हुए नहीं रह सकता।

और फिर क्या हम लोग युरोपके साथ और समस्त विषयोंमें इतने अधिक एक हो गए हैं कि बाहरी अनेकता दूर करते ही असंगति नामक बहुत बड़ा रुचिदोष न होगा?

यह तो हुई एक बात, दूसरी बात यह है कि इस उपायसे लाभ गया चूल्हेमें उल्टे मूल धनकी ही हानि होती है। अँगरेजोंके साथ अनेकता है यह तो है ही, दूसरे अपने देशवासियोंके साथ भी

अनेकता सूचित होती है। आज यदि हम अंगरेजोंकी नकल बनकर किसी अँगरेजके पास सम्मान प्राप्त करनेके लिये जायँ तो हमारे जो भाई अँगरेजोंकी नकल नहीं बन सकते उन लोगोंको 'अपना' कहनेमें हमें स्वभावतः ही कुछ संकोच होगा। उनके लिये बिना लज्जा अनुभव किए हमारे लिये और कोई उपाय ही नहीं है। अपने विषयमें लोगोंसे यही कहनेकी प्रवृत्ति होती है कि हम अपने गुणोंसे इन सब लोगोंसे अलग होकर स्वतन्त्र जातिमें मिल गए हैं।

इसका अर्थ ही यह है कि हम अपना जातीय सम्मान बेचकर, आत्म-सम्मान मोल लें। यह एक प्रकारसे अँगरेजोंके सामने यही कहना है कि साहब इन जंगलियोंके साथ आप चाहे जैसा व्यवहार करें; परन्तु जब हम बहुत कुछ आपहीकी तरह शकल बनाकर आए हैं तब हम अपने मनमें इस बातकी बहुत बड़ी आशा रखते हैं कि आप हमें अपने पाससे दूर न कर देंगे।

अब आप ही सोच लीजिए कि इस प्रकारके कंगालपनसे कुछ प्रसाद भले ही मिल जाय, लेकिन क्या इससे कभी अपने अथवा अपनी जातिके सम्मानकी रक्षा हो सकती है!

कर्णने जिस समय अश्वत्थामासे कहा था कि तुम ब्राह्मण हो, मैं तुम्हारे साथ क्या युद्ध करूँ। तब अश्वत्थामाने कहा था कि क्या तुम इसीलिये मुझसे युद्ध नहीं कर सकते कि मैं ब्राह्मण हूँ! अच्छा तो लो, मैं अपना यह यज्ञोपवीत तोड़कर फेंक देता हूँ।

यदि कोई अँगरेज हमसे हाथ मिलाकर कहे अथवा हमारे नामके साथ एस्क्वायर (Esquire=महाशय) जोड़कर लिखे कि अच्छा जब कि तुम यथासंभव अपनी जातीयताको ताकपर रखकर आए हो तो हम तुम्हें अपने क्लबका सभासद बना लेते हैं, हम लोगोंके होट-

लमें तुम्हें स्थान दिया जाता है और यदि तुम हमसे भेंट करनेके लिये आओगे तो एकाद वार हम भी तुम्हारे यहाँ वदलेकी भेंट करनेके लिये तुम्हारे यहाँ आ सकेंगे, तो क्या हम उसी समय अपने आपको परम सम्मानित समझकर आनन्दके मारे फूल उठेंगे अथवा यह कहेंगे कि क्या केवल इतनेके लिये ही हमारा सम्मान है! यदि यही वात हो तो हम अपना यह नकली वेश उतारकर फेंक देते हैं! जवतक हम अपनी जातिको यथार्थ सम्मानके योग्य न वना सकेंगे तवतक हम स्वाँग सजकर और अपवाद-स्वरूप वनकर तुम्हारे दरवाजे न आवेंगे।

हम तो कहते हैं कि हमारा एक मात्र व्रत यही है। हम न तो किसीको ठगकर सम्मान प्राप्त करेंगे और न सम्मानको अपनी ओर आकृष्ट करेंगे। हम अपने आपमें ही सम्मान अनुभव करेंगे। जव वह दिन आवेगा तव हम संसारकी जिस सभामें चाहेंगे उस सभामें प्रवेश कर सकेंगे। उस दशामें हमारे लिये नकली वेश, नकली नाम नकली व्यवहार और भिक्षामें माँगे हुए मानकी कोई आवश्यकता रह जायगी।

लेकिन इसका उपाय सहज नहीं है। हम पहले ही कह चुके हैं कि सहज उपायसे कभी कोई दुस्साध्य कार्य्य नहीं होता। यह कार्य वहुत ही कठिन है इसी लिये और सव कार्योंको छोड़कर केवल इसीकी ओर विशेष ध्यान देना पड़ेगा।

कार्य्यमें प्रवृत्त होनेसे पहले हमें यह प्रण कर लेना पड़ेगा कि जवतक वह सुअवसर न आवेगा तवतक हम अज्ञात वासमें रहेंगे। निर्माण होनेकी अवस्थामें गुप्त रहनेकी आवश्यकता होती है। भ्रूण गर्भके अन्दर गुप्तरूपसे रक्षित वीज मिट्टीके नीचे छिपा रहता है।

रहता है । जिन दिनों बालकको शिक्षा दी जाती है उन दिनों यदि उसे सांसारिक बातोंमें अधिक मिलने दिया जाय तो वह प्रवीण समाजमें गिने जानेकी दुराशासे प्रवीण लोगोंका अनुचित अनुकरण करके उचित समयसे पहले ही पक्क हो जायगा। वह अपने मनमें समझने लगेगा कि मैं एक गण्य मान्य व्यक्त हो गया हूँ । फिर उसके लिये नियमानुकूल शिक्षाकी आवश्यकता न रह जायगी—विनय उसके लिये व्यर्थ और निरर्थक हो जायगी।

जब पाण्डव अपना प्राचीन गौरव प्राप्त करने चले थे तब उन्होंने पहले अज्ञातवासमें रहकर बल संचित किया था। संसारमें उद्योग-पर्वसे पहले अज्ञातवास-पर्व होता है।

आजकल हम लोग आत्म-निर्माण और जाति-निर्माणकी अवस्थामें हैं। हम लोगोंके लिये यह अज्ञातवासका समय है।

लेकिन यह हम लोगोंका दुर्भाग्य है कि हमलोग बहुत अधिक प्रकाशित हो गए है—संसारके सामने बहुत अधिक आ गए हैं। हम लोग बहुत अपरिपक्व अवस्थामें ही अधीर भावसे अंडेके बाहर निकल पड़े हैं। इस प्रतिकूल संसारमें हमारे लिये यह दुर्बल और अपरिणत शरीर लेकर अपनी पुष्टि करना बहुत ही कठिन हो गया है।

संसारकी रणभूमिपर आज हम कौनसा अस्त्र लेकर खड़े हुए हैं ? केवल वक्तृता और आवेदन ही न ? हम कौनसी ढाल लेकर आत्म-रक्षा करना चाहते हैं ? केवल कपट-वेश ही ? इस प्रकार कितने दिनोंतक काम चलेगा और इसका कहाँतक फल होगा ?

एक बार अपने मनमें कपट छोड़कर सरल भावसे यह स्वीकृत करनेमें क्या दोष है कि अभीतक हम लोगोंके चरित्र-बलका जन्म नहीं हुआ ? हम लोग दलबन्दी, ईर्षा और क्षुद्रतासे जीर्ण हो रहे हैं। हम

लोग एकत्र नहीं हो सकते, एक दूसरेका विश्वास नहीं करते और अपनेमेंसे किसीका नेतृत्व स्वीकृत करना नहीं चाहते । हम लोगोंके बड़े बड़े अनुष्ठान बड़े बड़े बुलबुलोंकी तरह बहुत ही थोड़े समयमें नष्ट हो जाते हैं । आरम्भमें तो हम लोगोंका काम बहुत तेजीके साथ उठता है और दो ही दिन बाद पहले तो वह विच्छिन्न होता है तब विकृत होता है और अन्तमें निर्जीव हो जाता है। जबतक यथार्थ त्याग-स्वीकारका समय नहीं आता तबतक हम लोग खेलवाड़ी बालककी तरह कोई काम हाथमें लेकर पागल बने रहते हैं और थोड़े ही दिनों बाद जब त्यागका समय उपस्थित होता है तो तरह तरहके बहाने करके अपने अपने घर चले जाते हैं । यदि किसी कारणसे हमारा आत्माभिमान तिलभर भी भंग होता है तो हमें अपने उद्देश्यके महत्त्वके सम्बन्धमें कुछ भी ज्ञान नहीं रह जाता । जिस प्रकार हो कामके आरम्भ होते न होते हमारा गरमागरम नाम हो जाना चाहिए । यदि विज्ञापन और रिपोर्टों आदिके द्वारा खूब धूमधाम हो जाय और हमारी यथेष्ट प्रसिद्धि हो जाय तो उससे हम लोगोंकी इतनी अधिक तृप्ति हो जाती है कि उसके बाद तुरन्त ही हमारी प्रकृति निद्रालस हो जाती है । फिर जो कार्य्य धैर्य्यसाध्य, श्रमसाध्य और निष्ठासाध्य होता है उसमें हाथ डालनेमें हमारा जी ही नहीं लगता ।

हमारे लिये सबसे अधिक विस्मय और विचारकी बात यही है कि यह दुर्बल अपरिणत और बिलकुल जीर्णचरित्र लेकर हम लोग किस साहससे बाहर निकलकर खड़े हो गए हैं !

ऐसी अवस्थामें अपनी अपूर्णताका संशोधन या पूर्ति न करके उस अपूर्णताको छिपानेकी ही इच्छा होती है। ज्यों ही कोई अपने दोषोंकी समालोचना करनेके लिये खड़ा होता है त्यों ही सब लोग मिल

कहते हैं कि भाई क्या करें। बिना ऐसा किए तो वे कुछ सुनते ही नहीं, इस लिये और क्या किया जाय। वे लोग अपने यहाँका ही दस्तूर समझते हैं।

इस प्रकार अँगरेजोंके स्वभावके कारण ही हम लोगोंको अँगरेजोंकी नकल और आडम्बर करके उनसे सम्मान पाना और काम कराना पड़ता है लेकिन फिर भी हम कहते हैं कि सबसे बढ़कर अच्छी बात यही है कि हम लोग नकल या ढोंग न करें। यदि बिना नकल किए हमारे विधाता हमें थोड़ा बहुत अधिकार न दें अथवा हमपर थोड़ा बहुत अनुग्रह न करें तो नहीं सही।

यह बात नहीं है कि हम अपने विधाताओंसे बिगड़कर या नाराज होकर यह बात कह रहे हैं। वास्तवमें हमारे मनमें बहुत ही भय है। हम लोग ठहरे मिट्टीके बरतन। इन काँसेके बरतनोंके साथ विवाद करना तो चूल्हे भाड़में गया यदि हम आत्मीयतापूर्वक इनसे हाथ भी मिलाने जायँ तो आशंकाकी सम्भावना होती है।

इसका कारण यह है कि इतनी अनेकताके संघातमें आत्मरक्षा करना बहुत ही कठिन होता है। हम लोग दुर्बल हैं इसी लिए हम सोचते हैं कि चलो किसी अँगरेजके पास चलें, शायद वह कृपा करके प्रसन्नतापूर्वक हमें देखकर हँस दे। हमें इस बातका बहुत अधिक लोभ रहता है—इतना अधिक लोभ रहता है कि उस कृपाके सामने हम अपना यथार्थ हित तक भूल सकते हैं। अगर कोई अँगरेज हँसकर हमसे कहे कि वाह बाबू! तुम अँगरेजी तो बुरी नहीं बोलते, तो उसके बाद अपनी मातृभाषाकी चर्चा करना हमारे लिये बहुत ही कठिन हो [illegible] है। हमारे जिस बाहरी अंशपर अँगरेजोंकी कृपादृष्टि पड़ती है [illegible] अंशको हम खूब मनोहर और चित्ताकर्षक बनाना चाहते हैं

और जिस ओर किसी युरोपियनकी दृष्टि पड़नेकी सम्भावना नहीं होती उस ओर बिलकुल अन्धकार ही रह जाता है। उस ओरका हम बिलकुल अनादर और परित्याग ही कर देते है। उस ओरका किसी प्रकारका संशोधन करनेमें हमें आलस्य जान पड़ता है।

इसके लिये हम मनुष्यको दोष नहीं दे सकते। किसी अकिंचन, अपमानितके लिये यह प्रलोभन बहुत ही स्वाभाविक है। भाग्यवानकी प्रसन्नता उसे बिना विचलित किए नहीं रह सकती।

हम आज कहते है कि भारतवर्षके सबसे अधिक दीन और मलिन कृषकको भी हम अपना भाई कहकर गलेसे लगावेंगे। और यह जो गोरे टमटम हाँकते हुए हमारे सारे शरीरपर कीचड़के छींटे डालते हुए चले जाते हैं उनके साथ हमारा रत्ती भर भी सम्बन्ध नहीं है।

ठीक उसी समय यदि वह गोरा अचानक टमटम रोककर हमारी दरिद्र कुटियामें आकर पूछे—" बाबू! तुम्हारे पास दियासलाई है?" तब हमारा जी चाहता है कि हमारे देशके पचीस करोड़ आदमी यहाँ आकर कतारके कतार खड़े हो जायँ और देख जायँ कि साहब आज हमारे ही घरपर दियासलाई माँगने आए हैं। यदि संयोगवश ठीक उसी समय हमारा कोई सबसे दीन और मलिन कृषक भाई हमारी माताको प्रणाम करनेके लिये हमारे दरवाजेपर आखड़ा हो तो यही जी चाहता है कि किसी प्रकार इस कुत्सित दृश्यको पृथ्वीके अन्दर धुस कर दें; जिसमें साहब कभी यह न सोचें कि उस जंगलीके साथ हमारा कोई सम्बन्ध या बहुत दूरकी कोई एकता है।

इसलिये जब हम अपने मन ही मन यह कहते है कि हम किसी साहबके पास न जावेंगे, तब हम यह बात अहंकारके साथ नहीं कहते बल्कि बहुत ही विनय और बहुत ही आशंकाके साथ कहते हैं।

हम समझते हैं कि इसी सौभाग्य-गर्वसे ही हमारा सबसे अधिक सर्वनाश होगा, हम एकान्तमें बैठकर अपने कर्त्तव्यका पालन न कर सकेंगे। हमारा मन सदा सशंक और चंचल रहेगा और अपने दरिद्र सम्बन्धियोंका अप्रसिद्ध घर हमें बहुत अधिक सूना जान पड़ेगा। जिन लोगोंके लिये अपने प्राण दे देना हमारा कर्त्तव्य है उन लोगोंके साथ आत्मीयके समान व्यवहार करनेमें हमें लज्जा जान पड़ेगी।

अँगरेज लोग अपने आमोद-प्रमोद, आहार-विहार, आसंग-प्रसंग, बन्धुत्व और प्रेमसे हम लोगोंको बिलकुल बहिष्कृत करके हमारे लिये द्वार बन्द रखना चाहते हैं तो भी यदि हम लोग झुककर, दबकर, कलसे, बलसे, छलसे उस द्वारमें प्रवेश करनेका थोड़ासा अधिकार पा जाते हैं, राजसमाजसे हमारा यदि बहुत ही थोड़ा सम्बन्ध हो जाता है, हम उसकी केवल गंध भी पा जाते हैं तो हम लोग इतने कृतार्थ हो जाते हैं कि उस गौरवके सामने हमें अपने देशवासियोंकी आत्मीयता बिलकुल तुच्छ जान पड़ती है। ऐसे अवसरपर, ऐसी दुर्बल मानसिक अवस्थामें उस सर्वनाशी अनुग्रह मद्यको हमें बिलकुल अपेय और अस्पृश्य समझना चाहिए और उसका सर्वथा परिहार करना चाहिए।

इसका एक और भी कारण है। अँगरेजोंके अनुग्रहको केवल गौरव समझकर हमारे लिये सर्वथा निस्स्वार्थ भावसे उसका भोग करना भी कठिन है। इसका कारण यह है कि हम लोग दरिद्र हैं और पेटकी आग केवल सम्मानकी वर्षासे नहीं बुझ सकती। हम यह चाहते हैं कि अवसर पड़नेपर उस अनुग्रहके बदलेमें और कुछ भी ले सकें। हम लोग केवल अनुग्रह नहीं चाहते बल्कि उसके साथ ही साथ अन्नकी आशा रखते हैं। हम लोग केवल यही नहीं चाहते कि साहब

हमसे हाथ मिलावें बल्कि हमारे लिये यह भी आवश्यक है कि नौकरी रखकर हमारा वेतन बढ़ जाय। यदि आरम्भमें दो दिनतक हम साहब बहादुरके यहाँ मित्रकी भाँति आते जाते हैं तो तीसरे दिन भिखमंगोंकी तरह उनके सामने हाथ फैलानेमें भी हमें लज्जा नहीं आती। इस लिये साहबके साथ हमारा जो सम्बन्ध होता है वह बहुत ही हीन हो जाता है। एक ओर तो हम इस लिये अपने मनमें नाराज हो जाते हैं कि अँगरेज हम लोगोंके साथ समानताका भाव नहीं रखते और तदनुकूल हमारा सम्मान नहीं करते और दूसरी ओर उनके दरवाजेपर जाकर हम भीख माँगना भी नहीं छोड़ते।

जो भारतवासी अँगरेजोंसे मिलनेके लिये जाते हैं उन्हें वे अँगरेज अपने मनमें उम्मेदवार अनुग्रहप्रार्थी अथवा उपाधिके प्रत्याशी समझे बिना नहीं रह सकते। क्योंकि अँगरेजोंके साथ भेंट करनेका हमारे लिये और कोई कारण या सम्बन्ध तो है ही नहीं। उनके घरके किवाड़ बन्द हैं और हमारे दरवाजेपर ताला लगा है। तब आज अचानक जो आदमी अद्धा और पगड़ी पहनकर कुछ शंकित भावसे चला आ रहा है, एक अभद्रकी भाँति अनभ्यस्त और अशोभित भावसे सलाम कर रहा है, यह नहीं समझ सकता कि मैं कहाँ बैठूँ और हिचक हिचककर बातें कर रहा है, उसके मनमें सहसा इतनी विरह-वेदना कहाँसे उत्पन्न हो गई जो वह चपरासीको थोड़ा बहुत पारितोषिक देकर भी साहबका मुख-चन्द्र देखने आ रहा है ?

जिसकी अवस्था बहुत ही गई-बीती हो वह बिना बुलाए और बिना आदरके किसी भाग्यवानके साथ घनिष्ठता बढानेके लिये कभी न जाय। क्योंकि इससे दोनोंमेसे किसी पक्षका मंगल नहीं होता। अँगरेज लोग इस देशमें आकर क्रमशः जो नई मूर्ति धारण करते जाते

हैं, क्या उसका बहुत कुछ कारण हम लोगोंकी हीनता ही नहीं है ? इसलिये भी हम कहते हैं कि जब अवस्था इतनी बुरी है तब यदि हमारे सम्बन्ध और संघर्षसे अँगरेज लोग रक्षित रहेंगे तो उन लोगोंका चरित्र भी इतनी जल्दी विकृत न होगा । इसमें दोनों ही पक्षोंका लाभ है ।

अतएव सब बातोंका अच्छी तरह ध्यान रखकर राजा और प्रजाका आपसका द्वेष शान्त रखनेके लिये सबसे अच्छा उपाय यही जान पड़ता है कि हम लोग अँगरेजोंसे सदा दूर रहें और एकान्त मनसे अपने समस्त निकट-कर्तव्योंके पालनमें लग जायँ । केवल भिक्षा करनेसे कभी हमारे मनमें यथार्थ सन्तोष न होगा । आज हम लोग यह समझते हैं कि जब हमें अँगरेजोंसे कुछ अधिकार मिल जायँगे तब हम लोगोंके सब दुख दूर हो जायँगे । लेकिन यदि भीख माँगकर हम सारे अधिकार भी प्राप्त कर लेंगे तब हम देखेंगे कि हमारे हृदयमेंसे लांछना किसी प्रकार दूर ही नहीं होती । बल्कि जबतक हमें अधिकार नहीं मिलते तबतक हमारे मनमें जो थोड़ी बहुत सान्त्वना है अधिकार प्राप्त करने पर वह सान्त्वना भी न रह जायगी। हमारे हृदयमें जो शून्यता है जबतक उसकी पूर्त्ति न होगी तबतक हमें किसी प्रकार शान्ति न मिलेगी। जब हम अपने स्वभावको सारी क्षुद्रताओंके बन्धनसे मुक्त कर सकेंगे तभी हम लोगोंकी यथार्थ दीनता दूर होगी और तभी हम लोग तेजके साथ सम्मानके साथ अपने शासकोंसे भेंट करनेके लिये जा आ सकेंगे।

हम कुछ ऐसे पागल नहीं हैं जो यह आशा करें कि सारा भारतवर्ष पद, प्रभाव और अँगरेजोंके प्रसादकी चिन्ता छोड़कर, ऊपरी तड़क भड़क और यश तथा प्रसिद्धिका ध्यान छोड़कर, अँगरेजोंको

आकृष्ट करनेके प्रवल मोहसे अपनी रक्षा करके, मनोयोगपूर्वक अविचलित चित्तसे चरित्रबलका संचय करने लगेगा, ज्ञान और विज्ञान सीखने लगेगा, स्वाधीन व्यापारमें प्रवृत्त हो जायगा, सारे संसारकी यात्रा करके लोकव्यवहार सीखेगा, परिवार और समाजमें सत्यके आचरण और सत्यके अनुष्ठानका प्रचार करेगा, मनुष्य जिस प्रकार अपना मस्तक सहजमें लिए चलता है उसी प्रकार अनायास और स्वाभाविक रूपमें वह अपना सम्मान बराबर रक्षित रखकर लिए चलेगा, लालायित और लोलुप होकर दूसरोंके पास सम्मानकी भिक्षा माँगने न जायगा और 'धर्मो रक्षति रक्षितः' वाले सिद्धान्तका गूढ तात्पर्य पूर्ण रूपसे अपने मनमें समझ लेगा। यह बात सभी लोग बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि जिस तरफ सुभीतेकी ढालू जगह होती है मनुष्य अनजानमें धीरे धीरे उसी तरफ ढलता जाता है। यदि हैटकोट पहनने, अँगरेजी भाषा बोलने और अंगरेजोंके दरवाजे जानेमें कोई सुभीता हो तो कुछ लोग हैट-कोट पहनने लग जायँगे, अपने लड़कोंको बहुत कुछ प्रयत्न करके मातृभाषाका बोलना भुला देंगे और साहबोंके दरबानोंके साथ अपने पिता या भाईसे भी बढ़कर आत्मीयता स्थापित करने लग जायँगे। इस प्रवाहको रोकना बहुत ही कठिन है। लेकिन फिर भी अपने मनकी बातको स्पष्ट रूपसे प्रकट कर देना आवश्यक है। चाहे अरण्य-रोदन ही क्यों न हो तौ भी हमें कहना ही पड़ता है कि अँगरेजीका प्रचार करनेसे कोई फल न होगा। देशकी स्थायी उन्नति तभी होगी जब शिक्षाकी नींव देशी भाषाओंपर रक्खी जायगी। अँगरेजोंसे आदर प्राप्त करनेका भी कोई फल न होगा। अपने मनुष्यत्वको सचेतन और जाग्रत करनेमें ही यथार्थ गौरव है। यदि किसीको धोखा देकर कुछ वसूल कर लिया जाय तो उससे यथार्थ प्राप्ति नहीं

होती । निष्ठापूर्वक प्राणपणसे त्याग स्वीकार करनेमें ही यथार्थ कार्य-सिद्धि है ।

सिक्खोंके अन्तिम गुरु गोविन्दसिंहने जिस प्रकार बहुत दिनोंतक दुर्गम एकान्त स्थानमें रहकर भिन्न भिन्न जातियोंके भिन्न भिन्न शास्त्रोंका अ-ध्ययन किया था और बहुत दिनोंमें आत्मोन्नति करनेके उपरान्त तब निर्जन स्थानसे बाहर निकलकर अपना गुरुपद ग्रहण किया था, उसी प्रकार जो मनुष्य हम लोगोंका गुरु होगा उसे अप्रसिद्ध और एकान्तस्थानमें अज्ञातवास करना पड़ेगा। परम धैर्य्यके साथ गूढचिन्ता करते हुए भिन्न भिन्न देशोंके ज्ञान और विज्ञानमें अपने आपको डुबा देना होगा, आजकल सारा देश अन्धा होकर अनिवार्य्य वेगसे जिस आकर्षणसे बराबर खिंचा चला जा रहा है उस आकर्पणसे बहुत ही यत्नपूर्वक से अपने आपको दूर और रक्षित रखना पड़ेगा और बहुत ही स्पष्ट-रूपसे हानि और लाभके ज्ञानका अर्जन और मार्जन करना पड़ेगा। इतना सब कुछ करनेके उपरान्त जब वह बाहर निकलकर हम लोगोंकी चिरपरिचित भापामे हम लोगोंका आह्वान करेगा, हम लोगोंको आदेश करेगा तब चाहे और कुछ हो या न हो पर हम लोग सहसा चैतन्य अवश्य हो जायँगे । तब हम लोग समझेंगे कि इतने दिनोंतक हम लोग भ्रममें पड़े हुए थे । हम लोग एक स्वप्नके वशमें होकर आँखें बन्द करके संकटके रास्तेमें चल रहे थे और वही रास्ता पतनकी उपत्यका है ।

हम लोगोंके वे गुरुदेव आजकलके इस उद्भ्रान्त कोलाहलमें नहीं हैं । वे मानमर्य्यादाकी इच्छा नहीं करते । वे कोई बड़ा पद नहीं चाहते । वे अँगरेजी समाचारपत्रोंकी रिपोर्ट नहीं चाहते । वे सब प्रका-

रके पागलपनसे मूढजनस्रोतके भँवरसे यत्नपूर्वक अपनी रक्षा करते हैं। वे इस बातकी आशा नहीं करते कि किसी विशिष्ट कानूनके संशोधन अथवा किसी विशिष्ट सभामें स्थान मिलनेमे ही हम लोगोंके देशकी कोई यथार्थ दुर्गति दूर हो जायगी। वे एकान्तमें सब बातोंका ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं और एकान्तमें ही सब विषयोंका चिन्तन कर रहे हैं। वे अपने जीवनके बहुत ही उच्च आदर्शमें अटल उन्नति करते हुए चारों ओरके जनसमाजको अनजानमें ही अपनी ओर आकृष्ट कर रहे हैं। वे चारों ओर अपना उदार विश्वग्राही हृदय देकर चुपचाप सबको अपना रहे हैं और भारतलक्ष्मी उनकी ओर स्नेहपूर्ण दृष्टिसे देखती हुई ईश्वरसे एकान्तमनसे प्रार्थना कर रही है कि आजकलका मिथ्या तर्क और निर्दिष्ट बातें उन्हें कभी अपने लक्ष्यसे भ्रष्ट न कर सकें और देशके लोगोंकी विश्वासहीनता, निष्ठाहीनता और उद्देश्यके साधनके असाध्य होनेकी झूठी कल्पना उन्हें निरुत्साह न कर दे। इस देशकी उन्नति भले ही असाध्य हो परन्तु जो इस देशकी उन्नति करेगा, असाध्य कार्य्यका साधन ही उसका व्रत होगा।

राजनीतिके दो रुख।

साधारणतः न्यायपरता दया आदि अनेक बड़े बड़े गुणोंका जितना अधिक विकास अपनी बराबरीके लोगोंमें होता है उतना अधिक विकास असमान लोगोंके बीचमें नहीं होता। यह बात प्रायः देखी जाती है कि जो लोग अपनी बराबरी वालोंमें घरमें पले हुए हिरणके बच्चेकी तरह कोमल स्वभाववाले होते हैं, वे ही लोग छोटी श्रेणीवालोंके लिये जंगलके बाघ, पानीके मगर अथवा आकाशके श्येन-पक्षीकी तरह होते हैं।

अबतक इस बातके अनेक प्रमाण पाए गए हैं कि युरोपकी जातियाँ युरोपमें जितनी सभ्य, जितनी सदय और जितनी न्यायपरायण होती हैं उतनी युरोपसे बाहर निकलनेपर नहीं रह जातीं। जो लोग ईसाइयोंके सामने ईसाइयोंकी ही तरह रहते हैं, अर्थात् जो एक गालपर थप्पड़ खाकर समय पड़नेपर दूसरा गाल भी उसके सामने कर देनेके लिये बाध्य होते हैं वे ही लोग दूसरे स्थानोंमें जाकर ईसाइयोंसे भिन्न दूसरी जातिके लोगोंके एक गालपर थप्पड़ मारकर उसे दूसरा गाल भी अपने सामने कर देनेके लिये कहते हैं और यदि ईसाईसे भिन्न जातिका वह मनुष्य अपनी मूर्खताके कारण उनका उक्त अनुरोध पालन करनेमें कुछ आगा पीछा करता है तो वे ईसाई तुरन्त ही उसका कान पकड़कर घरसे बाहर निकाल देते हैं और उसके घरमें अपना टेबुल, कुरसी और पलंग ला रखते हैं; उसके खेतमेंसे फसल काट लेते हैं, सोनेकी खानमेंसे सोना निकाल लेते हैं, उसकी गौओंका दूध लेते हैं और उसके बछड़ोंको काटकर अपने बावर्चीखानेमें भेज हैं।

सच्चे ईसाइयोंने अमेरिकामें जिस प्रकार प्रलय और आस्ट्रेलियामें जिस प्रकार दारुण लोकसंहार उपस्थित कर दिया था उस अपेक्षाकृत पुरानी बातको इस समय उठानेकी आवश्यकता नहीं दिखाई देती। दक्षिण आफ्रिकामें जो मेटाबिली युद्ध हुआ था यदि उसका वृत्तान्त अच्छी तरह देखा सुना जाय तो यह बात बहुत कुछ समझमें आ सकती है कि ईसाईसे भिन्न जातिके लोगोंके गालोंपर ईसाइयोंका जो थप्पड़ लगता है वह कैसा होता है।

उस युद्धका पूरा पूरा हाल नहीं मिलता लेकिन जो कुछ हाल मिलता है उसके भी पूर्ण रूपसे सत्य होनेमें बहुत कुछ सन्देह है, क्योंकि युद्धके समाचारोंकी तारकी खबरें लिखना भी उन्ही ईसाइयोंके हाथमें रहता है। हम अपने पाठकोंसे उन कई पत्रों और प्रबन्धोंके पढनेका अनुरोध करते हैं जो इस युद्धके सम्बन्धमे टुथ (Truth) नामक प्रसिद्ध अँगरेजी साप्ताहिक पत्रमें प्रकाशित हुए थे।

हम इस प्रकारकी कोई आशा नहीं दिला सकते कि उन पत्रो और प्रबन्धोंको पढ़कर किसीको विशेष सन्तोष या आनन्द होगा। लेकिन हम इतना कह सकते हैं कि उन्हें पढ़कर लोग यह अवश्य समझ सकेंगे कि सभ्य जाति जिसे अपनी अपेक्षा कम सभ्य समझती है उसके सामने वह अपनी सभ्यताका और उसके साथ ही साथ उस असभ्यजातिका भी बलिदान कर देनेमें तनिक भी संकोच नहीं करती। उन्नीस सौ वर्षोंकी चिरसंचित सभ्यनीतिका युरोपीय आलोकित नाट्यशालाके बाहर अन्धकारपूर्ण नेपथ्य देशमें थोड़ी देरके लिये बनाया हुआ नकली वेश उतर जाता है और उसके स्थानपर जो आदिम नंगा मनुष्य निकल आता है उसकी अपेक्षा नंगे मेटाबिली अधिक निकृष्ट नहीं होते।

हमने कुछ संकोचके साथ कहा है कि वे अधिक निकृष्ट नहीं होते, यदि हम निर्भय होकर सच कहना चाहें तो हमें यही कहना पड़ेगा कि वे जंगली इन सभ्योंसे बहुतसे अंशोंमें कहीं श्रेष्ठ हैं। यह बात स्वयं अँगरेजोंके पत्रमें प्रकाशित हुई है कि जंगली लवेंग्युलाने अँगरेजोंके साथ बरताव करते हुए जिस उदारता और उन्नत वीर हृदयका परिचय दिया है उसके सामने अँगरेजोंका क्रूर व्यवहार लज्जाके मारे म्लान हो गया है।

कोई कोई अँगरेज जो इस बातको स्वीकार करते हैं, बहुतसे लोग केवल इस स्वीकार करनेको ही अपने मनमें अँगरेजोंके गौरवकी बात समझेंगे और हम भी ऐसा ही समझते हैं, लेकिन आजकल अँगरेजोंमें बहुतसे लोग ऐसे है जो इसमें अपना गौरव नहीं समझते।

वे लोग यही समझते हैं कि आजकल धर्मनीति बहुत ही सूक्ष्म होती जा रही है। बात बातपर इतना अधिक असन्तोष प्रकाश करनेसे काम नहीं चलता। जिस समय अँगरेजोंके गौरवका मध्याह्न था उस समय वे नीतिकी सूक्ष्म परिधियोंको एक ही कुदानमें लाँघ सकते थे। जब आवश्यकता होती है तब अन्याय करना ही पड़ता है। जिन दिनों नारमन जातिके डाकू समुद्रोंमें डाके डालते फिरते थे उस समय वे लोग स्वस्थ और सबल थे। आजकल उनके जो अँगरेज वंशधर दूसरी जातियोंपर बलप्रयोग करनेमें संकुचित होते हैं वे दुर्बल और रुग्ण-प्रकृतिके हैं। कैसे मेटाबेली और कहाँका लवेंग्युला, हम अँगरेज तुम्हारी सोनेकी खानें और तुम्हारे चौपायोंके झुण्ड लूटना चाहते हैं, इसके लिये इतने दाव-पेच और छल-कपटकी क्या आवश्यकता है! हम झूठी खबरें क्यों गढ़ने जायँ! अगर इसी तरहकी हमारी और भी

दो एक जबरदस्तियां पकड़ी जायँ तो उसके लिये समाचारपत्रोंमें इतने जोरोंसे पश्चात्ताप करने क्यों बैठें ?

लेकिन बाल्यावस्थामें जो बात अच्छी मालूम होती है बड़े होनेपर वह बात अच्छी नहीं मालूम होती। कोई एक दुष्ट लालची बालक अपनेसे किसी छोटे और दुर्बल बालकके हाथमें मिठाई देखकर जबर-दस्ती उससे छीन लेता है और क्षणभरमें ही अपने मुँहमे रख लेता है। उस असहाय बालकको रोते हुए देखकर भी उसके मनमें जरा भी पछ-तावा नहीं होता बल्कि यहाँतक कि वह उस दुर्बल बालकके गालपर एक तमाचा लगाकर जबरदस्ती उसका रोना बन्द करनेकी चेष्टा करता है और उसे देखकर दूसरे बालक भी मन ही मन उसके बाहुबल और दृढ़संकल्पकी प्रशंसा करते हैं।

यदि उस बलवान् बालकको बड़े होनेपर भी लोभ रह जाता है तो फिर वह थप्पड़ मारकर दूसरेकी मिठाई नहीं छीनता बल्कि छल करके उससे ले लेता है और यदि वह पकड़ा जाय तो कुछ लज्जित और अप्रतिभ भी होता है। उस समय वह अपने परिचित पड़ोसीपर हाथ साफ करनेका साहस नहीं करता। अपने गाँवसे दूरके किसी दरिद्र गाँवकी असभ्य माताके नंगे बालकके हाथमें जब वह एक समयका एक मात्र खाद्य पदार्थ देखता है, तब वह चारों ओर देखकर चुपचाप झपटकर उस पदार्थको ले लेता है और जब वह बच्चा जोर जोरसे चिल्लाने लगता है तब वह अपनी जातिके आनेजानेवाले पथिकोंसे आँखका इशारा करके कहता है कि इस असभ्य काले बालकको मैंने अच्छी तरह दंड देकर ठीक कर दिया है! लेकिन वह यह नहीं स्वीकार करता कि मुझे भूख लगी थी इस लिये मैंने उसके हाथका भोजन छीनकर खा लिया है।

पुराने जमानेकी डकैती और आज कलकी चोरीमें बहुत अन्तर है। आजकलके अपहरणमें प्राचीन फाटका वह निर्लज्ज असंकोच और बलका अभिमान रही नहीं सकता। आजकल अपने कार्यके सम्बन्धमें अपना ज्ञान उत्पन्न हो गया है, इस लिये आजकल प्रत्येक कार्यके लिये न्याय-विचारके सामने उत्तरदायी होना पड़ता है। इससे काम भी पहलेकी तरह सहजमें पूरा नहीं उतरता और गालियाँ भी खानी पड़ती हैं। यदि कोई पुराना डाकू दुर्भाग्यवश इस बीसवीं शताब्दीमें जन्म ग्रहण कर ले तो उसका अविर्भाव बहुत ही असामायिक हो जायगा।

समाजमें इस प्रकारका असामयिक आविर्भाव सदा हुआ ही करता है। डाकू तो बहुतसे उत्पन्न होते हैं परन्तु वे सहसा पहचाने नहीं जाते। अनुपयुक्त समय और अनुपयुक्त स्थानमें पड़कर बहुतसे अवसरोंपर वे स्वयं अपने आपको ही नहीं पहचानते। इधर वे गाड़ीपर चढ़कर घूमते हैं, समाचारपत्र पढ़ते हैं, स्त्रीसमाजमें मीठी मीठी बातें करते हैं। कोई इस बातका सन्देह ही नहीं करता कि इस सफेद कमीज या काले कुर्तेमें राबिन हुडका नया अवतार घूम रहा है।

युरोपके बाहर निकलकर ये लोग सहसा अपनी पूर्ण शक्तिसे प्रकाशित हो जाते हैं। धर्मनीतिके आवरणसे मुक्त उस उत्कट रुद्रमूर्तिकी बात हम पहले ही कह चुके हैं। लेकिन युरोपके समाजमें ही जो राखसे ढके हुए बहुतसे अँगारे हैं उनका ताप भी कुछ कम नहीं हैं।

यही लोग आजकल कहते हैं कि बलनीतिके साथ यदि प्रेमनीति भी मिला दी जाय तो उससे नीतिका नीतित्व तो बढ़ सकता है परन्तु बल्का बलत्व घट जाता है। प्रेम और दया आदिकी बाते सुननेमें तो बहुत अच्छी जान पड़ती है लेकिन जिस जगह हम लोगोंने रक्तपात करके अपना प्रभुत्व स्थापित किया है उस जगह जब नीतिदुर्बल नई

ताब्दिका सुकुमारहृदय वाउक सेन्टिमेन्ट (Sentiment) के
ाँसू बहाता हुआ आ पहुँचता है तब उसके साथ हम लोग हृदयसे घृणा
करते हैं। यहाँ तो संगीत, साहित्य, शिल्पकला और शिष्टाचार और
हाँ नंगी तलवार और संकोचरहित एकाधिपत्य।

इसीलिये आजकल हम लोगोंको अपनी शासक जातिके लोगोंमें दो
तरहका सुर सुनाई पड़ता है। एक दल तो प्रबलताका पक्षपाती है और
दूसरा दल संसारमें प्रेम, शान्ति और सुविचारका विस्तार करना
चाहता है।

जब जातिका हृदय इस प्रकार विभक्त हो जाता है तब उसका
बल टूट जाता है—अपना ही अपनेको बाधा देने लगता है। आज-
कलके भारतमें रहनेवाले अँगरेज इसी बातको लेकर बहुत बड़ा कटाक्ष
करते हैं। वे लोग कहते हैं कि हम लोग कुछ जबरदस्ती करके जो
काम करना चाहते हैं उस काममें हमारे इंग्लैण्डवाले भाई बाधा देते
है। हमें सभी बातोंमें नैतिक कैफियत देनी पड़ती है। जिन दिनों डाकू
लोग कृष्ण समुद्रमें दिग्विजय करते हुए घूमते थे, अथवा जिन दिनों
क्लाइवने भारत भूमिपर अँगरेजी झंडा खड़ा किया था, यदि उन दिनों
उन लोगोंको नैतिक कैफियत देनी पड़ती तो अँगरेजोंको अपने घरके
बाहर एक अंगुलभर भी जमीन न मिलती।

इस प्रकारकी बातें कहकर चाहे जितना प्रलाप करो लेकिन अखंड
दुर्दमनीय बलकी वह अवस्था किसी प्रकार लौटकर नहीं आ सकती।
आज यदि कोई अत्याचारका काम करने बैठो तो सारे देशमें दो प्रका-
रके मत फैल जायँगे। इस समय यदि कोई पीड़ित व्यक्ति न्यायवि-
चारकी प्रार्थना करे तो स्वार्थहानिकी संभावना होनेपर भी विवश
होकर कुछ लोग उसका सद्विचार करनेके लिये तैयार हो जायँगे।

यदि इस समय कोई व्यक्ति न्यायकी दोहाई देकर उठ खड़ा हो तो या तो स्वार्थपरता ही लज्जाके कारण कुछ संकुचित हो जायगी और नहीं तो न्याय ही छद्मवेश धारण करनेकी चेष्टा करेगा। जिन दिनों अन्याय और अनीति बलके साथ निःसंकोच भावसे अपना प्रकाश करती थी उन दिनों बलके अतिरिक्त उसका सामना करनेवाला और कोई न होता था, लेकिन आजकल जब कि वह स्वयं ही अपने आपको छिपानेकी चेष्टा करती है और बलके साथ अपना सम्बन्ध अस्वीकृत करके न्यायको अपनी ओर खींचती हुई बलवान् होना चाहती है तब वह आप ही अपने साथ शत्रुता करने लग जाती है। इसीलिये आजकल विदेशमें अँगरेज लोग कुछ दुर्बल हो रहे हैं और इसके लिये वे सदा बेचैनी दिखलाते हैं।

इसी लिये हम लोग भी जब अँगरेजोंका कोई दोष देख पाते हैं तब उन्हें दोषी कहनेका साहस कर बैठते हैं। इसके लिये हमारे अँगरेज प्रभू कुछ नाराज होते है। वे कहते हैं कि नवाब जब स्वेच्छाचार करते थे, मराठे सैनिक जब लूट-पाट करते थे, ठग जब गला घोंटकर लोगोंको मार डालते थे तब तुम्हारे कांग्रेसके सभापति और समाचारपत्रोंके सम्पादक कहाँ थे! हम कहते है कि तब वे कहीं नहीं थे और यदि वे रहते भी तो उनके रहनेका कोई फल न होता। उस समय गुप्तरूपसे विद्रोह करनेवाले लोग थे, मराठे और राजपूत थे। उन दिनों बलके विरुद्ध बलके सिवा और कोई उपाय ही न था। उन दिनो चोरके सामने धर्मकी कथा उठानेका विचार किसीके मनमें आता ही न था।

आज कांग्रेस और समाचारपत्रोंका जो यह अभ्युदय हुआ है उसका कारण यही है कि अँगरेजोंमें अखंड बलका प्रादुर्भाव नहीं है।

आज यदि चोरके सामने धर्मकी वात उठाई जाय तो चाहे वह उसे न माने, पर फिर भी वह उसका कुछ धर्मसंगत उत्तर देनेकी चेष्टा करता है। और यदि वह अच्छा उत्तर न दे सके तो वह उतने बलके साथ अपना काम नहीं कर सकता। इस लिये जो अँगरेज भारतीय सभा-समितियों और समाचारपत्रोंकी अधिकता और विस्तारपर आक्षेप करते हैं वे यथार्थतः अपने देशवासियोंकी जातीय प्रकृतिमें धर्मबुद्धिके अस्तित्वसे दुःखी होते हैं। वे लोग जो वयःप्राप्त हो गए हैं, वे लोग अपनी त्रुटिके लिये जो आप ही लज्जित होना सीख गए हैं इसीको वे लोग शोचनीय समझते हैं।

एक हिसाबसे इसमें और भी बहुत कुछ शोचनीयता है। एक ओर तो भूखकी ज्वाला भी शान्त नहीं होती और दूसरी तरफ पराएके हाथका अन्न भी नहीं ले सकते। यह एक बड़ा भारी संकट है! जातिके लिये अपने जीवनकी रक्षा करना भी परम आवश्यक है और धर्मकी रक्षा करना भी। दूसरेके साथ यदि अन्यायका आचरण किया जाय तो उससे केवल दूसरेकी हानि ही नहीं होती बल्कि अपने धर्मका आदर्श भी क्रमशः आधारहीन होता जाता है। गुलामोंपर जो लोग अत्याचार करते हैं वे स्वयं अपना चरित्र भी ध्वंस करते हैं। यदि धर्मको सब प्रकारका प्रयत्न करके बलवान् न बना रहने दिया जाय तो अपना जातीय बंधन भी क्रमशः शिथिल होता जाता है और फिर दूसरी ओर भरपेट खानेको भी चाहिए ही। क्रमशः वंशवृद्धि और स्थानाभाव होता जाता है और सभ्यताकी उन्नतिके साथ साथ जीवनके आवश्यक उपकरण भी बहुत बढ़ते जा रहे हैं।

इसलिये पचीस करोड़ भारतवासियोंके भाग्यमें जो कुछ बदा हो सो हुआ करे लेकिन बड़ी तनख्वाहवाले अँगरेज कर्मचारियोंको

एक्सचेञ्जकी क्षतिपूर्तिके रूपमें ढेरके ढेर रुपए देने ही पड़े
इस कामके लिये सरकारी खजानेमें रुपएकी कमी हो तो
चीजोंपर नया महसूल लगाना आवश्यक होगा। लेकिन
लंकाशायरवालोंको जरा भी अड़चन या कठिनता हो तो फिर
सूल लगाया जा सकता है। बल्कि इसके बदलेमें पब्लिकवर्क्स
भी कुछ कम किया जा सकता है और दुर्भिक्ष फण्डको रोक
चलाया जा सकता है।

एक ओर तो कर्मचारियोंका कष्ट आँखोंसे नहीं देखा ज
दूसरी ओर लंकाशायरवालोंकी हानि भी नहीं देखी जा सक
फिर यह बात भी नहीं है कि पचीस करोड़ अभागे भारत
लिये भी कुछ भी दुःख न होता हो। धर्मनीति मनुष्यको इ
रके सकटमें डाल देती है!

समाचारपत्रोंमें खूब आन्दोलन होने लगता है। आहत-नीड़
झुंडकी तरह सभास्थलमें कानोंके परदे फाड़नेवाली चिल्ला
लगती है और अँगरेज लोग बहुत बिगड़ उठते हैं।

जिस समय मन यह कहता हो कि यह काम न्यायसंगत
रहा है और बिना उस कामको किए भी गुजारा न होता
समय यदि कोई धर्मकी दोहाई देने लगे तो बहुत क्रोध
उस समय कोई युक्तिका अस्त्र तो रह ही नहीं जाता, ख
घूँसा मारनेको जी चाहता है। उस समय केवल मनुष्यपर
बल्कि धर्मशास्त्रपर भी तबीयत खिजला उठती है।

भारतमंत्रीकी सभाके सभापति तथा दूसरे कई मातवर स
इशारेसे कई बार कहा है कि यदि केवल भारतवर्षका ही न
सारे साम्राज्यका ध्यान रखकर कोई कानून बनाया जायगा

पत्र सिकड़ोमें बँधे हुए कुत्तोंकी तरह दाँत निकालकर हम लोगोंपर बराबर भूँकते रहते है। अच्छा तो लो हम ही चुप हो जाते हैं, लेकिन देखें तो सही जरा तुम लोग भी चुप हो जाओ। तुम लोगोंमेंसे जो अपने स्वार्थकी उपेक्षा करके हाथमें धर्मका झंडा लेकर खड़े होते हैं उन्हें देशनिकालेका दण्ड दो और तुम लोगोंकी जातीय प्रकृतिमें न्यायपरताका जो आदर्श है उसे ठट्ठेमें उड़ाकर म्लान कर दो।

लेकिन यह बात किसी प्रकार हो ही नहीं सकती। तुम लोगोंकी राजनीतिमें धर्मबुद्धि सचमुच कोई चीज है। कभी तो उस धर्मबुद्धिकी जीत हो जाती है और कभी उसकी हार हो जाती है। लेकिन उस धर्मबुद्धिको छोड़कर कोई काम नहीं किया जा सकता। आयर्लैण्ड जिस समय ब्रिटानियासे किसी अधिकारकी प्रार्थना करता है तब वह जिस प्रकार एक ओर खूनकी छुरीपर सान देता रहता है उसी प्रकार दूसरी ओर इंग्लैण्डकी धर्मबुद्धिको भी अपनी ओर मिलानेकी चेष्टा करता रहता है। भारतवर्ष जिस समय अपने विदेशी स्वामीके द्वारपर जाकर अपना दुःख निवेदन करनेका साहस करता है तब वह भी अँगरेजोंकी धर्मबुद्धिसे अपनी सहायता करानेके लिये व्यग्र हो उठता है और बीचमें अँगरेजोंके राजकार्य्यमें बहुतसी झंझटें बढ़ जाती हैं।

लेकिन जब तक अँगरेजोंके स्वभावपर इस सचेतन धर्मबुद्धिका कुछ भी प्रभाव रहेगा, जबतक उन्हींके शरीरके अन्दर उनके निजके अच्छे और बुरे कार्य्योंका विचार करनेवाला वर्त्तमान रहेगा, तबतक हमारी सभा-समितियाँ बराबर बढ़ती ही जायँगी और हमारे समाचार-पत्रोंका भी प्रचार होता रहेगा। इससे हम लोगोंके बलवान् अँगरेज लोग व्यर्थ कुदकर जितने ही अधीर होंगे हमारे उत्साह और उद्यमकी मात्रा भी बराबर उतनी ही बढ़ती जायगी।

अपमानका प्रतिकार ।

एक बार किसी ऊँचे पदपर काम करनेवाले बंगाली सरकारी कर्मचारीके घर किसी कालेजके अंगरेज प्रिंसिपल साहब निमंत्रित होकर गए थे । उन दिनों जूरीकी प्रथा उठा देनेके लिये एक बिल पेश होनेवाला था और उसी बिलके सम्बन्धमें सारे देशमें आन्दोलन हो रहा था।

भोजनके उपरान्त जब निमंत्रित स्त्रियाँ उठकर बगलवाले कमरेमें चली गईं तब बातों ही बातोंमें जूरीकी प्रथाकी चर्चा उठी। अँगरेज प्रोफेसरने कहा कि जिस देशके लोग अर्द्धसभ्य और अर्द्धशिक्षित हों और जिनकी धर्मनीतिका आदर्श उन्नत न हो उनके हाथमें जूरीके अधिकार सौंपनेका फल सदा बुरा ही होता है ।

यह बात सुनकर हमने मनमें सोचा कि अँगरेज इतने अधिक सभ्य हो गए हैं कि हम लोगोंके साथ व्यवहार करते समय सभ्यताका ध्यान रखना अनावश्यक समझते हैं। हम यह तो नहीं जानते कि हम लोगोंका नैतिक आदर्श कहाँतक ऊपर उठा है अथवा कहाँतक नीचे गिरा है; लेकिन इतना अवश्य जानते हैं कि हम जिसका आतिथ्य भोग करते हों उसकी जातिके लोगोंके विषयमें कठोर वाक्य कहते हुए उनकी अवमानना करना हम लोगोंकी शिष्टनीतिके आदर्शके बहुत बाहर है ।

अध्यापक महाशयने और भी एक बात कही थी। वह बात केवल कड़वी और भद्दी ही नहीं बल्कि ऐसी थी कि अँगरेजोंके मुँहसे उसका निकलना बहुत ही असंगत जान पड़ता था। उन्होंने कहा था

कि जीवनकी पवित्रता अर्थात् जीवनमें हस्तक्षेप करने (हत्या करने अथवा हत्याकी चेष्टा करने) की परम दूषणीयताके सम्बन्धमें भारतवासियोंकी धारणा अँगरेजोंके मुकाबलेमें बहुत ही परिमित और कम है। इसीलिये भारतवासी जूरियोंके मनमें किसी हत्या करनेवालेके प्रति यथोचित विद्वेष उत्पन्न नहीं होता।

जो लोग मांस खानेवाली जातिके हैं और जिन्होंने बड़े बड़े रोमाञ्चकारी हत्याकाण्ड करके पृथ्वीके दो नए आविष्कृत महादेशोंमें अपने रहनेके लिये स्थान साफ कर लिया है और जो इस समय तलवारके जोरसे तीसरे महादेशकी भी प्रच्छन्न छातीको धीरे धीरे फाड़ करके उसकी कुछ फसलको सुखसे खानेके उद्योगमें लगे हुए हैं, वे ही यदि निमन्त्रण-सभामें मजेमें और अहकार करते हुए नैतिक आदर्शके ऊंचे दण्डपर चढ़ बैठें और उसीपरसे जीवनकी पवित्रता और प्राणहिंसाकी अकर्तव्यताके सम्बन्धमें अहिंसक भारतवर्षको उपदेश देने लगें तब केवल 'अहिंसा परमो धर्मः' इस शास्त्रवाक्यका स्मरण करके ही चुप रह जाना पड़ता है।

यह बात आजसे प्रायः दो वर्ष पहलेकी है।* सभी लोग जानते है कि इस घटनाके बाद अबतक इन दो वर्षोंमें अँगरेजोंके हाथों बहुतसे भारतवासियोंकी अपमृत्यु हुई है और अँगरेजी अदालतोंमें इन सब हत्याओंमें एक अँगरेजका भी दोष प्रमाणित नहीं हुआ। समाचारपत्रोंमें इस सम्बन्धमें बराबर समाचार देखनेमें आते हैं और जब कोई ऐसा समाचार देखनेमें आता है तब हमें भारतवासियोंके प्रति उसी मुँड़ी हुई मोछ और दाढ़ी तथा लम्बी नाकवाले अध्यापककी

* यह निबंध सन् १३०१ फसलीमें अर्थात् आजसे प्रायः २५ वर्ष पहले लिखा गया था।—अनुवादक।

तीव्र घृणायुक्त बात और जीवनहत्याके सम्बन्धमें उसके नैतिक आदर्शकी श्रेष्ठताका अभिमान याद आ जाता है। पर इस बातको याद करके हमारे हृदयको कुछ भी शान्ति नहीं मिलती।

भारतवासियोंके प्राण और अँगरेजोंके प्राण फाँसीवाली लकड़ीके अटल तराजूपर रखकर एक ही बाँटसे तौले जाते है, जान पड़ता है कि अंगरेज लोग इसे मन ही मन राजनैतिक कुदृष्टान्त स्वरूप समझते हैं।

अँगरेज लोग अपने मनमें यह बात समझ सकते हैं कि हम थोड़ेसे प्रवासी जो पचीस करोड़ विदेशियोंपर शासन कर रहे हैं सो यह शासन किसके बलसे हो रहा है? केवल अस्त्रके ही बलसे नहीं बल्कि नामके बलसे भी। इसीलिये सदा विदेशियोंके मनमें इस बातकी धारणा बनाए रखना आवश्यक है कि तुम लोगोंकी अपेक्षा हम पचीस करोड़ गुना अधिक श्रेष्ठ हैं। यदि हम इस धारणाका लेश मात्र भी उत्पन्न होने दें कि हम और तुम बराबर है तो इससे हमारा बल नष्ट होता है। दोनोंके बीचमे एक बहुत बड़ा परदा है। अधीन जातिके मनमें कुछ अनिर्दिष्ट आशंका और अकारण भय सैकड़ों हजारों सैनिकोंका काम करता है। भारतवासी जब यह देखते है कि आजतक न्यायालयमें हमारे प्राणोंके बदलेमें कभी किसी अँगरेजको प्राणत्याग नहीं करना पड़ा तब उनका वह सम्भ्रम और भी दृढ हो जाता है। वे मनमें समझते है कि हमारे प्राणों और किसी अँगरेजके प्राणोंमें बहुत अंतर है और इसीलिये असह्य अपमान अथवा नितान्त आत्मरक्षाके अवसरपर भी किसी अँगरेजके शरीरपर हाथ छोड़नेमें उन्हें बहुत आगा-पीछा करना पड़ता है।

यह बात जोर देकर कहना कठिन है कि अँगरेजोंके मनमें इस पालिसीका ध्यान स्पष्ट अथवा अस्पष्ट रूपसे है या नहीं। लेकिन इस बातका

बहुत कुछ निश्चयपूर्वक अनुमान किया जा सकता है कि वे अपने मन ही मन अपने जातिभाइयोंके प्राणोंकी पवित्रता बहुत अधिक समझते हैं। यदि कोई अंगरेज किसी भारतवासीकी हत्या कर डाले तो अवश्य ही वह इस हत्यासे बहुत दुःखी होता है। उसे वह अपने मनमें एक 'ग्रेट मिस्टेक' (बहुत बड़ी भूल) यहांतक कि 'ग्रेट शेम' (बहुत लज्जाकी बात) की बात भी समझ सकता है। लेकिन इसके बदलेमें दंडस्वरूप किसी युरोपियनके प्राण लेना कभी समुचित नहीं समझा जाता। यदि कानूनमें फांसीकी अपेक्षा कोई और छोटा दंड निर्दिष्ट होता तो भारतवासीकी हत्याके अपराधमें अँगरेजको दंड मिलनेकी बहुत अधिक संभावना होती। जिस जातिको अपनी अपेक्षा बहुत अधिक निकृष्ट समझा जाता हो उस जातिके सम्बन्धमें कानूनकी धाराओंमें पक्षपातहीनताका विधान भले ही हुआ करे लेकिन हाकिमके अन्तःकरणमें पक्षपातहीनताके भावका रक्षित रहना कठिन हो जाता है। उस अवसरपर प्रमाणकी साधारण त्रुटि, गवाहकी सामान्य भूल और कानूनकी भाषाका तिलमात्र छिद्र भी स्वभावतः बढ़कर इतना बड़ा हो जाता है कि अँगरेज अपराधी अनायास ही उसमेंसे निकलकर बाहर जा सकता है।

हमारे देशके लोगोंकी पर्यवेक्षण शक्ति और घटना-स्मृति वैसी अच्छी और प्रबल नहीं है। हमें अपना यह दोष स्वीकृत करना ही पड़ेगा कि हम लोगोंके स्वभावमें मानसिक शिथिलता और कल्पनाकी उच्छृंखलता है। यदि हम किसी घटनाके समय ठीक उसी जगह उपस्थित रहें तो भी आदिसे अन्ततक उस घटनाकी सारी बातें क्रमानुसार हमें याद नहीं रह सकतीं। इसीलिये हम लोगोंके वर्णनमें असंगति और संशय रहा करता है और भयके कारण अथवा

तर्कके सामने परिचित मन्य घटनाका सूत्र भी हम खा बैठते हैं। इसी लिये हम लोगोंके गवाहोंके सच और झूठका सूक्ष्मरूपसे निर्धारण करना विदेशी विचारकोंके लिये सदा ही कठिन होता है। और तिसपर अभियुक्त जब उन्हींके देशका होता है तब यह कठिनता सौगुनी बल्कि हजार गुनी हो जाती है। और फिर विशेषत: जब स्वभावसे ही अँगरेजोंके सामने कम पहननेवाले, कम खानेवाले, कम प्रतिष्ठावाले और कम बलवाले भारतवासीके 'प्राणकी पवित्रता' उनके देशभाइयोंके मुकाबलेमें बहुत ही कम और परिमित होती है तब भारतवासियोंके लिये यथोचित प्रमाण संग्रह करना एक प्रकारसे बिलकुल असंभव हो जाता है। इस तरह एक तो हम लोगोंके गवाह ही दुर्बल होते हैं और फिर हमारे तिल्ली आदि शरीर-यन्त्र बहुत कुछ त्रुटिपूर्ण बतलाये जाते हैं, इस लिये हम लोग बहुत ही सहजमें मर भी जाते हैं और इस संबंधमें न्यायालयसे उचित विचार कराना भी हम लोगोंके लिये दुस्साध्य होता है।

लज्जा और दुःखके साथ हमें इन सब दुर्बलताओंको स्वीकृत करना पड़ता है, लेकिन उसके साथ ही साथ इस सत्य बातको भी प्रकाशित कर देना उचित जान पड़ता है कि इस प्रकारकी घटनाओंके लगातार होनेके कारण इस देशके लोगोंका चित्त बहुत अधिक क्षुब्ध होता जाता है। साधारण लोग कानून और प्रमाणोंका सूक्ष्म विचार नहीं कर सकते। यह बात बार बार और बहुत ही थोड़े थोड़े समयपर देखनेमें आती है कि भारतवासीकी हत्या करनेपर कभी किसी अँगरेजको प्राणदण्ड नहीं दिया जाता और इस बातको देखते तथा समझते हुए भारतवासियोंके मनमें अँगरेजोंकी निष्पक्ष न्यायपरताके सम्बन्धमें बहुत बड़ा सन्देह उत्पन्न होता है।

हम साधारण मनुष्योंकी मूढ़ताको क्यों दोष दें, स्वयं सरकार ही उपयुक्त और अनुरूप अवसर पाकर क्या करती है? जब सरकार देखती है कि कोई डिपुटी मजिस्ट्रेट अधिकांश असामियोंको छोड़ देता है तब गवर्नमेण्ट यह नहीं सोचती कि संभवतः यह डिपुटी मजिस्ट्रेट दूसरे मजिस्ट्रेटोंकी अपेक्षा अधिकतर न्यायशील है, इसी लिये यह गवाहोंके सच और झूठका बिना सूक्ष्म रूपसे और पूरा पूरा निर्णय किए असामीको दंड देनेमें संकोच करता है। अतः इसकी इस सचेतन धर्मबुद्धि और सतर्क न्यायपरताके लिये जल्दी ही इसकी पदवृद्धि कर देना कर्त्तव्य है। अथवा यदि सरकार देखती है कि किसी पुलिस कर्मचारीके इलाकेमें जितने अपराध होते हैं उनकी अपेक्षा बहुत कम अपराधी पकड़े जाते हैं अथवा वह यह देखती है कि चलान किए हुए असामियोंमेंसे बहुतसे असामी छूट जाते हैं, तब वह अपने मनमें यह नहीं सोचती कि संभवतः यह पुलिस कर्मचारी दूसरे पुलिस कर्मचारियोंकी अपेक्षा अधिक सत्प्रकृतिका मनुष्य है। यह भले आदमियोंका चोरीमें चलान नहीं करता अथवा स्वयं झूठी गवाहियाँ तैयार करके मुकदमेंकी सब कमजोरियोंको दूर नहीं कर देता, अतः पुरस्कार स्वरूप जल्दी ही इसके ग्रेडकी वृद्धि कर देना उचित है। हमने जो इन दो आनुमानिक दृष्टान्तोंका उल्लेख किया है ये दोनों ही संभवतः न्याय और धर्मकी ओर ही अधिक हैं। लेकिन यह बात किसीसे छिपी नहीं है कि सरकारके हाथों इस प्रकारके अभागे भले आदमियोंका कभी सम्मान या तरक्की नहीं होती।

सर्वसाधारण भी सरकारकी अपेक्षा अधिक सूक्ष्मबुद्धिवाले नहीं हैं। वे भी खूब मोटे हिसाबसे हर एक बातका विचार करते हैं। वे कहते कि हम इतने आईन कानून और गवाह-सबूत कुछ नहीं समझते।

भला यह कैसी बात है कि किसी भारतवासीकी हत्याके अपराधमें आजतक एक अँगरेजको भी उपयुक्त दण्ड नहीं मिला!

यदि बार बार चोट लगनेके कारण साधारण प्रजाके हृदयमें कोई भारी घाव हो गया हो तो उस घावको चुपचाप छिपा रखना राज-भक्ति नहीं है। इसीलिये हम लोगोंकी तरफसे बाबू कहलानेवाले लोग इन सब बातोंको प्रकट रूपसे कह देना ही अपना कर्तव्य समझते हैं। हम लोग भारतवर्षको चलानेवाले भापके इंजिनमें लगे हुए ताप-मानयंत्र मात्र हैं। हम लोगोंकी निजकी कोई शक्ति नहीं है। हम लोग लोहेके छोटे और बड़े विचित्र चक्रोंको चलानेकी कोई शक्ति नहीं रखते। केवल वैज्ञानिक गूढ़ नियमके अनुसार समय समयपर हम लोगोंका चंचल पारा अचानक ऊपरकी ओर चढ़ जाता है, लेकिन इसके लिये इंजीनियरका यह कर्तव्य नहीं है कि वह हमसे नाराज हो जाय। अगर वह धीरेसे एक भी मुक्का मार दे तो यह क्षुद्र क्षणभंगुर पदार्थ टूट जाय और इसका सारा पारा इधर उधर छितराकर नष्ट हो जाय। लेकिन इंजिनके बायलरमें जो ताप होता है उसके परिमाणका निर्णय करना यंत्र चलानेके कामका एक प्रधान अंग है। अँगरेज लोग प्रायः उग्रमूर्ति धारण करके कहा करते हैं कि सर्व साधारणके नाम-पर अपना परिचय देने और बोलनेवाले तुम कौन होते हो? तुम लोग तो हमारे ही स्कूलोंसे निकले हुए थोड़ेसे बातें बनानेवाले अँगरेजीदाँ हो न!

सरकार, हम लोग कोई नहीं हैं। लेकिन तुम्हारी केवल विरक्ति और क्रोधके कारण हम अनुमान करते हैं कि हम लोगोंको तुम बहुत ही सामान्य नहीं समझते और फिर हमें सामान्य समझना तुम्हारे लिये उचित भी नहीं है। यद्यपि हम शिक्षित लोग संख्यामें बहुत ही थोड़े हैं तो भी शिक्षित-समाज भारतवर्षमें केवल शिक्षित सम्प्रदायमें

ही कुछ शिक्षा और हृदयकी एकता है और यही शिक्षित लोग हैं भारतवासियोंके हृदयकी वेदना स्पष्ट रूपसे प्रकट कर सकते हैं और अनेक उपायोंसे उस वेदनाको संचारित भी कर सकते हैं। सरकारकी राजनीतिका यह एक प्रधान अंग होना चाहिए कि वह बराबर मनोयोगपूर्वक इस बातकी आलोचना करती रहे कि इस शिक्षित सम्प्रदायके हृदयपर कब और किस प्रकारका आघात, अभिघात होता है। लक्षणोंसे जहाँतक मालूम होता है वहाँतक यही पता चलता है कि सरकार इस विषयमें बिलकुल उदासीन नहीं है।

हम जिस घटनाकी आलोचना कर रहे हैं वह दो कारणोंसे हमारे हृदयपर चोट पहुँचाती है। पहला कारण यह है कि जब कभी अत्याचारकी कोई बात सुनाई पड़ती है तब उस अत्याचारके लिये उपयुक्त दण्डकी आशासे चित्त व्यग्र हो जाता है और चाहे जिस लिये हो लेकिन जब अपराधी दण्डसे बच जाता है तब हृदय बहुत क्षुब्ध होता है। दूसरा कारण यह है कि इन सब घटनाओंसे यह पता चलता है कि हम लोगोंका बहुत बड़ा जातीय अपमान हुआ है, इसलिये हम लोग बहुत मर्माहत होते हैं।

अपराधीका छूट जाना भले ही बुरा हो लेकिन अदृष्टवादी भारतवर्ष न्यायालयके विचारके सामने कुछ भी असंभव नहीं समझता। कानून इतना जटिल है, गवाहियाँ इतनी फिसल जानेवाली है और ममत्वहीन अवज्ञाकारी विदेशियोंके लिये इस देशके लोगोंका चरित्रज्ञान इतना दुर्लभ है कि मुकदमा, जिसका परिणाम बहुत अनिश्चित होता है, बिलकुल जूएके खेलकी तरह जान पड़ता है। इसीलिये जिस प्रकार जूएके खेलमें एक प्रकारका मोहकारी उत्तेजन होता है उसी प्रकार हमारे देशमें ...से लोगोंको मुकदमेबाजीका एक नशासा हो जाता है। इसलिये

जब कि सर्वसाधारणको इस प्रकारकी एक धारणा हो गई है कि मुक-दमेका परिणाम बिलकुल अनिश्चित होता है और जब इस विषयमें उस अनिश्चिततासे उत्पन्न हुआ हम लोगोंका स्वभावदोष भी बहुत कुछ उत्तरदायी है तब बीच बीचमें निर्दोषका पीड़न और दोषीका छुटकारा शोचनीय परन्तु अवश्यम्भावी माळूम होता है।

लेकिन जब बार बार यही देखा जाता है कि युरोपीय अपराधी छूट जाते हैं और इस सम्बन्धमें शासक लोग बिलकुल उदासीन रहते हैं तब इससे यही पता चलता है कि अँगरेज लोग भारतवासियोंके साथ हृदयसे लापरवाहीका व्यवहार करते है। इसी अपमानका धिक्कार हृद-यमें काँटेकी तरह स्थायी रूपसे चुभा रहता है।

यदि इससे बिलकुल उलटी घटनायें होतीं, यदि थोड़े ही समयमें भारतवासियोंके द्वारा बहुतसे युरोपियन मारे जाते और विचार होनेपर प्रत्येक अभियुक्त छूट जाता तो इस प्रकारकी दुर्घटनाओंकी सारी संभावना नष्ट करनेके लिये हजारों तरहके उपाय सोचे जाते। लेकिन जब प्राच्य भारतवासी व्यर्थ गोलियाँ और लाठियाँ खाकर मरते है तब पाश्चात्य शासकोंमें किसी प्रकारकी दुर्भावनाके लक्षण नहीं दिखाई देते। यह भी नहीं सुननेमें आता कि कहीं इस प्रकारका कोई प्रश्न उठा है कि ये सब उपद्रव किस प्रकार दूर किए जा सकते हैं?

लेकिन हम लोगोंके प्रति शासकोंकी जो यह अवज्ञा है, उसके लिये प्रधानतः हम ही लोग धिक्कारके योग्य हैं क्योंकि हम लोगोंको यह बात किसी प्रकार भूल न जानी चाहिए कि सम्मान कभी कानू-नकी सहायतासे प्राप्त नहीं किया जा सकता। सम्मान सदा अपने ें ही होता है। हम लोगोंने जिस प्रकार गिड़गिड़ा कर अदा-

लतोंमें फरियाद करना आरम्भ किया है उससे हम लोगोंकी आत्म-मर्य्यादा बहुत ही घटती जा रही है।

उदाहरणके लिये हम उस घटनाका उल्लेख कर सकते हैं जिसमें खुल्नाके मजिस्ट्रेटने अपने मुहर्रिरको मारा था। लेकिन यह बात पहले-से ही बतला देना आवश्यक है कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट बेल साहब बहुत ही दयालु उन्नत विचारके और सहृदय मनुष्य हैं और उनमें भारतवासियोंके प्रति उदासीनता या अवज्ञा नहीं है। हमारा विश्वास है कि उन्होंने जो मुहर्रिरको मारा था उससे केवल दुर्द्धर्ष अँगरेजोंके स्वभावकी हठकारिता ही प्रकट होती है बंगालियोंके प्रति घृणा नहीं। जिस समय जठरानल प्रज्वलित होता है उस समय बहुत ही साधारण कारणसे भी क्रोधानल भड़क उठता है। यह बात भारतवासियोंमें भी होती है और अँगरेजोंमें भी, इस लिये इस घटनाके सम्बन्धमें विजातिद्वेषका प्रश्न उठाना उचित नहीं है।

लेकिन वादीकी ओरके बंगाली बैरिस्टर महाशयने इस मुकदमेके समय कई बार कहा था कि मुहर्रिरोंको मारना अँगरेजोंके लिये उचित नहीं है। क्योंकि बेल साहब यह बात जानते थे अथवा उन्हें यह जानना चाहिए था कि मुहर्रिर उलटकर हमें मार नहीं सकता है।

यदि यह बात सच हो तो यथार्थ लज्जा उसी मुहर्रिर और उस मुहर्रिरकी जातिके लोगोंको होनी चाहिए। क्योंकि अचानक क्रोधमें आकर किसीको मार बैठना मनुष्यकी दुर्बलता है। लेकिन मार खाकर बिना उसका बदला चुकाए रोने लगना कायरकी दुर्बलता है। हम यह बात कह सकते हैं कि मुहर्रिर यदि उलटकर बेल साहबको मार बैठता तो सच्चे अँगरेजकी तरह वे भी मन ही मन उसपर श्रद्धा करते। हमें सच्चाईसे और प्रसन्नतापूर्वक स्वीकृत करना चाहिए कि यह बात

बिलकुल ध्रुव है कि बहुत अधिक अपमानित होने पर भी एक मुह-र्रिर किसी अँगरेजको उलट कर मार नहीं सकता और हमारी समझमें केवल इसीलिये अँगरेजोंको अधिक दोषी ठहराना बहुत ही अनावश्यक और लज्जाजनक है।

इस बातकी ओर हम लोगोंका ध्यान रखना उचित हो सकता है कि मार खानेवाले मुहर्रिरको कानूनके अनुसार जो कुछ प्रतिकार मिल सकता हो उस प्रतिकारसे वह तनिक भी वंचित न हो, लेकिन हमें इस बातका कोई कारण नहीं दिखलाई देता कि जब वह मार खाकर और अपमानित होकर रोता गाता है तब सारे देशके लोग मिलकर खूब हो-हल्ला करें और केवल विदेशीको ही गाली गलौज दें। बेल साहबका व्यवहार प्रशंसनीय नहीं था। लेकिन मुहर्रिर और उसके पास रहनेवाले दूसरे आदमियोंका आचरण भी हेय था और खुलनाके बंगाली डिपुटी मजिस्ट्रेटके आचरणने तो हीनता और अन्यायको एकत्र मिलाकर सबसे अधिक बीभत्सपूर्ण कर दिया है।

थोड़े ही दिन हुए इसी प्रकारकी एक घटना पबनामें हुई थी। वहाँ म्युनिसिपैलिटीके घाटपरके एक ब्राह्मण कर्मचारीने पुलिसके साहबके पंखाकुलीसे वाजिब महसूल लेना चाहा था, इसपर पुलिसके साहबने उस ब्राह्मण कर्मचारीको अपने घर ले जाकर उसकी बहुत अधिक दुर्दशा की। बंगाली मजिस्ट्रेटने उस अपराधी अँगरेजको तो बिना किसी प्रकारका दंड दिए ही केवल सचेत करके छोड़ दिया परन्तु जब उस पंखाकुलीने उक्त ब्राह्मणके नाम दंगा करनेकी नालिश की तब ब्राह्मणको बिना जुरमाना किए न छोड़ा!

जिस कारणसे बंगाली मजिस्ट्रेटने प्रबल अँगरेज अपराधीको केवल सचेत करके छोड़ दिया और असमर्थ बंगाली अभियुक्तका जुर-

माना कर दिया वही कारण हम लोगोंकी जातिकी नसनसमें घुसा हुआ है। हम स्वयं ही अपने हाथों अपनी जातिके लोगोंका जो सम्मान करना नहीं जानते, हम लोग आशा करते हैं कि अँगरेज हम लोगोंका वही सम्मान आपसे आप करेंगे!

एक भारतवासी जब चुपचाप मार खाता है और दूसरा भारतवासी उस दृश्यको कुतूहलपूर्वक देखता है और जब बिना किसी प्रकारकी लज्जाके भारतवासी यह बात स्वीकृत करते हैं कि किसी भारतवासीके हाथसे इस अपमानके प्रतिकारकी आशा नहीं की जा सकती, तब यही समझना चाहिए कि अँगरेजोंके द्वारा हत और आहत होनेका मूल और प्रधान कारण स्वयं हम लोगोंके स्वभावमें ही है और इस कारणको सरकार किसी प्रकारके कानून अथवा विचारके द्वारा कभी दूर नहीं कर सकती।

हम लोग जब यह सुनते हैं कि किसी अँगरेजने एक भारतवासीका अपमान किया है तब चट आक्षेप करते हुए कह बैठते हैं कि वह अँगरेज किसी दूसरे अँगरेजके ही साथ कभी ऐसा व्यवहार न करता। खैर, यह मान लिया कि वह किसी दूसरे अँगरेजके साथ ऐसा व्यवहार न करता लेकिन अँगरेजके ऊपर क्रोध करनेकी अपेक्षा यदि हम स्वयं अपने ही ऊपर क्रोध करें तो इससे कुछ अधिक फल हो सकता है। जिन जिन कारणोंसे एक अँगरेज सहसा किसी दूसरे अँगरेजपर हाथ छोड़नेका साहस नहीं करता यदि वे ही सब कारण उसे हमपर हाथ छोड़ते समय नजर आने लगें तो हमारे साथ भी वैसा ही अनुकूल आचरण हो और हम लोगोको इस प्रकार गिड़गिड़ाकर रोना गाना न पड़े।

पहले तो हमें अच्छी तरह यही देखना चाहिए कि एक भारत-[illegible]के साथ दूसरा भारतवासी कैसा व्यवहार करता है। क्योंकि हम

लोगोंकी सारी शिक्षा इसीपर निर्भर है। क्या हम लोग अपने नौकरोंको नहीं मारते? क्या हम लोग अपने अधीनस्थ लोगोंके साथ उदंडताका व्यवहार नहीं करते और निम्नश्रेणीके लोगोंके प्रति सदा असम्मान प्रकट नहीं करते? हम लोगोंका समाज जगह जगह उच्च और नीचमें विभक्त है। जो व्यक्ति कुछ भी उच्च होता है वह नीच जातिवाले व्यक्तिसे अपरिमित अधीनताकी आशा करता है। यदि कोई निम्नवर्त्ती मनुष्य तनिक भी स्वतंत्रता प्रकट करता है तो ऊपरवालोंको उसका वह स्वतंत्रता प्रकट करना असह्य जान पड़ता है। भले आदमी तो यही समझते हैं कि देहाती और गँवार किसान मनुष्योंमें गिने जानेके योग्य ही नहीं हैं। यदि किसी सशक्त मनुष्यके सामने कोई अशक्त मनुष्य पूरी तरहसे दबकर न रहे तो उसे जबरदस्ती अच्छी तरह दबा देनेकी चेष्टा की जाती है। यह तो बराबर देखा ही जाता है कि चौकीदारके ऊपर कान्स्टेबुल और कान्स्टेबुलके ऊपर दारोगा केवल सरकारी काम ही नहीं लेते, वे केवल अपने उच्चतर पदका उचित सम्मान प्राप्त करके ही सन्तुष्ट नहीं होते बल्कि उसके साथ साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियोंसे गुलामी करानेका भी दावा रखते हैं। चौकीदारके लिये कान्स्टेबुल एक यथेच्छाचारी राजा होता है और कान्स्टेबुलके लिये दारोगा भी वैसा ही अत्याचारी राजा होता है। इस प्रकार हमारे समाजमें सभी जगह छोटोंको बड़े लोग जिस प्रकार अपने नीचे दबाए रखना चाहते हैं उसकी कोई सीमा ही नहीं है। समाजमें ऊपर ऊपर प्रभुत्वका भार पड़ा हुआ है जिससे हमारी नसनसमें दासत्व और भय घुसा रहता है। उससे हम लोगोंका जो निरन्तर अपमान होता है वह हम लोगोंको अपमानसहनके लिये पूरी तरहसे तैयार कर रखता है। इसीसे हम लोग अपने अधीनस्थ लोगोंके प्रति

अपाचारी, अपनी बराबरीके लोगोंके प्रति ईर्ष्यान्वित और ऊपरवाले लोगोंके सामने बिके हुए गुलाम बनना सीखते हैं। हम लोगोंकी हर दमकी उसी शिक्षामें हम लोगोंके सारे व्यक्तिगत और जातीय अपमानोंका मूल छिपा हुआ है। गुरुके प्रति भक्ति करके, प्रभुकी सेवा करके और अन्य मान्य लोगोंका यथोचित सम्मान करके भी मनुष्यमात्रमें जो एक मनुष्योचित आत्ममर्यादा रहनी चाहिए उसकी रक्षा की जा सकती है। लेकिन यदि हमारे गुरु, हमारे प्रभु, हमारे राजा या हमारे मान्य लोग उस आत्ममर्यादाका भी अपहरण कर लें तो उससे मनुष्यत्वमें बड़ा भारी हस्तक्षेप होता है। इन्हीं सब कारणोंसे हम लोग सचमुच ही मनुष्यत्वसे बिलकुल हीन हो गए हैं और इन्हीं कारणोंसे एक अँगरेज दूसरे अँगरेजके साथ जैसा व्यवहार करता है उस प्रकार वह हमारे साथ व्यवहार नहीं करता।

घर और समाजकी शिक्षासे जब हम उस मनुष्यत्वका उपार्जन कर सकेंगे तभी अँगरेज हम लोगोंके प्रति श्रद्धा करनेको बाध्य होंगे और हमारा अपमान करनेका साहस न करेंगे। अँगरेज सरकारसे हम लोग बहुत कुछ आशा कर सकते हैं लेकिन स्वाभाविक नियमको बदलना उसके लिये भी सम्भव नहीं है। और संसारका यह एक स्वाभाविक नियम है कि हीनताके प्रति आघात और अवमानना होती ही है।

रुद्रमूर्ति धारण की। उन्होंने नगरके तेरह भले आदमी हिन्दुओंको जेल भेज दिया।

हाकिम बहुत जबरदस्त हैं, कानून बहुत कठिन है, और शासन बहुत कड़ा है, लेकिन इसमें सन्देह है कि इन सब बातोंसे स्थायी शान्ति हो सकती है या नहीं। जिस स्थानपर विरोध नहीं होता उस स्थानपर ऐसी बातोंसे विरोध उठ खड़ा होता है, जहाँ विद्वेषका बीज भी नहीं होता वहाँ विद्वेषके अंकुर और पल्लव निकल आते हैं। प्रबल प्रतापसे यदि शान्ति स्थापित करनेका प्रयत्न किया जाय तो उससे अशान्ति उठ खड़ी होती है।

यह बात सभी लोग जानते हैं कि बहुतसी असभ्य जातियोंमें और किसी प्रकारकी चिकित्सा नहीं होती केवल भूतों और प्रेतोंकी झाड़-फूँक होती है। वे लोग गरज गरजकर नाचते हैं और रोगीको धरपकड़कर प्रलय उपस्थित कर देते हैं। यदि अँगरेज लोग हिन्दुओं और मुसलमानोंके विरोधरूपी रोगकी उसी आदिम प्रणालीसे चिकित्सा करना आरम्भ कर दें तो उससे रोगीकी मृत्युतक हो सकती है, परन्तु रोगके शमनकी कोई सम्भावना नहीं हो सकती। और फिर ओझा लोग जिस भूतको झाड़कर उतार लाते हैं उस भूतको शान्त करना बहुत कठिन हो जाता है।

बहुतसे हिन्दुओंका यह विश्वास है कि सरकारका आन्तरिक अभिप्राय यह नहीं है कि विरोध मिटा दिया जाय। सरकार केवल इसी लिये दोनों सम्प्रदायोंमें धार्मिक विद्वेष बनाए रखना चाहती है कि जिसमें पीछेसे कांग्रेस आदिकी चेष्टासे हिन्दू और मुसलमान क्रमशः एकताके मार्गमें आगे न बढ़ने लग जायँ और वह मुसलमानोंके द्वारा

हिन्दुओंका अभिमान तोड़कर मुसलमानोंको सन्तुष्ट और हिन्दुओंको दवाए रखना चाहती है।

लेकिन लार्ड लैन्सडाउनसे लेकर लार्ड हैरिस तक सभी लोग कहते हैं कि जो व्यक्ति ऐसी बात मुँहपर लावे वह पाखण्डी और झूठा है। अँगरेज सरकार हिन्दुओंकी अपेक्षा मुसलमानोंके प्रति अधिक पक्षपात प्रकट करती है इस अपवादको भी वे लोग बिलकुल निर्मूल बतलाते और इसका तिरस्कार करते हैं।

हम भी उन लोगोंकी वातोंका अविश्वास नहीं करते। कांग्रेसके प्रति सरकारकी गहरी प्रीति न हो और यह भी पूर्ण रूपसे सम्भव है कि उन लोगोंकी यह भी इच्छा हो कि मुसलमान लोग हिन्दुओंके साथ मिलकर कांग्रेसको बलवान् न कर दें, लेकिन फिर भी राज्यके दो प्रधान सम्प्रदायोंकी अनेकताको विरोधमें परिणत कर देना किसी परिणामदर्शी और विवेचक सरकारका अभिप्राय नहीं हो सकता। अनेकता बनी रहे, अच्छी बात है, लेकिन सरकारके सुशासनमें उसे शान्तमूर्ति धारण करके रहना चाहिए। सरकारके मनमें इस अभिप्रायका होना भी असम्भव नहीं है कि जिस प्रकार हमारे बारूदखानेमें बारूद शीतल होकर पड़ी रहती है और फिर भी उसकी दाहक शक्ति नष्ट नहीं हो जाती, हमारी राजनैतिक शस्त्रशालामें हिन्दुओं और मुसलमानोंका आन्तरिक असद्भाव भी उसी प्रकार शीतल भावसे रक्षित रहना चाहिए।

इसी लिये हमारी सरकार हिन्दुओं और मुसलमानोंके गाली-गलौजका दृश्य देखनेके लिये भी व्याकुलता नहीं प्रकट करती और मारपीटके दृश्यको भी सुशासनके लिये हानिकारक समझकर उससे विरक्त रहती है।

बात सदा देखनेमें आती है कि जब दो पक्षोंमें विरोध होता
शान्तिभंगकी आशंका उपस्थित होती है तब मजिस्ट्रेट सूक्ष्म
ओर नहीं जाते और दोनों ही पक्षोंको समान भावसे दबा
चेष्टा करते हैं। क्योंकि साधारण नियम यही है कि एक
भी ताली नहीं बजती। लेकिन हिन्दुओं और मुसलमानोंके
सम्बन्धमें सर्व साधारणका यह विश्वास दृढ हो गया है कि
कांश हिन्दुओंका ही होता है और आश्रय अधिकांश मुसल-
ही मिलता है। इस प्रकारके विश्वासके उत्पन्न हो जानेसे दोनों
में ईर्ष्याकी आग और भी अधिक भड़क उठती है और
नपर कभी किसी प्रकारका विरोध नहीं होता उस स्थानपर
क लोग सबसे पहले निर्मूल आशंकाकी कल्पना करके एक
हुत दिनोंका अधिकार छीनकर दूसरे पक्षका साहस और
ढ़ा देते हैं और इस प्रकार बहुत दिनोतक चलनेवाले विरोधका
देया जाता है।

ओंके प्रति सरकारका किसी विशेप प्रकारका विराग न होना ही
लेकिन केवल सरकारकी पालिसीके द्वारा ही उसका सारा
चल सकता। प्राकृतिक नियम भी कोई चीज है। स्वर्ग-
बन देवका किसी प्रकारका असाधु उद्देश्य नहीं हो सकता,
र भी उत्तापके नियमके अधीन होकर उनके मर्त्यराज्यके अनुचर
ायु यहाँ अनेक अवसरोंपर एकाएक प्रबल आँधी चला देते हैं।
तरकारके स्वर्गलोकका ठीक ठीक हाल नहीं कह सकते, वह हाल
डाउन और लार्ड हैरिस ही जानते हैं; किन्तु हम लोग अपनी
की हवामें कुछ गड़बड़ी अवश्य देखते हैं। स्वर्गधामसे 'मा भैः
ी आवाज आती है लेकिन हमलोगोंके आसपास जो देवचर लोग

है उनमें कुछ अधिक गरमीके लक्षण दिखाई देते हैं। मुसलमान लोग भी जानते हैं कि हमारे लिये विष्णुके दूत खड़े हुए आसरा देख रहे हैं और हम लोग भी मन ही मन काँपते हुए इस बातका अनुभव करते हैं कि हम लोगोंके लिये दरवाजेके पास हाथमें गदा लिए हुए यमके दूत बैठे हुए हैं और ऊपरसे उन यमदूतोंकी खोराकी हमें अपने पल्लेसे देनी पड़ेगी।

इस बातपर भी विश्वास नहीं होता कि हम लोग हवाकी गतिका जिस रूपमें अनुभव करते हैं वह बिलकुल ही निर्मूलक है। थोड़े ही दिन हुए स्टेट्समैन नामक समाचारपत्रमें गवर्नमेन्टके उच्च उपाधिधारी किसी श्रद्धेय अँगरेज सिविलियनने यह बात प्रकाशित कराई थी कि आजकल भारतमें रहनेवाले साधारण अँगरेजोंके मनमें हिन्दुओंके प्रति विद्वेषका कुछ भाव व्याप्त हो रहा है और मुसलमान जातिके प्रति उनमें एक आकस्मिक वात्सल्य रसका उद्रेक दिखाई देता है। यदि हमारे मुसलमान भाइयोंके लिये अँगरेजोंके स्तनोंमें दूध उतरता हो तो यह बात हमारे लिये आनन्दकी ही है, लेकिन हम लोगोंके लिये यदि केवल पित्तका ही संचार होता हो तो निष्कपट भावसे उस आनन्दको प्रकट करना कठिन हो जाता है।

यह बात नहीं है कि केवल राग या द्वेषके कारण ही पक्षपात अथवा अविचार हुआ करता हो, भयके कारण भी न्यायपरताके सम-तूलका काँटा बहुत कुछ काँपने लगता है। हम लोगोंको इस बातका सन्देह होता है कि अँगरेज लोग मुसलमानोंसे मन ही मन कुछ डरते हैं। इसीलिये राजदण्ड मुसलमानोंके सामने हल्का हुआ हिन्दुओंके ठीक सिरपर कुछ जोरके साथ गिरता है।

इसी मसलहतको कहते हैं—"दाईको [illegible] दूधको निकला।" यदि दाईको कुछ अन्यत्रपूर्वक भी मना [illegible] हो वह मर लेती है।

लेकिन बहू ठहरी पराए घरकी लड़की। यदि न्यायपूर्वक भी कोई उसपर हाथ छोड़ना चाहे तो सम्भव है कि वह उसे न सहे और फिर न्याय-विचारका काम एक दमसे बन्द भी नहीं किया जा सकता। यह बात विज्ञानसम्मत है कि जहाँ बाधा बहुत ही कम होती है वहाँ यदि शक्तिका प्रयोग किया जाय तो शीघ्र ही फल प्राप्त होता है। इसलिये यदि हिन्दू मुसलमानोंके झगड़ोंमें शान्तप्रकृति, एकताके बन्धनसे रहित और कानूनी बेकानूनी सभी बातें चुपचाप सहनेवाले हिन्दुओंको दबा दिया जाय तो सहजमें ही मीमांसा हो जाती है। हम यह नहीं कहते कि गवर्नमेन्टकी पालिसी ही यही है। लेकिन इतना अवश्य है कि कार्य्यविधि स्वभावतः और यहाँतक कि अज्ञानतः भी इसी पथका अवलम्बन कर सकती है। यह बात ठीक उसी प्रकार हो सकती है जिस प्रकार नदीका स्रोत कड़ी मिट्टीको छोड़कर आपसे आप ही मुलायम मिट्टीको काटता हुआ चला जाता है।

इस लिये, चाहे गवर्नमेन्टकी हजार दोहाई दी जाय लेकिन हम इस बातपर विश्वास नहीं करते कि सरकार इसका कुछ प्रतिकार कर सकती है। हम लोग कांग्रेसमें सम्मिलित होते हैं, विलायतमें आन्दोलन करते हैं, अखबारोंमें प्रबन्ध लिखते हैं, भारतवर्षके बड़ेसे लेकर छोटे सभी अँगरेज कर्मचारियोंके कामकी स्वाधीनतापूर्वक समालोचना करते हैं, बहुतसे अवसरोंपर उन्हें अपने पदसे हटा देनेमें कृतकार्य होते हैं और इंग्लैण्डनिवासी निष्पक्ष अँगरेजोंकी सहायता लेकर भारतीय शासकोंके विरुद्ध बहुतसे राजविधानोंका संशोधन करानेमें भी समर्थ होते हैं। इन सब व्यवहारोंसे अँगरेज लोग इतना अधिक डर गए हैं कि भारत-राजतंत्रके बड़े बड़े पहाड़ोंकी चोटियोंसे भी राजनीतिसम्मत मौनको फाड़कर बीच बीचमें आगकी लपटें निकलने लगी

है। दूसरी ओर मुसल्मान लोग राजभक्तिके मारे अवनतप्राय होकर कांग्रेसके उद्देश्यमार्गमें बाधास्वरूप खड़े हो गए हैं। इन्हीं सब कारणोंसे अँगरेजोंके मनमें एक प्रकारका विकार हो गया है—सरकारका इसमें कोई हाथ नहीं है।

केवल इतना ही नहीं है बल्कि अँगरेजोंके मनमें कांग्रेसकी अपेक्षा गोरक्षिणी सभाओंने और भी अधिक खलबली डाल दी थी। वे लोग जानते हैं कि इतिहासके प्रारम्भकालसे ही जो हिन्दू जाति आत्मरक्षाके लिये कभी एकत्र नहीं हो सकती वही जाति गोरक्षाके लिये तुरन्त एकत्र हो सकती है। इसलिये, जब इसी गोरक्षाके कारण हिन्दुओं और मुसल्मानोंके विरोधका आरम्भ हुआ तब स्वभावतः ही मुसल्मानोंके साथ अँगरेजोंकी सहानुभूति बढ़ गई थी। उस समय अविचलित चित्त और निष्पक्ष भावसे इस बातका विचार करनेकी शक्ति बहुत ही थोड़े अँगरेजोंमें थी कि इस समय कौन पक्ष अधिक अपराधी है अथवा दोनों ही पक्ष थोड़े बहुत अपराधी हैं या नहीं। उस समय वे डरते हुए सबसे अधिक इसी बातका विचार किया करते थे कि यह राजनीतिक संकट किस प्रकार दूर किया जा सकता है। हमने साधनाके तीसरे खंडमें 'अँगरेजोंका आतंक' नामक प्रबन्धमें सन्थालोंके दमनका उदाहरण देकर दिखलाया है कि जब आदमी डर जाता है तब उसमें सुविचार करनेका धैर्य्य नहीं रह जाता और जो लोग जानबूझकर अथवा बिना जानेबूझे डरका कारण होते हैं उन लोगोंके प्रति मनमें एक निष्ठुर हिंस्रभाव उत्पन्न हो जाता है। इसी लिये, गवर्नमेन्ट नामक यंत्र चाहे जितना निरपेक्ष रहे लेकिन फिर भी, चाहे यह बात बार बार अस्वीकृत कर दी जाय, इस बातके लक्षण स्पष्ट रूपसे पहले भी दिखलाई देते थे और अब भी दिखलाई देते हैं कि गवर्नमेन्टके

छोटे बड़े सभी पत्री आदिसे अन्त तक बिल्कुल घबरा गए थे। और जब साधारण भारतीय लोगोंके मनमें तरह तरहके स्वाभाविक कारणोंसे एक बार इस प्रकारका विकार उत्पन्न हो गया है, तब उसका जो फल है वह बराबर फलता ही रहेगा। राजा कैन्यूट जिस प्रकार समुद्रकी तरंगोंको रोक नहीं सका था उसी प्रकार गवर्नमेन्ट भी इस स्वाभाविक नियममें बाधा नहीं दे सकती।

प्रश्न हो सकता है कि तब फिर क्यों व्यर्थ ही यह आन्दोलन किया जाता है अथवा हमारे इस प्रबन्ध लिखनेकी ही क्या आवश्यकता थी? हम यह बात एक बार नहीं हजार बार मानते हैं कि सकरुण अथवा साभिमान स्वरमें गवर्नमेन्टके सामने निवेदन या शिकायत करनेके लिये प्रबन्ध लिखनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। हमारा यह प्रबन्ध केवल अपने जातिभाइयोंके लिये है। हम लोगोंपर जो अन्याय होता है अथवा हम लोगोंके साथ जो अविचार होता है उसके प्रतिकारका सामर्थ्य स्वयं हम लोगोंको छोड़कर और किसीमें नहीं है।

कैन्यूटने समुद्रकी तरंगोंको जिस स्थानपर रुकनेके लिये कहा था समुद्रकी तरंगें उस स्थानपर नहीं रुकीं—उन्होंने जड़ शक्तिके नियमानुसार चलकर ठीक स्थानपर आघात किया था। कैन्यूट मुँहसे कहकर अथवा मंत्रोंका उच्चारण करके उन तरंगोंको नहीं रोक सकता था लेकिन बाँध बाँधकर उन्हें अवश्य रोक सकता था। स्वाभाविक नियमके अनुसार, यदि हम आघात-परम्पराको आधे रास्तेमें ही रोकना चाहें तो, हम लोगोंको भी बाँध बाँधना पड़ेगा, सब लोगोंको मिलकर एक होना पड़ेगा, सबको समहृदय होकर समवेदनाका अनुभव करना पड़ेगा।

हम जानते हैं कि यदि हम अन्यायके विरुद्ध खड़े होना चाहें तो ह
सबसे अधिक डर अपनी जातिका ही होगा। जिसके लिये हम अप
प्राण देनेको तैयार होंगे वही हमारी विपत्तिका प्रधान कारण होगा
हम लोग जिसकी सहायता करने जायँगे वही हमारी सहायता
करेगा। कायर लोग सत्य बातको स्वीकार न करेंगे। जो पीड़ित होंगे
वे अपने कष्टको छिपा रखेंगे। कानून अपना वज्रके समान मुक
उठावेगा और जेलखाना अपना लोहेका मुँह फैलाकर हम लोगोंको
निगलने आवेगा। लेकिन फिर भी सच्चे महत्त्व और स्वाभाविक न्याय
प्रियताके कारण हम लोगोंमेंसे दो चार आदमी भी जब अंत तक
अटल रह सकेंगे तब हम लोगोंके जातीय बंधनका सूत्रपात हो जायगा
और तब हम लोग न्याययुक्त विचार करानेके अधिकारी होंगे।

हिन्दुओं और मुसलमानोंके विरोध अथवा भारतवासियों और अँग-
रेजोंके संघर्षके विषयमें हम जो कुछ अनुमान और अनुभव करते
हैं, हम नहीं कह सकते कि हमारा वह अनुमान और अनुभव ठीक
है या नहीं। और न हम यही जानते हैं कि हम जिस अविचारकी
आशंका करते हैं उसका कोई आधार है या नहीं, लेकिन इतना अवश्य
जानते हैं कि यदि मनुष्य केवल विचारकके अनुग्रह और कर्तव्य-ज्ञान-
पर ही विचारका सारा भार छोड़ दे तो इतनेसे ही वह सुविचारका
अधिकारी नहीं हो सकता। राजतंत्र चाहे कितना ही उन्नत क्यों न
हो, परन्तु यदि उसकी प्रजाकी अवस्था बिलकुल ही गई बीती हो तो
वह राजतंत्र कभी अपने आपको उस उच्चस्थानपर स्थिर नहीं रख
सकता। क्योंकि राज्य मनुष्यके ही द्वारा चलता है। न तो वह देवोंके
द्वारा चलता है और न देवताओंके द्वारा। जब उन मनुष्योंके सामने
हम इस बातका प्रमाण देंगे कि हम भी आदमी हैं तब वे ठीक

कण्ठ-रोध ।*

इस समय हम जिस भाषामें प्रबन्ध पढ़नेके लिये उद्यत हुए हैं वह भाषा यद्यपि बंगालियोंकी भाषा है, दुर्बलोंकी भाषा है, विजित-जातिकी भाषा है तथापि उस भाषासे हमारे शासक लोग डरते हैं। इसका एक कारण है, वे लोग यह भाषा नहीं जानते और जहाँ अज्ञानका अन्धकार होता है वहीं अन्ध आशंकाके प्रेतका निवास होता है।

कारण चाहे कुछ ही क्यों न हो लेकिन जो भाषा हमारे शासक लोग नहीं जानते और जिस भाषासे वे लोग मन ही मन डरते हैं उस भाषामें उन लोगोंके साथ बातचीत करनेमें हमें उनसे भी अधिक डर लगता है। क्योंकि इस बातका विचार उन्हीं लोगोंके हाथमें है कि हम लोग किस भावसे कौनसी बात कहते हैं और हम लोगोंकी बातें असह्य वेदनाके कारण मुँहसे निकलती हैं अथवा दुःसह स्पर्धाके कारण। और इस विचारका फल कुछ ऐसा वैसा नहीं है।

हम लोग विद्रोही नहीं है, बहादुर नहीं हैं और समझते हैं कि शायद नासमझ भी नहीं हैं। हम लोग यह भी नहीं चाहते कि उठा हुआ राजदण्ड हम लोगोंपर गिर पड़े और हम अकस्मात् अकाल-मृत्युके मुँहमें जा पड़ें। लेकिन हम स्पष्ट रूपसे यह बात नहीं जानते

* जिस समय 'सिडिशन बिल' पास हुआ था उस समय यह निबन्ध कलकत्तेके टाउन हालमें पढ़ा गया था।

यद्यपि अँगरेज हम लोगोंके एकेश्वर राजा है और उनकी शक्ति भी अपरिमित है, तथापि वे लोग इस देशमें डरते डरते ही वास करते है। क्षण क्षणपर उनके इस डरका पता पाकर हम लोग विस्मित होते हैं। बहुत दूरपर बैठे हुए रूसके पैरोंकी आहटका केवल अनुमान करके ही वे लोग जिस प्रकार चकित हो जाते हैं उसका हम लोग बहुत ही दु:खके साथ अनुभव करते है। क्योंकि जब जब उनका हृदय काँपता है तब तब हमारी भारत-लक्ष्मीके शून्यप्राय भांडारमें भूकम्प उपस्थित हो जाता है और इस दीन पीड़ित और कंगाल देशके लोगोंकी भूख मिटानेवाला अन्न क्षण भरमें तोपका गोला बन जाता है—हमारे लिये यह लघुपाक खाद्य पदार्थ नहीं है।

बाहरके प्रबल शत्रुके सम्बन्धमें इस प्रकारकी सचकित सतर्कताका समूलक कारण हो भी सकता है, उसकी भीतरी बातें और जटिल तत्त्व हम लोग नहीं समझते।

लेकिन इधर थोड़े दिनोंसे लगातार एकके बाद एक जो कई अभावनीय घटनाएँ हो गई हैं उनसे हमें सहसा यह मालूम हुआ है कि हम लोग बिना कोई चेष्टा किए और बिना किसी कारणके भय उत्पन्न कर रहे है। हम लोग भयंकर हैं! आश्चर्य! पहले हमें कभी इस बातका सन्देह भी नहीं हुआ था।

इतनेमें ही हम लोगोंने देखा कि सरकार बहुत ही चकित भावसे अपनी पुरानी दण्डशालामेंसे कई अव्यवहृत कठोर नियमोंके प्रबल लोहेके सिकड़ बाहर निकालकर उनका मोरचा छुड़ानेके लिये बैठी है। प्रचलित कानूनके मोटे रस्सोंसे भी अब वह हम लोगोंको बाँध नहीं रख सकती—हम लोग बहुत ही भयंकर हो गए है।

ही है तो यह बात निश्चय है कि हम लोग मच्छड़ नहीं हैं—कमसे कम मरे हुए मच्छड़ नहीं हैं!

हमारी जातिमें यदि कुछ प्राण अथवा कुछ शक्तिके संचारकी संभावना हो तो हमारे लिये यह बहुत ही आनन्दकी बात है। इस बातको अस्वीकृत करना ऐसी स्पष्ट कपटता है कि पालिसीके रूपमें तो वह अनावश्यक और प्रवंचनाके रूपमें बिलकुल व्यर्थ है। इसलिये जब हम यह देखते है कि सरकार हम लोगोंकी उस शक्तिको स्वीकृत करती है तो हमारे निराश चित्तमे थोड़ेसे गर्वका संचार हुए बिना नहीं रह सकता! लेकिन दुःखका विषय यह है कि यह गर्व हम लोगोंके लिये मांघातिक है। जिस प्रकार सीपमें मोतीका होना सीपके लिये बुरा होता है उसी तरह हम लोगोंमें इस गर्वका होना भी बुरा है। कोई चालाक गोताखोर हम लोगोंके पेटमें छुरी भोंककर यह गर्व निकाल लेगा और इसे अपने राजमुकुटमें लगा लेगा। अँगरेज अपने आदर्शको देखते हुए हम लोगोंका जो अनुचित सम्मान करते हैं वह सम्मान हम लोगोंके लिये परिहासके साथ ही साथ मृत्यु भी हो सकता है। गवर्नमेन्ट हम लोगोंमें जिस बलके होनेका सन्देह करके हम लोगोंके साथ बल प्रयोग करती है वह बल यदि हम लोगोंमें न हुआ तो उसके भारी दण्डसे हम लोग नष्ट हो जाएँगे और यदि यह बल हम लोगोंमें सचमुच हुआ तो उस दण्डकी मारसे हमारा यह बल बराबर दृढ़ और अन्दर ही अन्दर प्रबल होता जायगा।

हम लोग तो अपने आपको जानते हैं, लेकिन अँगरेज हम लोगोंको नहीं जानते। उनके इस न जाननेके सैकड़ों कारण हैं जिनका विस्तार-पूर्वक वर्णन करनेकी आवश्यकता नहीं है। सार बात यही है कि वे हम लोगोंको नहीं जानते। हम लोग पूर्वके रहनेवाले हैं और वे पश्चि-

सके। हम लोगोंमें किस बातका क्या परिणाम होता है, हमें किस जगह चोट लगनेसे कहाँ पीड़ा होती है, इस बातको वे लोग अच्छी तरह नहीं समझ सकते। इसीलिये उन लोगोंको भय है। हम लोगोंमें भयंकरताका और कोई लक्षण नहीं है,—केवल एक लक्षण है और वह यह कि हम लोग अज्ञात हैं। हम लोग स्तन्यपायी उद्भिदभोजी जीव हैं, हम लोग शान्त सहनशील और उदासीन हैं; लेकिन फिर भी हम लोगोंका विश्वास नहीं करना चाहिए। क्योंकि हम लोग पूर्वके रहनेवाले और दुर्ज्ञेय हैं।

यदि सचमुच यही बात हो तो हम अपने शासकोंसे कहते हैं कि आप लोग क्यों हम लोगोंको और भी अधिक अज्ञेय करते जा रहे हैं! यदि आप रस्सीको साँप समझ रहे हों तो क्यों चटपट घरका दीआ बुझाकर अपना भय और भी बढ़ा रहे हैं? जिस एक मात्र उपायसे हम लोग आत्मप्रकाश कर सकते हैं, आपको अपना परिचय दे सकते हैं, उस उपायको रोकनेसे आपको क्या लाभ होगा?

गदरसे पहले हाथों हाथ जो रोटी वितरण की गई थी, उसमें एक अक्षर भी नहीं लिखा था; फिर भी उससे गदर हो गया था। तब ऐसे निर्वाक निरक्षर समाचारपत्र ही क्या वास्तवमें भयंकर नहीं हैं? साँपकी गति बिलकुल गुप्त होती है और उसके काटनेमें कोई शब्द नहीं होता, लेकिन क्या केवल इसीलिये साँप निदारुण नहीं होता? समाचारपत्र जितने ही अधिक और जितने ही अबाध होंगे स्वाभाविक नियमके अनुसार देश आत्मगोपन करनेमें उतना ही अधिक असमर्थ होगा। यदि कभी अमावस्याकी किसी गहरी अँधेरी रातमें हम लोगोंकी अबला भारतभूमि दुराशाके दुस्साहससे पागल होकर विप्लव-अभिसारकी यात्रा करे तो संभव है कि सिंहद्वारका कुत्ता

न भी भूँके, राजाके पहरेदार न भी जागें, नगररक्षक कोतवाल उसे न भी पहचाने, लेकिन स्वयं उसके ही शरीरके कंकण, किंकिणि, नूपुर और केयूर, उसकी विचित्र भाषाके विचित्र समाचारपत्र कुछ न कुछ बज ही उठेंगे, मना करनेसे न मानेंगे। पहरेदार यदि अपने हाथमे उन मुखर आभूषणोंकी ध्वनि रोक देगा, तो इसमें केवल यही होगा कि उसे सोनेका अच्छा अवसर मिल जायगा लेकिन हम यह नहीं जानते कि इससे पहरेके काममें क्या सुभीता होगा !

लेकिन पहरा देनेका भार जिन जागे हुए लोगोंके हाथमे है पहरा देनेकी प्रणाली भी वे ही लोग स्थिर करते हैं। इस विषयमें विज्ञोंकी तरह परामर्श देना हमारे लिये बड़ी भारी धृष्टता है और सभवतः वह निरापद भी नहीं है। इसलिये मातृभाषाके हमारे इस दुर्बल उद्यममें दुश्चेष्टा नहीं है। तो फिर हम लोग यह क्षीण क्षुद्र व्यर्थ और विपत्तिजनक वाचालता क्यों करते है ! केवल इसी बातका स्मरण करके कि एक दुर्बलके लिये किसी प्रबलका भय कितना भयंकर होता है !

यदि इस स्थानपर एक छोटासा दृष्टान्त दे दिया जाय तो कदाचित् यह कुछ अप्रासगिक न होगा। थोड़े दिन हुए कि कुछ निम्न श्रेणीके अविवेचक मुसलमानोंके एक दलने कलकत्तेकी सड़कोंपर ढेले फेंककर उपद्रव करनेकी चेष्टा की थी। इसमें आश्चर्यकी बात यही है कि उपद्रवका लक्ष्य विशेषतः अँगरेजोंपर ही था। उन मुसलमानोंको दण्ड भी यथेष्ट मिल गया। लोग कहते हैं कि जो ईंटे मारता है उसे पत्थर खाने पड़ते हैं, लेकिन उन मूर्खोंको ईंटें मारकर पत्थरसे भी कहीं बढ़कर कड़े कड़े पदार्थ खाने पड़े। उन्होंने अपराध किया और उसका दण्ड पाया; लेकिन आजतक स्पष्ट रूपसे यह समझमें न आया कि इसके अन्दर बात क्या थी। छोटी श्रेणीके ये मुसलमान

देशान्तरित न कर सकेंगे। वे क्रोध करके आघातकी मात्रा बढा सकते हैं, लेकिन उसके साथ ही साथ वेदनाकी मात्रा भी बढती जायगी। क्योंकि यह प्रकृतिका नियम है। पिनल कोड उसे रोक नहीं सकता। यदि मनकी जलन वाक्योंके रूपमें बाहर न निकले तो वह अन्दर ही अन्दर जमा होती रहेगी। इस प्रकारकी अस्वास्थ्यकर और अस्वाभाविक अवस्थामें राजा और प्रजाका सम्बन्ध जैसा विकृत हो जायगा उसकी कल्पना करके हम बहुत ही डर रहे हैं।

लेकिन यह अनिर्दिष्ट संशयकी अवस्था ही सबसे बढ़कर अमंगलजनक नहीं है। हम लोगोंके लिये इससे भी बढ़कर एक और अशुभ बात है। यह बात हम लोगोंने अँगरेजोंसे ही सीखी है कि मनुष्यके चरित्रपर पराधीनताका बहुत ही अवनतिकारक परिणाम होता है। असत्याचरण और कपटता अधीनजातिके लिये आत्मरक्षाका अस्त्र हो जाती है और उसके आत्मसम्मान तथा मनुष्यत्वको अवश्य ही नष्ट कर देती है। स्वाधीनतापूजक अँगरेज अपनी प्रजाकी अधीन दशासे उस हीनताके कलंकको यथासंभव दूर करके हम लोगोंको मनुष्यत्वकी शिक्षा देनेमें प्रवृत्त हुए थे। उन्होंने पद पदपर हमें यह स्मरण नहीं दिलाया था कि तुम लोग विजित हो और हम विजेता हैं, तुम लोग निर्बल हो और हम लोग सबल हैं। उन्होंने इस बातको मनसे यहाँतक भुला दिया था कि हम लोग सोचने लगे थे कि अपने हृदयके भावोंको प्रकट करनेकी स्वाधीनता हम लोगोंके मनुष्यत्वका स्वाभाविक अधिकार है।

आज हम सहसा जागकर देखते हैं कि दुर्बलका कोई अधिकार ही नहीं है। हम लोग जिस बातको मनुष्यमात्रके लिये प्राप्य समझते थे वह दुर्बलके प्रति प्रबलका मनमाना अनुग्रह मात्र है। आज हम इस सभास्थलमें खड़े होकर जो केवल शब्दोच्चारण कर रहे हैं सो इससे

शान्तिसे न रह सकेंगे। वे जोर करके आघातकी मात्रा बढ़ा सकते हैं, लेकिन उसके साथ ही साथ वेदनाकी मात्रा भी बढ़ती जायगी। क्योंकि यह प्रकृतिका नियम है। पिनल कोड उसे रोक नहीं सकता। यदि मनकी जलन वाक्योंके रूपमें बाहर न निकले तो वह अन्दर ही अन्दर जमा होती रहेगी। इस प्रकारकी अस्वास्थ्यकर और अस्वाभाविक अवस्थामें राजा और प्रजाका सम्बन्ध कैसा विकृत हो जायगा इसकी कल्पना करके हम बहुत ही डर रहे हैं।

लेकिन यह अनिर्दिष्ट संशयकी अवस्था ही सबसे बढ़कर अमंगलजनक नहीं है। हम लोगोंके लिये इससे भी बढ़कर एक और अशुभ बात है। यह बात हम लोगोंने अँगरेजोंसे ही सीखी है कि मनुष्यके चरित्रपर पराधीनताका बहुत ही अवनतिकारक परिणाम होता है। असत्याचरण और कपटता अधीनजातिके लिये आत्मरक्षाका अस्त्र हो जाती है और उसके आत्मसम्मान तथा मनुष्यत्वको अवश्य ही नष्ट कर देती है। स्वाधीनतापूजक अंगरेज अपनी प्रजाकी अधीन दशासे इस हीनताके कलंकको यथासंभव दूर करके हम लोगोंको मनुष्यत्वकी शिक्षा देनेमें प्रवृत्त हुए थे। उन्होंने पद पदपर हमें यह स्मरण नहीं दिलाया था कि तुम लोग विजित हो और हम विजेता हैं, तुम लोग निर्बल हो और हम लोग सबल हैं। उन्होंने इस बातको मनसे यहाँतक भुला दिया था कि हम लोग सोचने लगे थे कि अपने हृदयके भावोंको प्रकट करनेकी स्वाधीनता हम लोगोंके मनुष्यत्वका स्वाभाविक अधिकार है।

आज हम सहसा जागकर देखते हैं कि दुर्बलका कोई अधिकार ही नहीं है। हम लोग जिस बातको मनुष्यमात्रके लिये प्राप्य समझते थे वह दुर्बलके प्रति प्रबलका मनमाना अनुग्रह मात्र है। आज हम इस सभास्थलमें खड़े होकर जो केवल शब्दोच्चारण कर रहे हैं सो इससे

हमें मनुष्योचित गर्वके अनुभव करनेका कोई कारण नहीं है। अप राध करने और विचार होनेसे पहले ही हम अपने आपको जो कारा गारमें प्रतिष्ठित नहीं देखते हैं, इससे भी हमारा कोई गौरव नहीं है।

यह बात एक हिसावसे ठीक है, लेकिन इस ठीक बातका सदा अनुभव करते रहना राजा और प्रजा दोनोंमेंसे एकके लिये भी हित-कारक नहीं है। अवस्थाकी पृथक्‌तामें हृदयका सम्बन्ध स्थापित करके असमानताके बीचमें भी मनुष्य अपने मनुष्यत्वकी रक्षा करनेकी चेष्टा करता है।

शासितों और शासकोंके बीचमें जो शासन-शृंखला है वह यदि सदा झनझनाई न जाया करे, बल्कि आत्मीय सम्बन्धके बंधनसे ढक-कर रक्खी जाया करे तो उससे अधीन जाति परका भार कुछ घट जाता है।

छापेखानेकी स्वाधीनता भी इसी प्रकारकी एक ढकनेवाली चं है। इसने हमारी अवस्थाकी हीनताको छिपा रक्खा था। हम लं जेता जातिकी अनेक शक्तियोंसे वंचित होनेपर भी इस स्वाधीनत सूत्रके कारण अंतरंग भावसे उन जेताओंके निकटवर्ती हो गए थे हम लोग दुर्बल जातिका हीन भय और कपटता भूलकर मुक्त ह और उन्नत मस्तकसे सत्य और स्पष्ट बात कहना सीख रहे थे।

यद्यपि उच्चतर राजकार्योंमें हम लोगोंको कुछ भी स्वाधीनता न थी, तो भी हम लोग निर्भीक भावसे परामर्श देकर, स्पष्ट वाक्योंमें सम लोचना करके अपने आपको भारत राज्यके विशाल शासनकार्यक एक अंग समझते थे। यह इस बातका विवेचन करनेका अवसर नहं है कि इसके अन्य अच्छे अथवा बुरे परिणाम क्या थे। लेकिन इसने

सन्देह नहीं है कि इससे हम लोगोंका आत्मसम्मान घट गया था । हम लोग जानते थे कि हम लोगोंके देशके शासनका जो बहुत बड़ा काम है उसमें हम लोग बिलकुल अकर्मण्य और निश्चेष्ट नहीं हैं, उसमें हम लोगोंका भी कुछ कर्तव्य है, हम लोगोंका भी कुछ दायित्व है । ऐसी दशामें जब कि इस शासन कार्य्यपर ही प्रधानतः हम लोगोंका सुख दुःख और शुभ अशुभ निर्भर करता है तब यदि उसके साथ हम लोगोंका किसी प्रकारके मन्तव्य अथवा वक्तव्य बन्धनका संबंध न रहे तो हम लोगोंकी दीनता और हीनताकी कोई सीमा नहीं रह जाती । विशेषतः हम लोगोंने अँगरेजी विद्यालयोंमें शिक्षा पाई है, अँगरेजी साहित्य पढ़नेके कारण अँगरेज कर्मवीरोंके दृष्टान्त हम लोगोंके अन्तःकरणमें प्रतिष्ठित हुए हैं और हम लोगोंने उस परम गौरवका अनुभव किया है कि सब प्रकारके कामोंमें अपने कल्याणके लिये हमें स्वतन्त्र अधिकार है । आज यदि हम अचानक अपने भावोंको प्रकट करनेकी उस स्वतंत्रतासे वंचित हो जायँ, राजकार्य्य चलानेके साथ हम लोगोंका समालोचनावाला जो थोड़ासा सम्बन्ध है वह एक ही आघातमें टूट जाय और हम लोग निश्चेष्ट उदासीनतामें निमग्न हो जायँ, कपट और मिथ्या वातोंके द्वारा प्रबल राजपदके नीचे अपने मनुष्यत्वका पूरा पूरा बलिदान कर दें, तो पराधीनताकी सारी हीनताओंमें उच्च-शिक्षा-प्राप्त आकांक्षाकी वाक्यहीन व्यर्थ वेदना मिल जायगी और हम लोगोंकी दुर्दशाकी पराकाष्ठा हो जायगी । जिस सम्बन्धमें आदान-प्रदानका एक छोटासा मार्ग खुला हुआ था, भय उस मार्गको रोककर खड़ा हो जायगा । राजाके प्रति प्रजाका वह भय गौरवजनक नहीं है और प्रजाके प्रति राजाका वह भय भी उतना ही अधिक शोचनीय है ।

यदि समाचारपत्रोंकी स्वाधीनताका यह परदा उठा दिया जाय तो हम लोगोंकी पराधीनताका सारा कठिन कंकाल क्षण भरमें बाहर निकल पड़े। आजकलके कुछ जबरदस्त अँगरेज लेखक कहते हैं कि जो बात सत्य है उसका प्रकट हो जाना ही अच्छा है। लेकिन हम पूछते हैं कि क्या अँगरेजी शासनका यह कठिन और शुष्क पराधीनताका कंकाल मात्र ही सत्य है? और इसके ऊपर जीवनके लावण्यका जो परदा था और स्वाधीन गतिकी विचित्र लीलाकी जो मनोहर श्री दिखलाई गई थी क्या वही मिथ्या और माया थी? दो सौ वर्षके परिचयके उपरान्त क्या हम लोगोंके मानव-सम्बन्धका यही अवशेष है?

अत्युक्ति ।*

पृथ्वीके पूर्वकोणके लोग अर्थात् हम लोग अत्युक्तिका बहुत अधिक व्यवहार करते हैं। अपने पश्चिमीय गुरुओंसे हम लोगोंको इस सम्बन्धमें अकसर उल्टी सीधी बातें सुननी पड़ती हैं। जो लोग सात समुद्र-पारसे हम लोगोंके भलेके लिये उपदेश देने आते हैं, हम लोगोंको उचित है कि सिर झुकाकर चुपचाप उनकी बातें सुना करें। क्योंकि वे लोग हमारे जैसे अभागोंकी तरह केवल बातें करना ही नहीं जानते और साथ ही वे लोग यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि बातें किस तरह सुनी जाती हैं। और फिर हम लोगोंके दोनों कानोंपर भी उनका पूरा अधिकार है।

लेकिन हम लोगोंने डाँट-डपट और उपदेश तो बार बार सुना है और हम लोगोंके स्कूलोंमें पढ़ाए जानेवाले भूगोलके पृष्ठों और कन्वोकेशन (Convocation) से यह बात अच्छी तरह प्रतिध्वनित होती है कि हम लोग कितने अधम हैं। हम लोगोंका क्षीण उत्तर इन बातोंको दबा नहीं सकता; लेकिन फिर भी हम बिना बोले कैसे रह सकते हैं! अपने झुके हुए सिरको हम और कहाँतक झुकावेंगे!

सच बात तो यह है कि अत्युक्ति और अतिशयिता सभी जातियोंमें है। अपनी अत्युक्ति बहुत ही स्वाभाविक और दूसरोंकी अत्युक्ति

* जिस समय दिल्ली-दरबारकी तय्यारियाँ हो रही थीं, यह लेख उस समय लिखा गया था।

बहुत ही असंगत जान पड़ती है। जिस विषयमें हम लोगोंकी बात बातमें बात बहुत बढ़ जाती है उस विषयमें अँगरेज लोग बिलकुल चुप रहते हैं और जिस विषयमें अँगरेज लोग बहुत अधिक बका करते हैं उस विषयमें हम लोगोंके मुँहसे एक बात भी नहीं निकलती। हम लोग सोचते हैं कि अँगरेज लोग बातोंको बहुत अधिक बढ़ाते हैं और अँगरेज लोग सोचते हैं कि पूर्वीय लोगोंको परिमाणका ज्ञान नहीं है।

हमारे देशमें गृहस्थ लोग अपने अतिथिसे कहा करते हैं कि—"सब कुछ आपका ही है—घर-बार सब आपका है।" यह अत्युक्ति है। यदि कोई अंगरेज स्वयं अपने रसोई-घरमें जाना चाहे तो वह अपनी रसोई बनानेवालीसे पूछता है—"क्या मैं इस कमरेमें आ सकता हूँ?" यह भी एक प्रकारकी अत्युक्ति ही है।

यदि स्त्री नमककी प्याली आगे सरका दे तो अँगरेज पति कहता है—"मैं धन्यवाद देता हूँ।" यह अत्युक्ति है। निमंत्रण देनेवालेके घरमें सब तरहकी चीजें खूब अच्छी तरह खा-पीकर इस देशका निमंत्रित कहता है—"बड़ा आनन्द हुआ, मैं बहुत सन्तुष्ट हूँ।" अर्थात् मेरा सन्तोष ही तुम्हारे लिये पारितोषिक है। इसके उत्तरमें निमंत्रण देनेवाला कहता है—"आपकी इस कृपासे मैं कृतार्थ हो गया।" इसे भी अत्युक्ति कह सकते हैं।

हम लोगोंके देशमें स्त्री अपने पतिको जो पत्र लिखती है उसमें लिखा रहता है—"श्रीचरणेषु।" अँगरेजोंके लिये यह अत्युक्ति है। अँगरेज लोग अपने पत्रोंमें जिस-तिसको "प्रिय" लिखकर सम्बोधन करते हैं। अभ्यस्त न होनेके कारण हम लोगोंको यह बात अत्युक्ति जान पड़ती है।

तरहसे देखते हैं और न उसे उसके ठीक रूपमें ग्रहण ही करते हैं। प्रायः हम लोग बाहरके ९ को ६ और ६ को ९ कर दिया करते हैं। यद्यपि हम लोग अपनी इच्छासे ऐसा नहीं करते, लेकिन फिर भी ऐसे अवसरपर अज्ञानकृत पापका दूना दोष होता है—एक तो पाप और दूसरा ऊपरसे अज्ञान। इन्द्रियोंको इस प्रकार अलस और बुद्धिको इस प्रकार असावधान कर रखनेसे हम लोग अपनी इन दोनों बातोंको, जो इस संसारमें हम लोगोंका प्रधान आधार हैं, बिलकुल मिट्टी कर देते हैं। जो व्यक्ति वृत्तांतको बिलकुल अलग छोड़कर केवल कल्पना-की सहायतासे सिद्धान्त स्थिर करनेकी चेष्टा करता है वह अपने आपको ही धोखा देता है। जिन जिन विषयोंमें हम लोग अनजान रहते हैं उन्हीं उन्हीं विषयोंमें हम लोग धोखा खाते हैं। काना हिरन जिस तरफ अपनी कानी आँख रखकर आनन्दसे घास खा रहा था उसी तरफसे शिकारीका तीर आकर उसके कलेजेमें लगा। हम लोगोंकी फूटी हुई आँख थी इहलोककी तरफ, इसलिये उसी तरफसे हम लोगोंको यथेष्ट शिक्षा भी मिली। उसी तरफकी चोट खाकर हम लोग मरे! लेकिन क्या करें—" जाकर जौन स्वभाव छुटै नहिं जीसों।"

अपना दोष तो हमने मान लिया। अब हमें दूसरोंपर दोषारोपण करनेका अवसर मिलेगा। बहुतसे लोग इस प्रकार दूसरोंपर दोषारोपण करनेकी निन्दा करते हैं, हम भी उसकी निन्दा करते हैं। लेकिन जो लोग विचार करते हैं, दूसरे भी उनका विचार करनेके अधिकारी होते हैं। हम अपने इस अधिकारको नहीं छोड़ सकते। इससे हम यह आशा नहीं करते कि दूसरोंका कुछ उपकार होगा, लेकिन अपने अपमानके समय हमें जहाँसे जो कुछ आत्मप्रसाद मिल सकता है, उसे हम नहीं छोड़ सकते।

करनेके योग्य नहीं है तो भी उसका स्वामी यही बात सुनना चाहता है आजकल अँगरेजलोग साम्राज्यके मदसे मत्त हैं, इसलिये वे तरह तरहसे यही सुनना चाहते हैं कि हम लोग राजभक्त हैं—हम लोग अपनी इच्छासे ही उनके चरणोंमे बिके हुए हैं। और फिर इस बातको वे सारे संसारमें ध्वनित और प्रतिध्वनित करना चाहते हैं।

और इधर हम लोगोंका किसी प्रकारका कुछ विश्वास भी नहीं किया जाता। इतना बड़ा देश एक दमसे निरस्त्र है। यदि दरवाजे पर कोई हिंसक पशु आजाय तो हम लोगोंके हाथमें दरवाजा बन्द कर लेनेके सिवा और कोई उपाय नहीं है। पर जब सारे संसारको साम्राज्यका बल दिखलाना होता है तब अटल भक्तिकी रट लगानेके समय हमारी आवश्यकता होती है। मुसलमान शासकोंके समय हम लोगोंका देशनायकता और सेनानायकताका अधिकार छीना नहीं गया था। मुसलमान सम्राट् जब अपने दरबारमें अपने सरदारोंको साथ लेकर बैठा करते थे तब वह कोरा प्रहसन ही नहीं होता था। वे सरदार या राजेलोग सचमुच सम्राट्के सहायक थे, रक्षक थे, सम्मानभाजन थे। लेकिन आजकल राजाओंका सम्मान केवल मौखिक है। और उन्हें अपने पीछे पीछे घसीटकर देस परदेसमें राजभक्तिका अभिनय और आडम्बर कराना उन दिनोंकी अपेक्षा चौगुना बढ़ गया है। जिस समय इंग्लैण्डकी साम्राज्य-लक्ष्मी अपनी सजावट करने बैठती है उस समय उपनिवेशोंके सामान्य शासक लोग तो उसके माथेके मुकुटमें झिलमिलाने लगते हैं और भारतवर्षके प्राचीन वंशीय राजामहाराजा उस राजलक्ष्मीके पैरोंके नूपुरोंमे घुँघरुओंकी तरह बँध कर केवल झनकार देनेका काम करते है। यह बात इस बारके विलायती दरबारमें सारे संसारने अच्छी त देखी है। अँगरेजी साम्राज्यके जगन्नाथजीके मन्दिरमें जहाँ कना

अपनी जमीनपर लटकती हुई पोशाकका सिरा सिक्ख और राजपूत-कुमारोंके द्वारा उठवा लिया,—आकस्मिक उपद्रवकी तरह एक दिन एक समारोहका आग्नेय उच्छ्वास उठा और उसके बाद फिर सब कुछ वैसा ही शून्य और वैसा ही निष्प्रभ हो गया।

आजकलका भारतीय साम्राज्य दफतरों और कानूनोंसे चलता है। उसमें न तो तड़क-भड़क है, न गीत-वाद्य हैं और न प्रत्यक्ष मनुष्य ही हैं। अँगरेजोंका खेल-कूद, नाच-गाना, आमोद-प्रमोद सब कुछ उन्हीं लोगोंमें बद्ध रहता है। उस आनन्द-उत्सवकी बची बचाई भूसी भी भारतवर्षके सर्वसाधारणके लिये उस प्रमोदशालासे बाहर नहीं आने पाती। अंगरेजोंके साथ हम लोगोंका जो सम्बन्ध है वह आफिसके बँधे हुए कामों और हिसाब-किताबके वही-खातोंका ही है। प्राच्य सम्राटों और नवाबोंके साथ हम लोगोंका अन्न-वस्त्र, शिल्प-शोभा और आनन्द-उत्सवका बहुत कुछ सम्बन्ध था। जब उनके प्रासादमें आमोद-प्रमोदका दीप जलता था तब उसका प्रकाश बाहर चारों ओर प्रजाके घरोंपर भी पड़ता था। उन लोगोंके नौबतखानोंमें जो नौबत बजती थी उसकी आनन्द-ध्वनि एक दीनकी कुटीमें भी प्रतिध्वनित हो उठती थी।

अँगरेज सिविलियन लोग आपसके आमंत्रण-निमंत्रणमें सामाजिक रीतिसे सम्मिलित होनेके लिये बाध्य हैं। और जो व्यक्ति अपने स्वभावके दोषके कारण इस प्रकारके इन सब विनोद-व्यापारोंमें पटु नहीं होता, उसकी उन्नतिमें बहुतसी बाधाएँ आ पड़ती हैं। पर यह सब कुछ स्वयं अपने ही लोगोंके लिये है। जिस स्थानपर चार अँगरेज रहते हैं वहाँ आनन्द-मंगलका तो अभाव नहीं होता, लेकिन उस आनन्द-मंगलके कारण चारों ओर आनन्द-मंगल नहीं होता। हम लोग केवल

इसीलिये कहते हैं कि आगामी दिल्ली दरबार पा
और वह भी झूठी वा दिखौआ अत्युक्ति है। इधर तो हि
और दूकानदारी है और उधर विना प्राच्य सम्राटोंक
काम नहीं चलता। हम लोग देशव्यापी अनशनके
अमूलक दरबारका आडम्बर देखकर डर गए थे, इसीलिये
कोंने हमे आश्वासन देते हुए कहा था कि इसमें व्यय
नहीं होगा और जो कुछ होगा भी उसका प्रायः आधा
लिया जा सकेगा। लेकिन जिन दिनोंमें बहुत समझ-
खर्च करना पड़ता है उन दिनोंमें भी विना उत्सव किए
चलता। जिन दिनो खजानेमें रुपया कम होता है उन
उत्सव करनेकी आवश्यकता हो तो अपना खर्च बचानेक
रखकर दूसरोंके खर्चकी ओरसे उदासीन रहना पड़ता है
चाहे आगामी दिल्ली दरबारके समय सम्राटके प्रतिनिधि थं
काम चला लें, लेकिन फिर भी आडम्बरको बहुत बढ़ा
राजा महाराजाओंका अधिक खर्च करावेंगे ही। प्रत्येक राजा
कुछ हाथी, कुछ घोड़े और कुछ आदमी अपने साथ ला
सुनते हैं कि इस सम्बन्धमें कुछ आज्ञा भी निकली है।
राजा महाराजाओंके हाथी-घोड़े और लाव-लश्करसे, यथा
खर्च करनेमे चतुर सम्राटके प्रतिनिधि जैसे तैसे इस बड़े
ले जायँगे। इससे चतुरता और प्रतापका परिचय मिलता
प्राच्य सम्प्रदायके अनुसार जो उदारता और वदान्यता राजकी
प्राण समझी जाती है वह इसमें नहीं है। एक आँख रुपये
ओर,और दूसरी आँख पुराने बादशाहोंके अनुकरण-कार्यकी
नेसे यह काम नहीं चल सकता। जो व्यक्ति यह काम स

इस सम्बन्धमें चुप रहनेके लिये बाध्य हैं। हमारे देशमें पहले बराबरीके किसी राजाके आगमनके समय अथवा राजकीय शुभ कार्योंके समय जो सब उत्सव और आमोद आदि होते थे उनमें सारा व्यय राजा अपने पास-से ही देता था। जन्मतिथि आदि अनेक प्रकारके अवसरोंपर प्रजा सदा राजाका अनुग्रह प्राप्त करती थी। लेकिन आजकल सब बातें इसके बिल-कुल विपरीत हैं। राजाके यहाँ चाहे शादी हो चाहे गमी, उसका लाभ हो चाहे हानि, लेकिन उसकी ओरसे सदा प्रजाके सामने चन्देका खाता ही रखा जाता है और राजा तथा रायबहादुर आदि खिताबोंकी राजकीय नीलामकी दूकान जम जाती है। अकबर और शाहजहाँ आदि बड़े बड़े बादशाह अपनी कीर्ति स्वयं अपने व्ययसे ही खड़ी कर गए हैं। लेकिन आजकलके कर्मचारी लोग तरह तरहके छलों और तरह तरहके कौशलोंसे प्रजासे ही अपने बड़े बड़े कीर्तिस्तम्भोंका खर्च वसूल कर लेते हैं। सम्राटके प्रतिनिधिने सूर्यवंशीय क्षत्रिय राजाओंको सलाम करनेके लिये अपने पास बुलाया है, पर यह तो नहीं मालूम होता कि सम्राटके इन प्रतिनिधि महाशयने अपने दानसे कौनसा बड़ा भारी तालाब खोदवाया है, कौनसी धर्मशाला बनवाई है और देशके लिये शिक्षा और शिल्पचर्चाको कौनसा आश्रय दिया है? प्राचीन-कालके बादशाह, नवाब और राजकर्मचारीगण भी इस प्रकारके मंगल-कार्योंके द्वारा प्रजाके हृदयके साथ सम्बन्ध रखते थे। आजकल राज-कर्मचारियोंका तो अभाव नहीं है और उनके बड़े बड़े वेतन भी संसा-रमें विख्यात हैं; परन्तु ये लोग इस देशमें दान और सत्कर्म करके अपने अस्तित्वका कोई चिह्न नहीं छोड़ जाते। ये लोग विलायती दूका-नोंसे ही अपना सारा सामान खरीदते हैं, अपने विलायती संगी-साथियोंके साथ ही आमोद-प्रमोद करते हैं और विलायतके किसी कोनेमें बैठकर अन्तिम कालतक अपनी पेन्शिनका भोग किया करते हैं।

नहीं होती बल्कि प्रतिहत हुआ करती है। उसके मूलमें न तो उदारता है और न प्रचुरता।

यह तो हुई नकल करनेकी अत्युक्ति, लेकिन यह बात सभी लोग जानते हैं कि नकल केवल बाहरी आडम्बर कराके कार्यके मूल उद्देश्यको छुड़ा देती है। इसलिये अँगरेज लोग यदि अपना अँगरेजी ठाठ छोड़कर नवाबी ठाठ करेंगे तो उससे जो अतिशयता प्रकट होगी वह बहुत कुछ कृत्रिम होगी, इसलिये उसके द्वारा उनकी जातिगत अत्युक्तिका ठीक ठीक पता नहीं लग सकता। सच्ची विलायती अत्युक्तिका भी एक दृष्टान्त हमें याद आता है। गवर्नमेन्टने हम लोगोंकी दृष्टिके सामने उस दृष्टान्तको पत्थरके स्तम्भके रूपमें स्थायी बनाकर खड़ा कर दिया है, इसीलिये वह दृष्टान्त हमें सहसा याद आ गया। वह है कलकत्तेकी काल-कोठरीकी अत्युक्ति।

हम पहले ही कह चुके है कि प्राच्य अत्युक्ति मानसिक शिथिलता है। हम लोग कुछ प्रचुरताप्रिय है। हम लोगोंको बहुत किफ़ायत या कंजूसी अच्छी नहीं लगती। देखिए न हम लोगोंके कपड़े ढीले-ढाले होते है और आवश्यकतासे बहुत अधिक या बड़े होते है, लेकिन अँगरेजोंके कपड़ोंकी काट-छाँट बिलकुल पूरी पूरी होती है। यहाँतक कि हम लोगोंके मतसे वे कोर-कसर करते करते और काटते-छाँटते शालीनताकी सीमासे बहुत दूर जा पड़े हैं। हम लोग या तो बहुत अधिक नग्न होते है और या बहुत अधिक आवृत। हम लोगोकी बातचीत भी इसी तरहकी होती है। वह या तो बिलकुल मौनके आसपास होगी और नहीं तो उदार भावसे बहुत अधिक विस्तृत होगी। हम लोगोंका व्यवहार भी वैसा ही होता है, वह या तो बहुत अधिक संयत होता है और या हृदयके आवेगसे उछलता हुआ होता है।

गका 'किम्' नामक ग्रन्थ और उनकी भारतवर्षीय चित्रावली है। अलिफलैलामें भी भारतवर्ष और चीन देशकी बातें हैं, लेकिन सभी लोग जानते हैं कि ये केवल किस्सा कहानी हैं। यह बात इतनी अधिक स्पष्ट है कि उससे काल्पनिक सत्यके अतिरिक्त और किसी प्रकारके सत्यकी कोई आशा ही नहीं कर सकता। लेकिन किप्लिंगने अपनी कल्पनाको छिपाकर सत्यका एक ऐसा आडम्बर खड़ा कर दिया है कि जिस प्रकार किसी हलफ लेकर कहनेवाले गवाहसे लोग प्रकृत वृत्तान्तकी आशा करते हैं, उसी प्रकार किप्लिंगकी कहानीसे ब्रिटिश पाठक भारतवर्षके प्रकृत वृत्तान्तकी आशा किए बिना नहीं रह सकते।

ब्रिटिश पाठकोंको इसी प्रकार छल करके भुलाया जाता है। क्योंकि वे वास्तविक बातके प्रेमी होते हैं। पढ़नेके समय भी उन्हें वास्तविक बात ही चाहिए और खिलौनेको भी जबतक वे 'वास्तव' न कर डालें तबतक उन्हें चैन नहीं मिलता। हमने देखा है कि ब्रिटिश भोजमें खरगोश पका तो लिया गया है, लेकिन उसकी आकृति यथासंभव ज्योंकी त्यों रखी गई है। उसका केवल सुखाद्य होना ही आनन्दजनक नहीं है, बल्कि ब्रिटिश भोगी इस बातका भी प्रत्यक्ष अनुभव करना चाहते हैं कि वह वास्तवमें एक जन्तु है। अँगरेजी भोजन केवल भोजन ही नहीं होता, उसे प्राणि-वृत्तान्तका एक ग्रन्थ कह सकते हैं। जब किसी व्यंजनमें किसी पक्षीके ऊपर भूने हुए मैदेका आवरण चढ़ाया जाता है, तब उस पक्षीके पैर काटकर उस आवरणके ऊपरसे जोड़ दिए जाते हैं। उनके यहाँ वास्तविकता इतनी आवश्यक है। कल्पनाकी सीमामें भी ब्रिटिश पाठक 'वास्तव' को ढूँढ़ते हैं, इसीलिये बेचारी कल्पनाको भी विवश होकर जीजानसे 'वास्तव' का स्वांग रचना पड़ता है। जो व्यक्ति किसी असंभव स्थानमें भी साँप

बात है; भारतवर्षको ब्रिटिश साम्राज्यमें एकात्म होनेका अधिकार दीजिए ।

केवल बातोंके भरोसे ही तो कोई अधिकार मिल नहीं जाता---यहाँ तक कि यदि कागजपर पक्की लिखा पढ़ी हो जाय तो भी दुर्बल मनुष्योंको अपने स्वत्वोंका उद्धार करना बहुत कठिन होता है। इसीलिये जब हम देखते है कि जो लोग हमारे अधिकारी या शासक हैं वे जब इम्पीरियल-वायुसे ग्रस्त हैं तब हम नहीं समझते कि इससे हमारा कल्याण होगा ।

पाठक कह सकते है कि तुम व्यर्थ इतना भय क्यों करते हो। जिसके हाथमें शक्ति है वह चाहे इम्पीरियलिज्मका आन्दोलन करे और चाहे न करे, पर यदि वह तुम्हारा अनिष्ट करना चाहे तो सहजमें ही कर सकता है ।

लेकिन हम कहते हैं कि वह सहजमें हमारा अनिष्ट नहीं कर सकता । हजार हो, पर फिर भी दया और धर्मको एकदमसे छोड़ देना बहुत कठिन है । लज्जा भी कोई चीज है । लेकिन जब कोई व्यक्ति किसी बड़े सिद्धान्तकी आड़ पा जाता है तब उसके लिये निष्ठुरता और अन्याय करना सहज हो जाता है ।

बहुतसे लोगोंको योंही किसी जन्तुको कष्ट पहुँचानेमें बहुत दुःख होता है। लेकिन जब उसी कष्ट देनेका नाम 'शिकार' रख दिया जाता है तब वे ही लोग बड़े आनन्दसे बेचारे हत और आहत पक्षियोंकी सूची बढ़ानेमें अपना गौरव समझते हैं। यदि कोई मनुष्य बिना कारण या उपलक्ष्यके किसी पक्षीके डैने तोड़ दे तो अवश्य ही वह शिकारीसे बढ़कर निष्ठुर माना जायगा; लेकिन उसके निष्ठुर माने जानेसे पक्षीको किसी प्रकारका विशेष सन्तोष नहीं हो सकता।

बल्कि असहाय पक्षियोंके लिये स्वभावतः निष्ठुर व्यक्तिकी अपेक्षा शिकारियोंका दल बहुत अधिक कष्टदायक है।

जो लोग इम्पीरियलिज्मके ध्यानमें मस्त हैं इसमें सन्देह नहीं कि वे लोग किसी दुर्बलके स्वतंत्र अस्तित्व और अधिकारके सम्बन्धमें बिना कातर हुए निर्मोही हो सकते हैं। संसारमें सभी ओर इस बातके दृष्टान्त देखनेमें आते हैं।

यह बात सभी लोग जानते हैं कि फिनलैण्ड और पोलैण्डको अपने विशाल कलेवरमें बिलकुल अज्ञात रीतिसे अपने आपमें पूरी तरहसे मिटानेके लिये रूस कहाँतक जोर लगा रहा है।* यदि रूस अपने मनमें यह बात न समझता कि इम्पीरियलिज्म नामक एक बहुत बड़े स्वार्थके लिये अपने अधीनस्थ देशोंकी स्वाभाविक विषमताएँ बलपूर्वक दूर कर देना ही आवश्यक है तो उसके लिये इतना अधिक जोर लगाना कदापि सम्भव न होता। रूस अपने इसी स्वार्थको पोलैण्ड और फिनलैण्डका भी स्वार्थ समझता है।

लार्ड कर्ज़न भी इसी प्रकार कह रहे हैं कि अपनी जातीयताकी बात भुलाकर साम्राज्यके स्वार्थको ही अपना स्वार्थ बना डालो।

यदि यह बात किसी शक्तिमानसे कही जाय तो उसके लिये इसमें डरनेका कोई कारण नहीं है; क्योंकि वह केवल बातोंमें नहीं भूलेगा। उसके लिये इस बातकी आवश्यकता है कि वास्तवमें इस बातमें उसका स्वार्थ अच्छी तरह सिद्ध हो। अर्थात् यदि ऐसे अवसरपर कोई उसे बलपूर्वक अपने दलमें मिलाना चाहेगा तो जबतक वह अपने स्वार्थको भी यथेष्ट परिमाणमें मिश्रित न देखेगा तबतक उसे अपने

---

* गत महायुद्धके कारण यह स्थिति बिलकुल उलट गई है।—अनुवादक।

भारतवर्षके किसी स्थानमें उसकी स्वाधीन शक्तिको संचित न होने देना अँगरेजोंकी सभ्य नीतिके अनुसार अवश्य ही लज्जास्पद है। लेकिन यदि इम्पीरियलिज्मका मंत्र पढ़ दिया जाय तो जो बात मनुष्यत्वके लिये परम लज्जाकी है वही राजनीतिकताके लिये परम गौरवकी हो जाती है।

अपने निश्चित एकाधिपत्यके लिये एक बड़े देशके असख्य लोगोंको निरस्त्र करके उन्हें सदाके लिये पृथ्वीके जनसमाजमे पूर्णरूपमे निःस्वत्व और निरुपाय कर देना कितना बड़ा अधर्म——कितनी अधिक निष्ठुरता है; इसकी व्याख्या करनेकी आवश्यकता नहीं है। लेकिन इस अधर्मकी ग्लानिसे अपने मनको बचानेके लिये किसी बड़े सिद्धान्तकी आड़ लेनी पड़ती है।

सेसिल रोड्स नामक एक साहब इम्पीरियल-वायुसे ग्रस्त थे। यह बात सभी लोग जानते हैं कि इसीलिये दक्षिण आफ्रिकाके बोअरोंकी स्वतंत्रता लुप्त करनेके वास्ते उनके दलके लोगोंने किस प्रकारका आग्रह किया था।

व्यक्तिगत व्यवहारमें जिन कामोंको लोग चोरी और मिथ्या आचार कहते हैं, जो बातें जाल, खून और डकैती कहलाती हैं, यदि उन कार्यों और बातोंका किसी 'इज्म'-प्रत्यययुक्त शब्दसे सम्बोधन कर *दिया जाय तो वे कहाँतक गौरवका विषय हो जाती हैं*, इसके सैकड़ों प्रमाण विलायती इतिहासके मान्य व्यक्तियोंके चरित्रोंमें मिलते हैं।

इसीलिये जब हम अपने शासकोंके मुँहसे इम्पीरियलिज्मका आभास पाते हैं तब स्थिर नहीं रह सकते। यदि इतने बड़े रथके पहिएके नीचे हम लोगोंका मर्म्मस्थान पिस जाय और इसपर हम धर्म्मकी भी दुहाई देने लगें तो उसे कोई न सुनेगा। क्यों कि मनुष्य केवल

अनुकूल न कर सकेगा । अतएव उस स्थानपर बिना बहुत कुछ शहद गिराए (लालच दिए) और तेल खर्च किए काम नहीं चलता ।

इंग्लैण्डके उपनिवेश आदि इस बातके दृष्टान्त है । अँगरेज बराबर उनके कानमें यही मंत्र फूँकते आ रहे है—" यदेतत् हृदयं मम तदस्तु हृदयं तव ।" लेकिन वे केवल मंत्रमें भूलनेवाले नहीं हैं–वे अपने सौदेके रुपए गिन लेते है ।

लेकिन हमारे लिये सौदेके रुपयोंकी बात तो दूर रही, दुर्भाग्यवश मंत्रकी भी आवश्यकता नहीं होती ।

जब हम लोगोंका समय आता है तब इसी बातका विचार होता है कि विदेशियोंके साथ भेदबुद्धि रखना जातीयताके लिये तो आवश्यक है परन्तु वह इम्पीरियलिज्मके लिये प्रतिकूल है, इसलिये उस भेदबुद्धिके जो कारण है उन सबको दूर कर देना ही कर्त्तव्य है ।

लेकिन जब ये कारण दूर किए जायँगे तब उस एकताको भी किसी प्रकार जमने या बढ़ने न देना ही ठीक होगा जो इस समय देशके भिन्न भिन्न भागोंमें होने लगी है । वे बिलकुल खण्ड खण्ड और चूर्ण अवस्थामें ही रहें, तभी उन्हें हजम करना सहज होगा ।

भारतवर्ष सरीखे इतने बड़े देशको मिलाकर एक कर देनेमें बड़ा भारी गौरव है । प्रयत्न करके इसे विच्छिन्न और अलग अलग रखना अँगरेज सरीखी अभिमानी जातिके लिये लज्जाकी बात है ।

लेकिन इम्पीरियलिज्मके मंत्रसे यह लज्जा दूर हो जाती है । ऐसी दशामें जब कि साम्राज्यमें मिलकर एक हो जाना ही भारतवर्षके लिये परमार्थ-लाभ है तब उस महान् उद्देश्यसे इस देशको चक्कीमें पीस कर विश्लिष्ट या खण्ट खण्ट कर डालना ही ' ह्यूमैनिटी ' (humanity= मनुष्यत्व) है ।

भारतवर्षके किसी स्थानमें उसकी स्वाधीन शक्तिको संचित न होने देना अँगरेजोंकी सभ्य नीतिके अनुसार अवश्य ही लज्जाप्रद है। लेकिन यदि इम्पीरियलिज्मका मंत्र पढ़ दिया जाय तो जो बात मनुष्यत्वके लिये परम लज्जाकी है वही राजनीतिकताके लिये परम गौरवकी हो जाती है।

अपने निश्चित एकाधिपत्यके लिये एक बड़े देशके असंख्य लोगोंको निरस्त्र करके उन्हें सदाके लिये पृथ्वीके जनसमाजमें पूर्णरूपसे निःस्वत्व और निरुपाय कर देना कितना बड़ा अधर्म कितनी अधिक निष्ठुरता है; इसकी व्याख्या करनेकी आवश्यकता नहीं है। लेकिन इस अधर्मकी ग्लानिसे अपने मनको बचानेके लिये किसी बड़े सिद्धान्तकी आड़ लेनी पड़ती है।

सेसिल रोड्स नामक एक साहब इम्पीरियल-वायुसे ग्रस्त थे। यह बात सभी लोग जानते हैं कि इसीलिये दक्षिण आफ्रिकाके बोअरोंकी स्वतंत्रता लुप्त करनेके वास्ते उनके दलके लोगोंने किस प्रकारका आग्रह किया था।

व्यक्तिगत व्यवहारमें जिन कामोंको लोग चोरी और मिथ्या आचरण कहते हैं, जो जाल, खून और डकैती कहलाते हैं, यदि उन कामों और बातोंको किसी 'इज्म'-प्रत्ययुक्त शब्दसे मनोहर कर दिया जाय तो वे गौरवका विषय हो जाते हैं, इसके सैकड़ों प्रमाण पश्चिमी इतिहासके मान्य व्यक्तियोंके चरित्रोंमें मिलते हैं।

इसीलिये जब हम अपने शासकोंके मुँहसे इम्पीरियलिज्मका आस्फालन सुनते हैं तब स्थिर नहीं रह सकते। यदि इतने बड़े शब्दके नीचे हम लोगोंका सर्वनाश छिप जाय और इसपर हम ज़रासी भी दुहाई देने लगें तो उसे कोई न सुनेगा। क्यों कि मनुष्य केवल

इसी भयसे अपने बड़े बड़े कार्य्योंमें धर्म्मका अधिकार नहीं होने देना चाहते कि जिसमें पीछेसे कार्य नष्ट न हो जाय।

प्राचीन यूनानमें जब प्रबल एथीनियन लोगोंने दुर्बल मेलियन लोगोंका द्वीप अन्याय और निष्ठुरतासे ले लेनेकी तरकीब की थी, तब दोनो देशोंमें जिस प्रकारका वादानुवाद हुआ था उसका कुछ नमूना थुकिदिदीज नामक ग्रीक इतिहासवेत्ताने दिया है। नीचे उसका कुछ अंश उद्धृत किया जाता है। इसे पढ़कर पाठक समझ सकेंगे कि इम्पीरियलिज्मका सिद्धान्त युरोपमें कितना पुराना है और जिस पालिटिक्स (Potitics=राजनीति) की भित्तिपर युरोपीय सभ्यताकी इमारत बनी है उसके अन्दर कैसी दारुण क्रूरता छिपी हुई है।

Athenians. But you and we should say what we *really think*, and aim only at what is possible, for we both alike know that into the discussion of human affairs the question of justice only enters where the pressure of necessity is equal, and that the powerful exact what they can, and the weak grant what they must × × × And we will now endeavour to show that we have come in the interests of our empire, and that in what we are about to say we are only seeking the preservation of your city. For we want to make you ours with the least trouble to ourselves and it is for the interest of us both that you should not be destroyed.

(एथी०—लेकिन आपको और हमें वही बातें कहनी चाहिए जो वास्तवमें हम अपने मनमें सोचते हो और ऐसी ही बातपर हम लोगोंको लक्ष्य रखना चाहिए जो सम्भव हो। क्यों कि हम दोनों ही समान

नसे समझते हैं कि मानवी विषयोंके वादानुवादमें न्यायका प्रश्न वहीं
ता है जहाँ कि आवश्यकताका जोर बराबर होता है। और
म लोग यह भी जानते हैं कि शक्तिशाली मनुष्य जो कुछ वसूल कर
कता है वह वसूल कर लेता है और दुर्बलको जो कुछ देना चाहिए
हीं वह दे देता है। × × × × × और अब हम लोग यह
सद्ध करनेका प्रयत्न करेंगे कि हम लोग अपने साम्राज्यके हितोंकी
क्षा करनेके लिये आए हैं और जो कुछ अभी कहना चाहते है उसमें
हमारा उद्देश्य केवल यही है कि आपके नगरकी रक्षा हो। क्यों कि
हम लोग अपने आपको यथासंभव बहुत ही कम कष्ट पहुँचाए हुए,
आप लोगोंको अपना बनाना चाहते हैं और इसमे आपका और हमारा
दोनोंका हित है कि आपका नाश न हो।)

Mel. It may be your interest to be our masters, but how can it be ours to be your slaves?

(मेल०—यदि आप हमारे स्वामी बन जायें तो इसमें आपका तो हित हो सकता है, परन्तु यदि हम आपके गुलाम बन जायँ तो इसमें हमारा हित कैसे हो सकता है?)

Ath. To you the gain will be that by submission you will avert the worst; and we shall be all the richer for your preservation.

(एथी०—यदि आप हमारी बात मानकर आत्मसमर्पण कर देंगे तो इससे आपका तो यह लाभ होगा कि आप बहुत सी दुर्दशाओंसे बच जायँगे और हमारा यह लाभ होगा कि आपकी रक्षा करनेके लिये हम और अधिक सम्पन्न हो जायँगे।)

राजभक्ति।

राजकुमार आए। बड़े बड़े राजकर्मचारियोंके जितने लड़के थे, सब उन्हें चारों तरफसे घेरकर बैठ गए। उनके बीचमें जरासा भी व्यवधान न रहा कि बाहरसे दूसरा कोई प्रवेश कर सके। इस व्यवधानको और भी अधिक संकीर्ण करनेके लिये कोतवालका लड़का पहरा देने लगा। इसके लिये उसे एक अच्छा 'सिरोपाव' मिला। इसके बाद ढेरकी ढेर आतिशबाजी उड़ाई गई और राजपुत्र जहाजपर चढ़कर चले गए। बस, हमारी कहानी समाप्त हो गई।

यह बात क्या हुई? केवल एक कहानी। राज्य और राजपुत्रका यह सुदुर्लभ मिलन जितना सुदूर, जितना स्वल्प और जितना निरर्थक हो सकता था, उतना किया गया। सारे देशका पर्यटन करके, उसे (देशको) जितना कम जाना जा सकता था और उसके साथ जितना कम योगस्थापन हो सकता था, वह बहुत बड़ा खर्च करके बड़ी निपुणता और बड़े भारी समारोहके साथ सम्पूर्ण किया गया।

अवश्य ही हमारे राजपुरुषोंने इस विषयमें कोई पालिसी सोची होगी—उनका कोई गहरा मतलब होगा—नहीं तो वे इतना व्यर्थ खर्च क्यों करते? 'नानीकी कहानी'का राजपुत्र किसी सोती हुई राजकन्याको जगानेके लिए सात समुद्र और तेरह नदी पार करके गया था। हमारे

राजपुत्रने भी जान पड़ता है, सुप्त राजभक्तिको जगानेके लिये ही यह यात्राका कष्ट स्वीकार किया था, परन्तु क्या उन्हें 'सोनेकी छड़ी' प्राप्त हुई ?

अनेक घटनाओंसे यह बात स्पष्ट दिखलाई देती है कि हमारे राज-पुरुष सोनेकी छड़ीकी अपेक्षा लोहेकी छड़ीपर ही विशेष आस्था रखते हैं। वे अपने प्रतापके आडम्बरको वज्रगर्भ विद्युतके समान क्षण-क्षणमें हमारी आँखोंके आगे चमका जाया करते हैं। उससे हमारी आँखें चकचौंधा जाती हैं, हृदय भी काँपने लगता है किन्तु राजा प्रजाके बीच हृदयका बन्धन दृढ़ नहीं होता—बल्कि उल्टा पार्थक्य बढ़ जाता है।

भारतके भाग्यमें इस प्रकारकी अवस्था अवश्यंभावी है। क्योंकि, यहाँके राजसिंहासनपर जो लोग बैठते हैं उनकी अवधि तो अधिक दिनोंकी नहीं रहती; पर यहाँ उनकी राजक्षमता जितनी उत्कट रहती है, उतनी स्वयं भारत-सम्राटकी भी नहीं है। वास्तवमें देखा जाय तो इंग्लैण्डमें राज्य करनेका सुयोग किसीको भी नहीं मिलता, क्योंकि वहाँकी प्रजा स्वाधीन है। पर यहाँ ज्योंही किसी अँगरेजने पैर रक्खा कि उसे तत्काल ही मालूम हो जाता है कि भारतवर्ष अधीन राज्य है। ऐसी दशामें इस देशमें शासनके दम्भ और क्षमताके मदको संवरण करना क्षुद्र प्रकृतिके अफसरोंके लिये असंभव हो जाता है।

जिसके वंशमें पीढ़ियोंसे राज्य चला आया हो, ऐसे बुनियादी राजाको राजकीय नशा बेहोश नहीं कर सकता; परन्तु जो एकाएक राजा हो जाते हैं उनके लिये यह नशा एकदम विषका काम करता है। भारत-वर्षमें जो लोग शासन करने आते हैं, उनमेंसे अधिकांशको इस मदि-राका अभ्यास नहीं रहता। उन्हें स्वदेशकी अपेक्षा इस देशमें बहुत

अधिक परिवर्तन दिखलाई देता है। जो लोग यहाँ किसी भी समय विशेष कुछ नहीं थे, यहाँ वे बातकी बातमें हर्त्ता-कर्त्ता बने दिखलाई देते हैं। ऐसी अवस्थामें, नशाकी झोंकमें वे इस नूतनलब्ध प्रतापको सबसे अधिक प्रिय और श्रेय समझने लगते हैं।

प्रेमका पथ नम्रताका पथ है। किसी साधारणसे भी साधारण मनुष्यके हृदयमें प्रवेश करनेके लिये अपने मस्तकको उसके द्वारके मापके अनुसार झुकाना पड़ता है। पर जो व्यक्ति अपने प्रताप और प्रेष्टीजके सम्बन्धमें ताजा नवाबके समान सिरसे पैर तक सदा ही सावधान रहता है, उसके लिये यह नम्रता या सिर झुकाना दुःसाध्य कार्य है। अंगरेजोंका राज्य यदि शुरूसे ही आने-जानेका राज्य नहीं होता, यदि वे इस देशमें स्थायी होकर शासनकी उग्रताको थोड़ा बहुत सहन कर सकते, तो यह बात निश्चयपूर्वक कही जा सकती है कि वे हमारे साथ हृदय मिलानेकी चेष्टा करनेके लिये बाध्य होते। किन्तु वर्तमान व्यवस्था ऐसी है कि इंग्लैण्डके किसी अप्रसिद्ध प्रान्तसे, थोड़े समयके लिए इस देशमें आकर ये लोग इस बातको किसी तरह भी नहीं भूल सकते कि हम कर्त्ता-हर्त्ता हैं—स्वामी है। इस क्षुद्र दम्भको सर्वदा प्रकाशमान रखनेके लिये वे हम लोगोंको सभी बातोंमें निरंतर दूर दूर रखते है और केवल प्रबलताके द्वारा हमे अभिभूत कर रखनेकी चेष्टा करते है। इस बातको स्वीकार करनेमें वे कुण्ठित होते हैं कि हम लोगोकी इच्छा अनिच्छा भी उनकी राजनीतिको स्पर्श कर सकती है। यहाँ तक कि उनके किसी कानूनसे या किसी विधानसे हम वेदना अनुभव करेंगे और उसे प्रकाश करेंगे, इसे भी वे गुस्ताखी है।

किन्तु पति चाहे जितना कठोर क्यों न हो वह अपनी स्त्रीसे केवल
। ही नही चाहता, स्त्रीके हृदयके प्रति भी उसके भीतर ही

करते तो शायद हमें भी उनपर दया आ जाती। हमारे ख़यालमें इस प्रकारकी शासन-लोलुपता भारतवर्षके और किसी भी शासन-कर्त्ताने इस तरहसे प्रकाशित नहीं की थी। इन लाट साहबने भारतके पुराने बादशाहोंके समान दरबार करना स्थिर किया और अहंकार प्रकट करनेके लिए उस दरबारका स्थान दिल्ली नियत किया।

किन्तु पूर्व देशोंके सभी राजा इस बातको जानते हैं कि दरबार अहंकार प्रकाश करनेके लिये नहीं किया जाता; यह राजाके साथ प्रजाके आनन्द-सम्मिलनका उत्सव है। इसमें केवल राजोचित ऐश्वर्यके द्वारा प्रजाको चकित स्तंभित नहीं किया जाता, किन्तु राजोचित औदार्यसे उसे निकट बुलाया जाता है। दरबार क्षमा करनेका, दान करनेका और राज-शासनको सुन्दरतासे सजानेका शुभ अवसर होता है।

किन्तु पश्चिमके इस ताजा नवाबने प्राच्य इतिहासको सम्मुख रख-कर और वदान्यता या उदारताको सौदागरी कृपणता द्वारा खर्व करके केवल प्रतापको ही अतिशय उग्र करके प्रकाशित किया। वास्तवमें देखा जाय तो इससे अंगरेजोंकी राजश्रीने हम लोगोंके निकट गौरव नहीं पाया। इससे दरबारका उद्देश्य बिलकुल व्यर्थ हो गया। इस दरबारके दुःसह दर्पसे प्राच्य हृदय पीड़ित ही हुआ, आकर्षित तो जरा भी नहीं हुआ। उसका अपरिमित अपव्यय यदि कुछ फल छोड़ गया है, तो वह अपमानकी स्मृति है। लोहेकी छड़ीसे सोनेकी छड़ीका काम निकालनेकी चेष्टा केवल निष्फल ही नहीं होती है, उसका फल उल्टा भी होता है।

अबकी बार राजपुत्रका भारतमें आगमन हुआ। राजनीतिकी दृष्टिमें यह परामर्श बहुत अच्छा हुआ था। क्योंकि, साधारणतः राजवंशीय पुरुषोंके प्रति भारतवर्षीय हृदय विशेषरूपसे अभिमुख रहता है। यह

भारतका बहुत पुराना प्रकृतिगत अभ्यास है और इसीसे दिल्ली दरबारमें ड्यूक आफ कनाटके होते हुए कर्जनका तख्तपर बैठना भारतवासी मात्रके हृदयमें खटका है। प्रजाको विश्वास है कि कर्जनने अपने दंभको प्रकाशित करनेके लिये ही इच्छापूर्वक दरबारमें ड्यूक आफ कनाटके उपस्थित रहनेका प्रयत्न किया था। हम लोग विलायती कायदे नहीं जानते, और फिर जब 'दरबार' चीज ही खासकर प्राच्य देशोंकी है, तब इसके उपलक्ष्यमें राजवंशका प्रकाश्य अपमान हमारी समझमें कमसे कम पालिसी-संगत तो नहीं कहा जा सकता।

जान पड़ता है कि ऐसा परामर्श दिया गया होगा कि कुछ भी हो पर भारतवर्षकी राजभक्तिको गति देनेके लिये एक बार राजकुमारको बुलाकर समस्त देशको इनका साक्षात् करा देना चाहिए। पर भारतवर्षके अँगरेजोंने हृदयका कारबार कभी किया ही नहीं। वे इस देशको अपना हृदय देते भी नहीं और इस देशका हृदय चाहते भी नहीं; इस देशका हृदय कहाँ पर है, इसकी भी वे खबर नहीं रखते। राजकुमारके भारतवर्षमें आगमनको जितना स्वल्पफलप्रद ये कर सकते थे उतना इन्होंने किया। आज राजकुमार भारतवर्षसे बिदा होकर जहाजपर सवार हो रहे हैं और हमें जान पड़ रहा है कि एक स्वप्न था जो टूट गया; एक कहानी थी जिसकी इति हो गई। कुछ भी नहीं हुआ—मनमें रखने योग्य कुछ नहीं मिला; जो जैसा था वह वैसा ही रह गया।

यह सर्वथा सत्य है कि भारतवर्षकी राजभक्ति प्रकृतिगत है—उसके स्वभावमें समाई हुई है। हिन्दू भारतवर्षकी राजभक्तिमें एक विशेषता है। हिन्दू लोग राजाको देवतुल्य और राजभक्तिको धर्मस्वरूप मानते हैं। [illegible]

असमर्थ हैं । वे सोचते है कि शक्तिके सामने इस प्रकार सिर झुकाना हिन्दुओंकी स्वाभाविक दीनताका लक्षण है ।

संसारके अधिकांश सम्बन्धोंको देवसम्बन्ध न मानना हिंदुओंके लिये असंभव है । हिंदुओंके विचारसे प्राय: कोई भी सम्बन्ध आकस्मिक नहीं है । क्यों कि वे जानते हैं कि प्रकाश कितने ही विचित्र और विभिन्न क्यों न हों, उनको उत्पन्न करनेवाली मूलशक्ति एक ही है । भारतवर्षमें यह एक दार्शनिक सिद्धान्त मात्र नहीं है; यह धर्म्म है—पुस्तकमें लिखने या कालेजोमे पढानेका नहीं, बल्कि ज्ञानके साथ हृदयमें उपलब्ध या साक्षात् और जीवनके दैनिक व्यवहारोंमें प्रतिबिम्बित करनेका है । हम माता-पिताको देवता कहते हैं, स्वामीको देवता कहते है, सती स्त्रीको लक्ष्मी कहते हैं । गुरुजनोंकी पूजा करके हम धर्मको तृप्त करते हैं । कारण यह है कि जिस जिस सम्बन्धसे हम मंगल लाभ करते हैं उन सभी सम्बन्धोंमें हम आदि मंगल शक्तिको स्वीकार करना चाहते हैं । मंगलमयको मंगलदानके उक्त सम्पूर्ण निमित्तोंसे अलगकर और सुदूर स्वर्गमें स्थापित कर उनकी पूजा करना भारतवर्षका धर्म नहीं है । जिस समय हम माता-पिताको देवता कहते हैं उस समय हमारे मनमें यह मिथ्या भावना नहीं होती कि वे अखिल जगत्के ईश्वर और अलौकिक शक्तिसम्पन्न है । वे मनुष्य हैं, इस बातको हम निश्चयपूर्वक जानते हैं; पर इस बातको भी उतने ही निश्चयके साथ जानते है कि माता और पिताके रूपोंसे वे हमारा जो उपकार कर रहे हैं वह उपकार—वह मातृत्व और पितृत्व सृष्टिके मातापिताका ही प्रकाश है । इन्द्र, चन्द्र, अग्नि, वायु आदिको जो वेदोंमें देवता स्वीकार किया गया है उसका भी यही कारण है । शक्तिके प्रकाशमें शक्तिमान्की सत्ता अनुभव किए बिना भारतवर्षको कभी सन्तोष नहीं हुआ । यही कारण

है कि विश्वसमाजमें भिन्न भिन्न निमित्तोंमें और भिन्न भिन्न आकारोंमें भक्तिविनम्र भारतवर्षकी पूजा आयोजित हुई है। हमारे विश्वासमें समाज सदा ही दैवशक्ति द्वारा जीवित है।

यह कहना सर्वथा असत्य है कि हमारी दीनता ही हमसे प्रबलताकी पूजा कराती है। सभी जानते हैं कि भारतवर्ष गायकी भी पूजा करता है। गायका पशु होना उसे मालूम न हो, यह बात नहीं है। मनुष्य प्रबल है, गाय दुर्बल। परन्तु भारतवर्षके मनुष्य गायसे अनेक प्रकारके लाभ उठाते हैं। एक उद्धत समाज कह सकता है कि मनुष्य अपने बाहुबलकी बदौलत पशुसे लाभ उठाता है। परन्तु भारतवर्षमें ऐसी अविनीतता नहीं है। सम्पूर्ण मंगलोंके मूलमें ईश्वरानुग्रहको प्रणाम करके और सम्पूर्ण प्राणियोंके साथ आत्मीय सम्बन्ध स्थापित करके ही वह सुखी होता है। कारीगर अपने औजारको प्रणाम करता है, योद्धा अपनी तलवारको प्रणाम करता है, गवैया अपनी वीणाको प्रणाम करता है। वे यंत्रको यंत्र न जानकर कुछ और जानते हों, यह बात नहीं है। परन्तु वे यह भी जानते हैं कि यंत्र निमित्त मात्र है—यह हमें जो आनन्द देता है, हमारा जो उपकार करता है वह लोहे या काठका दान नहीं है; क्यों कि आत्माको किसी आत्मशून्य पदार्थमें कोई पा ही नहीं सकता। इसलिये वे अपनी पूजा, अपनी कृतज्ञता इन यंत्रोंहीके द्वारा विश्वयंत्रके यंत्रीकी सेवामें अर्पित करते हैं।

भारतवर्ष यदि राजशासनके कार्य्यको पुरुष रूपसे नहीं, बल्कि निर्जीव यंत्र रूपसे अनुभव करता रहे तो उसके लिये इससे बढ़कर कष्टकी बात दूसरी नहीं हो सकती। जड़ पदार्थोंके अन्दर भी जिसको आत्माके सम्पर्कका पता लगाकर ही सन्तोष होता है वह राज्यतंत्र

उपदेश दिया जाय तो वह इसीलिए दशामें उत्तर देता है कि यह तो धर्मका आदर करना नहीं है, भयके सामने सिर झुकाना है।

अभी थोड़े दिन पहले जो बोअर-युद्ध हुआ था उसमें विजय-लक्ष्मीके धर्मबुद्धिके पीछे पीछे न चलनेकी बात किसी किसी धर्मभीरु अँगरेजके मुँहसे सुनी गई थी। युद्धके समय शत्रुपक्षके मनमें भयका आतंक पैदा कर देनेके निमित्त उसके नगरों और ग्रामोंको उजाड़ कर, घर-बारको भस्म कर, खानेपीनेकी चीजें लूट-पाटकर हजारों निरपराधोंको आश्रयहीन कर देना युद्ध-कर्तव्यका एक अंग ही मान लिया गया है। मार्शल ला (फौजी शासन)का अर्थ ही जबतकके समय न्यायविचार-बुद्धिको परम विघ्न जानकर निर्वासित कर देनेकी विधि और उसके सहारे प्रतिहिंसापरायण मानव प्रकृतिकी बाधायुक्त पाशविकताको ही प्रयोजनसाधनका सर्वप्रधान सहायक घोषित करना है। प्युनिटिव पुलिसके* द्वारा समस्त निरुपाय ग्रामवासियोंको बलपूर्वक दबा देनेकी विवेकहीन वर्बरता भी इसी श्रेणीकी है। इन सब विधियोंके द्वारा इस बातकी घोषणा की जाती है कि राजकार्य्यमें विशुद्ध न्यायधर्म ही अपना उद्देश्य सिद्ध करनेके लिये पर्याप्त नहीं है।

युरोपकी इस धर्महीन राजनीतिने आज संसारमें सर्वत्र ही धर्म-बुद्धिको विषाक्त कर डाला है। ऐसी दशामें जिस समय कोई विशेष घटना घटने और कोई विशेष कारण उपस्थित होनेपर कोई पराधीन राष्ट्र सहसा अपनी पराधीनताकी वज्रमूर्ति देखकर समष्टिरूपसे पीड़ित हो उठता है, अपने आपको जब सब प्रकारसे उपायहीन देखकर

---

* किसी ग्राम या नगरके समस्त निवासियोंको अप्रत्यक्ष दण्ड देनेके लिये जो विशेष पुलिस तैनात की जाती है उसे प्युनिटिव पुलिस कहते हैं।—अनु०।

जैसे महान् मानव-व्यापारमें हृदयके प्रत्यक्ष आविर्भावको मूर्तिमान न देखकर किस प्रकार जीवित रहेगा ! जहाँ आत्माका आत्मीयसे सम्बन्ध हो, केवल वहीं सिर झुकानेमें सुख मिलता है, जहाँ ऐसा सम्बन्ध न हो वहाँ नमस्कार करनेमें अपमान और कष्ट जान पड़ता है। अतएव राज्यव्यवस्थामें यदि हम देवताकी शक्तिको, मंगलके प्रत्यक्ष स्वरूपको राजरूपमें देख सकें तो शासनका भारी भार सहजमें वहन कर सकते हैं। यदि इसके प्रतिकूल हो तो हृदय प्रतिक्षण भग्न होता रहता है। हम पूजा करना चाहते हैं—राज्यव्यवस्थामें प्राणप्रतिष्ठा कर उसके साथ अपने प्राणोंका मिलाप अनुभव करना चाहते हैं—हम बलको निरा बल जानकर ही सहन नहीं कर सकते।

अतएव यह बात सत्य है कि भारतवर्षकी राजभक्ति प्रकृतिगत है। परन्तु इसी कारण राजा उसके लिये तमाशा भरका राजा नहीं है। वह राजाको एक अनावश्यक आडम्बरका अंग मानकर देखना नहीं चाहता। राजाके दर्शन पानेमें उसे जितनी ही देर लगेगी, उतनी ही उसकी पीड़ा बढ़ती जायगी। क्षणस्थायी अनेक राजाओंके दुस्सह भारसे यह बृहत् देश किस प्रकार मर्मपीड़ा अनुभव कर रहा है, किस प्रकार प्रतिदिन अपने आपको उपायहीन जानकर लम्बी साँसें भर रहा है, इसे एक उस अन्तर्यामीके सिवा और कौन देखता है ! जो पथिक मात्र हैं, जिनके मनमें सदा यही बना रहता है कि कब छुट्टी मिले, जो पेटके कारण निर्वासित बनकर दिन काट रहे हैं, जो उजरत लेकर इस शासन-कारखानेकी कल घुमाते रहते हैं, जिनके साथ हमारा कोई सामाजिक सम्बन्ध नहीं है, और जो निरन्तर बदलते रहते हैं उन उपेक्षापरायण शासकोंका हृदय-सम्पर्क-शून्य शासन वहन करना कितना दुस्सह है, इसे केवल भारतवर्ष ही

उसका हृदय दृढ़ होने लगता है, उस समय यदि उसके कतिपय अधीर और असहिष्णु व्यक्तियोंका एक समुदाय केवल धर्मबुद्धिको ही नहीं, कर्मबुद्धिको भी तिलांजलि दे दे, तो देशके आन्दोलनकारी वक्ताओंको ही उसके अपराधका जिम्मेदार ठहराना दर्पान्ध पशुबलकी मूढ़ता मात्र है।

अतएव जिन लोगोंने स्थिर कर लिया है कि गुप्त मण्डलियाँ बनाकर और छिपकर पाप करनेमें ही राष्ट्रके कल्याणका एक मात्र उपाय है उनको गालियाँ देनेसे कोई फल न होगा; और यदि हम उन्हें धर्मोपदेश देकर सुधारना चाहें तो वे उसे भी हँसीमें उड़ा देंगे। हम जिस युगमें वर्तमान हैं उसमें जब राष्ट्रीय स्वार्थके सामने धर्म सभी प्रकारसे बेबस है, तब इस धर्म-भ्रंशताका परिणामस्वरूप दुःख सम्पूर्ण मनुष्योंको विविध रूपोंमें भोगना ही पड़ेगा। राजा हो या प्रजा, प्रबल हो या निर्बल, धनी हो या निर्धन, कोई उसके पंजेसे छुटकारा नहीं पा सकता। राजा भी प्रयोजनके समय प्रजापर दुर्नीतिके द्वारा आघात करेगा, प्रजा भी अपने कामके लिये दुर्नीतिहीको आगेकर राजापर आक्रमण करनेकी चेष्टा करेगी और जो तीसरे पक्षके लोग इन दोनोंके कामोंसे निर्लिप्त होंगे उन्हें भी इस अधर्म संघर्षका उत्ताप सहन करना ही पड़ेगा। वास्तवमें संकटमें पड़कर जब लोग यह समझ लेते हैं कि यदि अधर्मको वेतन देकर अपने पक्षमें किया जाय तो वह फिर हमारे ही पक्षमें, हमारा ही गुलाम होकर नहीं रहता बल्कि दोनों पक्षोंका नमक खाकर दोनों ही पक्षोंके लिये समानरूपसे भयंकर हो जाता है। तब दोनों पक्ष उसकी सहायताका अविश्वास करके उससे अपना पीछा छुड़ानेके प्रयत्नमें लग जाते हैं। ऐसा करके ही धर्मराज भीषण संघातमेंसे धर्मको विजयी करके उसका उद्धार करते हैं। जब तक इस प्रकार धर्मका उद्धार सम्पूर्ण नहीं होता

जिस दिन आर्य ऋषि [illegible] मुक्ति पानेवाली स्रोतस्विनीकी तरह अकस्मात् बाहर होकर विश्वभरमें आ गई थी और उनकी एक शाखाने पंजाबको । उपासना करते हुए भारतवर्षके वनोंमें यज्ञाग्नि प्रज्वलित की थी, उस दिन भारतके आर्य्य-अनार्य्य-सम्मिलन क्षेत्रमें जो विपुल इतिहासकी उपक्रमणिकाका गायन आरम्भ हुआ था आज क्या वह समाप्त होनेके पहले ही शान्त हो गया है ! क्योंकि मिट्टीके घरकी तरह क्या विधाताने अनादरके साथ आज उसे हठात् मिटा डाला है ! उसके पश्चात् इसी भारतवर्षमें बौद्ध धर्मके मिलन-मंत्रने, करुणाजलसे भरे हुए गम्भीर मेघके समान गरजते हुए, एशियाके पूर्व सागरतीरकी निवासिनी समस्त मंगोलियन जातिको जाग्रत कर दिया और ब्रह्मदेशसे लेकर बहुत दूर जपानतकके भिन्न भिन्न भाषाभाषी अनार्य्योंको भी धर्मसम्बन्धमें बाँधकर भारतके साथ एकात्म बना दिया। भारतके क्षेत्रमें उस महत् शक्तिका अभ्युदय क्या केवल भारतके भाग्यमें ही, भारतवर्षके लिये ही परिणामहीन निष्फलताके रूपमें पर्यवसित हुआ है ! इसके अनन्तर एशियाके पश्चिमीय प्रान्तसे दैवबलकी प्रेरणासे एक और मानव महाशक्ति प्रसुप्तिसे जाग्रत होकर और ऐक्यका सन्देश लेकर प्रचण्ड वेगसे पृथिवीपर फैलती हुई बाहर निकली। इस महाशक्तिको विधाताने भारतमें केवल बुला ही नहीं लिया, चिरकालके लिये उसे आश्रय भी दिया । हमारे इतिहासमें यह घटना भी क्या कोई आकस्मिक उत्पात मात्र है ? क्या इसमें किसी नित्य सत्यका प्रभाव दिखलाई नहीं पड़ता ! इसके पश्चात् युरोपके महाक्षेत्रसे मानवशक्ति जीवनशक्तिकी प्रबलता, विज्ञानके कौतूहल और पुण्यसंग्रहकी आकांक्षासे जब विश्वाभिमुखी होकर बाहर निकली, उस समय उसकी भी एक बड़ी धारा विधाताके आह्वानपर यहाँ आई और अब अपने आघात द्वारा

ें जगानेका प्रयत्न कर रही है। इस भारतवर्षमें बौद्ध धर्मकी बाढ़ ट जाने पर जब खण्ड खण्ड देशके खण्ड खण्ड धर्म्म-सम्प्रदायोंने रोध और विच्छिन्नताके काँटे सब ओर बिछा रक्खे थे उस समय ंकराचार्य्यने उस सारी खण्डता और क्षुद्रताको एक मात्र अखण्ड बृहत्त्वमें क्यबद्ध करनेकी चेष्टा कर भारतहीकी प्रतिभाका परिचय दिया था। न्तिम कालमें दार्शनिक ज्ञानप्रधान साधना जब भारतमें ज्ञानी अज्ञानी; धिकारी अनधिकारीका भेदभाव उत्पन्न करने लगी तब चैतन्य, ानक, दादू, कबीर आदिने भारतके भिन्न भिन्न प्रदेशोंमें जाति और ास्त्रके अनैक्यको भक्तिके परम ऐक्यमें एक करनेवाले अमृतकी वर्षा ी थी। केवल प्रादेशिक धर्म्मोंके विभिन्नतारूपी घावको प्रेमके मल-मसे भर देनेहीका उन्होंने उद्योग नहीं किया बल्कि, हिन्दू और मुसलमान प्रकृतिके बीच धर्मका पुल बाँधनेका काम भी वे करते थे। इस समय भी भारत निश्चेष्ट नहीं हो गया है—राममोहनराय, स्वामी दयानन्द, केशवचन्द्रसेन, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानन्द, शिवनारायणस्वामी आदिने भी अनैक्यके बीचमें ऐक्यको, क्षुद्रताके बीचमें महत्त्वको प्रतिष्ठित करनेके लिये अपने जीवनकी साधनाओंको भारतके चरणोंमें भेंट कर दिया है। अतीत कालसे आजतक भारतवर्षके एक एक अध्याय इतिहासके विच्छिन्न विक्षिप्त प्रलाप मात्र नहीं हैं, ये परस्पर बँधे हुए हैं, इनमेंसे एक भी स्वप्नकी तरह अन्तर्धान नहीं हुए, ये सभी विद्यमान हैं। चाहे सन्धिसे हो या संग्रामसे, घातप्रतिघात द्वारा ये विधाताके अभिप्रायकी अपूर्व रूपसे रचना कर रहे हैं—उसकी पूर्तिके साधन बना रहे हैं। पृथ्वीपर विद्यमान और किसी देशमें इतनी बड़ी रचनाका आयोजन नहीं हुआ—इतनी जातियाँ, इतने धर्म, इतनी शक्तियाँ किसी भी तीर्थस्थलमें एकत्र नहीं हुईं। अनन्त

विभिन्नता और वैचित्र्यको बहुत बड़े समन्वयके द्वारा बाँधकर विरोधमें ही मिलनके आदर्शको विजय दिलानेका इतना सुस्पष्ट आदेश जगतमें और कहीं ध्वनित नहीं हुआ । अन्य सब देशोंके लोग राज्यविस्तार करें, पण्यविस्तार करें, प्रतापविस्तार करें और भारतवर्षके मनुष्य दुस्सह तपस्या द्वारा ज्ञान, प्रेम और कर्ममें समस्त अनैक्य और सम्पूर्ण विरोधमें उसी एक ब्रह्मको स्वीकारकर मानवकर्मशालाकी कठोर संकीर्णतामें मुक्तिकी उदार, निर्मल ज्योति फैलाते रहें—बस भारतके इतिहासमें आरम्भसे ही हम लोगोंके लिये यही अनुशासन मिल रहा है। गोरे और काले, मुसलमान और ईसाई, पूर्व और पश्चिम कोई हमारे विरुद्ध नहीं है—भारतके पुण्यक्षेत्रमें ही सम्पूर्ण विरोध एक होनेके लिये सैकड़ों शताब्दियोंतक अति कठोर साधना करेंगे। इसीलिए अति प्राचीन कालमें यहाँके तपोवनोंमें उपनिषदोंने एकका तत्त्व इस प्रकार आश्चर्यजनक सरल ज्ञानके साथ समझाया था कि इतिहास अनेक भांतियोंसे उसकी व्याख्या करते करते थक गया और आज भी उसका अन्त नहीं मिला ।

इसीसे हम अनुरोध करते है कि अन्य देशोंके मनुष्यत्वके आंशिक विकाशके दृष्टान्तोंको सामने रखकर भारतवर्षके इतिहासको संकीर्ण करके मत देखिए—इसमें जो बहुतसे तात्कालिक विरोध दिखाई पड़ रहे हैं उन्हें देख हताश होकर किसी क्षुद्र चेष्टामें अन्ध भावसे अपने आपको मत लगाइए। ऐसी चेष्टामें किसी प्रकार कृतकार्यता न होगी, इसको निश्चित जानिए । विधाताकी इच्छाके साथ अपनी इच्छा भी सम्मिलित कर देना ही सफलताका एक मात्र उपाय है। यदि उसके साथ विद्रोह किया जायगा तो क्षणिक कार्य्यसिद्धि हमे भुलावा देकर भयंकर विफलताकी खाड़ीमें डुबा मारेगी ।

जिस भारतवर्षने सम्पूर्ण मानव महाशक्तियोंके द्वारा स्वयं क्रमशः ऐसा विराट् रूप धारण किया है, समस्त आघात, अपमान, समस्त वेदनाएँ जिस भारतवर्षको इस परम प्रकाशकी ओर अग्रसर कर रही हैं उस महा भारतवर्षकी सेवा बुद्धि और अन्त करणके योगसे हममेंसे कौन करेगा? एकरस और अविचलित भक्तिके साथ सम्पूर्ण क्षोभ, अधैर्य्य और अहंकारको इस महासाधनामें विलीनकर भारतविधाताके पदतलमें पूजाके अर्घ्यकी भाँति अपने निर्मल जीवनको कौन निवेदन करेगा? भारतके महा जातीय उद्बोधनके वे हमारे पुरोहित आज कहाँ हैं? वे चाहे जहाँ हों, इस बातको आप ध्रुव सत्य समझिए कि वे चञ्चल नहीं हैं, उन्मत्त नहीं हैं, वे कर्मनिर्देशशून्य महत्त्वाकाङ्क्षाके वाक्यों द्वारा देशके व्यक्तियोंके मनोवेगको उत्तरोत्तर संक्रामक वायु-रोगमें परिणत नहीं कर रहे हैं। निश्चय जानिए कि उनमें बुद्धि, हृदय और कर्मनिष्ठाका अत्यन्त असामान्य समावेश हुआ है, उनमें गम्भीर शान्ति और धैर्य्य तथा इच्छाशक्तिका अपराजित वेग और अध्यवसाय इन दोनोंका महत्त्वपूर्ण सामञ्जस्य है।

परन्तु जब हम देखते हैं कि किसी विशेष घटना द्वारा उत्पन्न उत्तेजनाकी ताडनासे, किसी सामयिक विरोधसे क्षुब्ध होकर देशके अनेक व्यक्ति क्षणभर भी विचार न कर देशहितके लिये सरपट दौड़ने लगते हैं तब हमें कुछ भी सन्देह नहीं रहता कि केवल मनोवेगका राहखर्च लेकर वे दुर्गम मार्ग तै करनेके लिये निकल पड़े हैं। वे देशके सुदूर और सुविस्तीर्ण मंगलको शान्त भाव और यथार्थ रीतिसे सोच ही नहीं सकते। उपस्थित कष्ट ही उन्हें इतना असह्य मालूम होता है, इसीके प्रतिकारकी चिन्ता उनके चित्तपर इस तरह चढ़ जाती है कि उनकी जन्तकी दीवार बिल्कुल ही टूट जाती है और अपने तात्का-

लिक क्लेशकी प्रतिकारचेष्टामें देशके व्यापक हितको हानि पहुँचा देना उनके लिये असम्भव नहीं रह जाता।

इतिहासकी शिक्षाको जैसा चाहिए वैसा समझ लेना बड़ा कठिन काम है। सभी देशोंके इतिहासोंमें जिस समय कोई बड़ी घटना घटित होती है उसके कुछ ही पहले एक प्रबल आघात और आन्दोलनका अस्तित्व अवश्य पाया जाता है। राष्ट्र अथवा समाजपर असामञ्जस्यका भार बहुत दिनोंतक चुपचाप बढ़ता बढ़ता अधिक हो जाता है और तब वह अचानक एक दिन एक आघातसे विप्लवका रूप धारण कर लेता है। उस समय यदि देशमें अनुकूल उपकरण प्रस्तुत रहते हैं, यदि पहले हीसे उसके भाण्डारमें ज्ञान और शक्तिका सम्बल पूर्ण रूपसे संचित रहता है तो देश उस विप्लवके कठोर आघातका निवारण कर नए सामञ्जस्यके योगसे अपना नया जीवन निर्माण कर लेता है। देशका यह आभ्यन्तरिक प्राण सम्बल अन्त:पुरके भाण्डारमें प्रच्छन्न रूपसे सञ्चित होता है, इसलिये हम इसे देख नहीं सकते और इसीसे समझ बैठते हैं कि विप्लवहीके द्वारा देशने सफलता प्राप्त की है; विप्लव ही मंगलका मूल कारण और प्रधान उपाय है।

इतिहासको ऊपर ऊपरसे देखकर यह भूल जाना ठीक न होगा कि जिस देशके मर्मस्थानमें सृष्टि करनेकी शक्ति क्षीण हो गई है, प्रलयके आघातका उससे कदापि निवारण न हो सकेगा। गढ़ने या जोड़नेकी प्रवृत्ति जिसमें सजीव रूपमें विद्यमान है, भंग करनेकी प्रवृत्तिका आघात उसके जीवन-धर्मको ही, उसकी सृजनी शक्तिको ही सचेष्ट और सचेतन करता है। इस प्रकार प्रलय सदा सृष्टिको नवीन बल देकर उत्तेजित करता है; इसीलिये उसका इतना गौरव है। नहीं तो निरा तोड़-फोड़ या विवेकहीन विप्लव किसी प्रकार कल्याणकर नहीं हो सकता।

विरोधी वायुके प्रबलतम झोंकोंकी परवा न कर जो जहाज लंगर खुलने पर समुद्रके पानीको चीरता हुआ चल देता है, निश्चयपूर्वक जानना होगा कि उसके पेंदेके तख्तोंमें कोई दराज नहीं था; अथवा यदि रहा भी हो तो जहाजके मिस्त्रीने किसीको न जनाते हुए चुपचाप उसकी मरम्मत कर डाली है। पर जिस जीर्ण जहाजके तख्ते इतने ढीले हो गए हों कि जरासा हिला देनेहीसे एक दूसरेसे टक्करें लेने लगते हों, क्या उपर्युक्त तूफानी झोंके उसकी पालका सर्वनाश न कर डालेंगे ? हमारे देशमें भी तनिकसी गति दे देनेसे हिन्दूसे मुसलमान, उच्च वर्णसे निम्न वर्णकी टक्करबाजी होने लगती है या नहीं ? जब भीतर इतने छिद्र मौजूद हैं तब तूफानके समय, लहरें चीरकर, स्वराज्यके बन्दरगाह तक पहुँचनेके लिये उत्तेजनाको उन्मादमें बदल लेना ही क्या उत्कृष्ट उपाय है ?

जिस समय बाहरसे देशका अपमान किया जाता है, जिस समय अपने अधिकारोंकी सीमा तनिक विस्तीर्ण करानेकी इच्छा करते ही शासकवर्ग हमें 'नालायक' की उपाधि देने लगता है, उस समय अपने देशमें किसी प्रकारकी दुर्बलता, किसी प्रकारकी त्रुटि स्वीकार करना हमारे लिये अत्यन्त कठिन हो जाता है। उस समय हम दूसरोंसे अपना बचाव करनेके लिये ही अपना बड़प्पन नहीं गाते फिरते, अभिमानके आहत होनेसे अपनी अवस्थाके सम्बन्धमें हमारी बुद्धि भी अन्धी हो जाती है और हम तिरस्कार योग्य नहीं हैं, इसे निमेष मात्रमें सिद्ध कर दिखानेके लिये हम अत्यन्त व्यग्र हो उठते हैं। हम सब कुछ कर सकते हैं, हमारा सभी कुछ मौजूद है, केवल बाहरी रुकावटने हमें अयोग्य और असमर्थ बना रक्खा है—इस बातको गला फाड़ फाड़कर चिल्लानेहीसे हमें सन्तोष नहीं होता; इसी विश्वासके

थ कार्यक्षेत्रमें कूद पड़नेके लिये भी हमारा लाञ्छित हृदय विह्वल हो
ता है। मनःक्षोभकी इस आत्यन्तिक अवस्थामें ही हम इतिहासका
ार्थ तात्पर्य समझनेमें भूल कर जाते हैं। हम निश्चय कर लेते हैं कि
स जिस पराधीन देशको कभी स्वाधीनता मिली है, वह विप्लवहोंकी
ासे मिली है। स्वाधीन होने और बने रहनेके लिये और भी कितो
ाकी आवश्यकता है या नहीं, इसको हम स्पष्ट रूपसे समझना ही
ीं चाहते; अथवा विश्वास कर लेते हैं कि सारे गुण हमने सम्पा-
त कर लिए हैं और हममें विद्यमान हैं, या यही मान लेते हैं कि
य आनेपर वे गुण अपने आप ही किसी न किसी रीतिसे हममें
जायँगे।

इस प्रकार मानवचित्त जिस समय अपमानकी चोट खाकर अपना
प्पन साबित करनेके लिये छटपटाने लगता है, जिस समय पाग-
ी तरह सारी कठिन बाधाओंका अस्तित्व एक बारगी अस्वीकार
के असाध्य चेष्टा करते हुए आत्महत्याका उपाय करता है, उस समय
ारमें उससे बढ़कर शोचनीय दशा और किसकी हो सकती है!
ी दुश्चेष्टा विफलताकी उस खाड़ीमें फेंक देती है जिससे कभी निक-
ा ही नहीं होता। तथापि हम इसका परिहास नहीं कर सकते।
चेष्टाके अन्दर मानव प्रकृतिका जो परम दुःखकर अध्यवसाय है,
सभी स्थानों और सभी समयोंमें नाना निमित्तोंसे, नाना असम्भव
ाओंमें, नाना असाध्य साधनोंमें बारम्बार पंख जले हुए पतंगकी
ह निश्चित पराभवकी अग्निशिखामें अन्धभावसे कूदा करता है।

जो हो, और चाहे जैसे हो, यह नहीं कहा जा सकता कि आघात
कर शक्तिके अभिमानका जाग्रत होना राष्ट्रका अहित करना है। इसीसे
हममेंसे कोई कोई यह मानकर कि विरोधके क्रुद्ध आवेगसे ह

हमारा यह उद्यम एकाएक आविर्भूत हुआ है, देशकी शक्तिको विरोधके स्वरूपहीमें प्रकट करनेकी दुर्बुद्धिका पोषण करते हैं। किन्तु जिन्होंने साधारण अवस्थामें स्वाभाविक अनुरागकी प्रेरणासे कभी देशके हित-साधनका नियमित रीतिसे अभ्यास नहीं किया है, जिन्होंने उच्च संकल्पोंको बहुदिनव्यापी धैर्य्य और अध्यवसायकी सहायतासे सैकड़ों विघ्न-बाधाओंके भीतर मूर्तस्वरूप गढ़ लेनेके लिये अपने आपको तैयार नहीं कर लिया है, जो दुर्भाग्यवश बहुत दिनोंसे देशकार्य्यके वृहत् कार्य्य-क्षेत्रसे बाहर रहकर क्षुद्र व्यक्तिगत स्वार्थके अनुसरणमें संकीर्ण रूपसे जीवनके कार्य्य करते रहे हैं, एकाएक विषम क्रोधमें भरकर वे एक पलमें देशका कोई व्यापक हित कर डालें, यह कदापि सम्भव नहीं है। साधारण ऋतुमें जो कभी नावके पास भी नहीं फटके, वे ही तूफानके समय डाँड़ हाथमें लेकर असामान्य मल्लाह कहलाकर देश-विदेशोंमें वाहवाही लूटने लगें, ऐसी घटना केवल स्वप्नहीमें सम्भव हो सकती है। अतएव हम लोगोंको भी अपना काम नीचेसे ही शुरू करना होगा। इसमें विलम्ब हो सकता है, पर विपरीत उपाय करनेसे और भी अधिक विलम्ब होगा।

मनुष्य व्यापक मंगलकी सृष्टि करता है तपस्या द्वारा। क्रोध और काम इस तपस्याको भंग और उसके फलको एक ही क्षणमें नष्ट कर देते हैं। निश्चय ही हमारे देशमें भी कल्याणमय चेष्टा एकान्त स्थानमें तपस्या कर रही है। जल्दी फल प्राप्त करनेका लोभ उसे नहीं है, तात्कालिक आशाभंगके क्रोधको उसने संयमसे जीत लिया है। ऐसे समयमें आज धैर्य्यहीन उन्मत्तता अकस्मात् यज्ञक्षेत्रमें रक्तवृष्टि करके उसके बहुदुःख-सञ्चित तपस्याफलको कलुषित करनेका उपाय कर रही है।

क्रोधके आवेगकी तपस्यापर श्रद्धा ही नहीं होती। वह उसको निश्चेष्टताका पर्य्याय समझता है, अपनी आशु-उद्देश्य-सिद्धिका प्रधान

विघ्न समझकर उससे घृणा करता है और उपद्रव द्वारा उसकी सात्र
शीनत्र अतएव निष्फल करनेके लिये उठ खड़ा होता है। फलको पक
देना ही उसकी समझमें उदासीनता है; फलको जबरदस्ती टाल
अलग कर लेनेहीको वह पुरुषार्थ समझता है। माळीके प्रतिदिन वृक्ष
जड़ सींचते रहनेका कारण उसकी समझसे केवल यही है कि उस
चढ़ जानेका साहस उसमें नहीं है। माळीकी इस कापुरुषतापर उ
क्रोध होता है, उसके कामको वह छोटा काम समझता है। उत्तेजि
दशामें मनुष्य उत्तेजनाको ही संसारमें सबसे बड़ा सत्य मानता है
जहाँ वह नहीं होती वहाँ उसको कोई सार्थकता ही नहीं दिखाई पड़ती

परन्तु स्फुलिंग और शिखामें, चिनगारी और लौमें जो भेद है, उत्ते
जना और शक्तिमें भी वही अन्तर है। चकमककी चिनगारियोंसे धरक
अन्धकार दूर नहीं किया जा सकता। उसका आयोजन जिस प्रका
स्वल्प है, उसका प्रयोजन भी उसी प्रकार सामान्य है। चिरागक
आयोजन अनेकविध है—उसके लिये आधार गढ़ना होता है, वत्ती
बनानी पड़ती है, तेल डालना पड़ता है। जब यथार्थ मूल्य देकर ये
सब खरीदे जाते हैं या परिश्रम करके स्वयं तैयार कर लिए जाते हैं,
तभी आवश्यकता पड़ने पर स्फुलिङ्ग अपनेको स्थायी शिखामें परिणत
करके घरको प्रकाशित कर सकता है। जहाँ यथेष्ट चेष्टा नहीं होती
प्रदीपके उपयुक्त साधन निर्मित अथवा प्रस्तुत नहीं किए जाते, जहाँ
लोग चकमकसे अनायास चिनगारियोंकी वर्षा होते देखकर आनन्दमें
उन्मत्त हो जाते हैं, सत्यके अनुरोधसे स्वीकार करना पड़ेगा कि वहाँ
घरमें रोशनी पैदा करनेकी इच्छा तो कभी सफल नहीं हो सकती, पर
हाँ घरमें आग लग जाना सम्भव है।

पर शक्तिको सुलभ करनेके प्रयत्नमें मनुष्य उत्तेजनाका अवलम्बन
करता है। उस समय वह यह भूल जाता है कि यह अस्वाभाविक

सुलभता एक ओर तो कुछ दाम लेकर राजी हो जाती है, पर दूसरी ओर इतना कसकर वसूल कर लेती है कि आरम्भसे ही उसको बहुमूल्य मान लेनेसे वह अपेक्षाकृत कम मूल्यमें पाई जा सकती है।

हमारे देशमें भी जब देशकी हितसाधनबुद्धि नामका दुर्लभ महामूल्य पदार्थ एक आकस्मिक उत्तेजनाकी कृपामें आबालवृद्धवनितामें इतनी प्रचुरतामें दिखाई पड़ने लगा जिसका हम कभी अनुमान भी न कर सकते थे, तब हमारी सर्गर्वी दरिद्र जातिके आनन्दका पारावार नहीं रहा। उस समय हमने यह सोचना भी नहीं चाहा कि उत्तम पदार्थकी इतनी सुलभता अस्वाभाविक है। इस व्यापक पदार्थको कार्य्यनियमोंसे बाँधकर संयत संहत न करनेसे इसकी वास्तविक उपयोगिता ही नहीं रह जाती। यदि सभी ऐरे गैरे पागलोंकी तरह यह कहने लगे कि हम युद्ध करनेके लिये तैयार हैं, और हम उन्हें अच्छे सैनिक समझकर इस बातपर आनन्द-मग्न होने लगें कि उनकी सहायतासे हम सहजमें सब काम कर लेंगे, तो प्रत्यक्ष युद्धके समय हम अपना सारा धन और प्राण देकर भी इस सस्तेपनके परन्तु सांघातिक उत्तरदायित्वसे बच न सकेंगे।

असल बात यह है कि मतवाला जिस प्रकार केवल यही चाहता है कि मेरे और मेरे साथियोंके नशेका रंग गहरा ही होता जाय, उसी प्रकार जिस समय हमने उत्तेजनाकी मादकताका अनुभव किया, उस समय उसके बढ़ाते ही जानेकी इच्छा हममें अनिवार्य हो उठी और अपनी इस इच्छाको नशेकी ताड़ना न मानकर हम कहने लगे कि—"शुरूमें भावकी उत्तेजना ही अधिक आवश्यक वस्तु है, यथारीति परिपक्व होकर वह अपने आप ही कार्य्यकी ओर अग्रसर होगी। अतः जो लोग रातदिन काम काम चिल्लाकर अपने गले सुखा रहे हैं वे छोटी

समझके लोग है—उनकी दृष्टि व्यापक नहीं है, वे भावुक नहीं हैं; हम केवल भावसे देशको मतवाला बना देंगे; समस्त देशको एकत्रकर भावका भैरवी चक्र बैठावेंगे जिसमें इस मंत्रका जाप किया जायगा—

पीत्वा पीत्वा पुनः पीत्वा यावत् पतति भूतले।
उत्थाय च पुनः पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते॥

चेष्टाकी आवश्यकता नहीं, कर्मकी आवश्यकता नहीं, गढ़ने-जोड़नेकी आवश्यकता नहीं, केवल भावोच्छ्वास ही साधना है, मत्तता ही मुक्ति है।

हमने बहुतोंको आह्वान किया, बहुतोंको इकट्ठा किया, जनताका विस्तार देखकर हम आनन्दित हुए; पर ऐसे कार्य्यक्षेत्रमें हमनें उन्हें नहीं पहुँचाया जिसमें उद्बोधित शक्तिको सब लोग सार्थक कर सकें। उत्साह मात्र देने लगे, काम नहीं दिया। इससे बढ़कर मनुष्यके मनको अस्वस्थ करनेवाला काम दूसरा नहीं हो सकता। हम सोचते हैं कि उत्साह मनुष्यको निर्भीक बनाता है और निर्भीक हो जानेपर वह कर्ममार्गकी बाधा-विपत्तियोंसे नहीं डरता। परन्तु बाधाओंके सिरपर पैर रखकर आगे बढ़नेकी उत्तेजना ही तो कर्मसाधनका सर्व प्रधान अङ्ग नहीं है—स्थिरबुद्धिसे युक्त होकर विचार करनेकी शक्ति, संयत होकर निर्माण करनेकी शक्ति, उससे बड़ी है। यही कारण है कि मतवाला मनुष्य हत्या कर सकता है पर युद्ध नहीं कर सकता। यह बात नहीं है कि युद्धमें मत्तताकी कुछ भी मात्रा न रहती हो, पर अप्रमत्तता ही प्रभु होकर उसका सञ्चालन करती है। इसी स्थिरबुद्धि दूरदर्शी कर्मों माही प्रभुको ही वर्तमान उत्तेजनाकालमें देश ढूँढ़ रहा है—पुकार रहा है, पर अभागे देशके दुर्भाग्यके कारण उसका पता नहीं मिलता। हम दौड़कर आनेवाले लोग केवल शराबके बरतनमें शराब ही भरते हैं, इंजिनमें

है कि

आपका बल ही बढ़ाते रहते हैं। जब पूछा जाता है कि रास्ता साफ करने और पटरियाँ बिछानेका काम कौन करेगा, तब हमारा जवाब होता है—इन फुटकर कामोंको लेकर दिमाग खराब करना फजूल है—समय आनेपर सब कुछ अपने आप ही हो जायगा। मजदूरका काम मजदूर ही करेगा; हम जब ड्राइवर हैं तब इंजिनमें स्टीम ही बढ़ाते रहना हमारा कर्तव्य है।

अब तक जो लोग सहिष्णुता रख सके हैं, संभव है कि वे हमसे पूछ बैठें कि—"तब क्या बंगालके सर्वसाधारण लोगोंमें जो उत्तेजनाका उद्रेक हुआ है, उससे किसी भी अच्छे फलकी आशा नहीं की जा सकती ?"

नहीं, हम ऐसा कभी नहीं समझते। अचेतन शक्तिको सचेष्ट या सचेतन करनेके लिये इस उत्तेजनाकी आवश्यकता थी। पर जगा कर उठा देनेके अनन्तर और क्या कर्तव्य है? कार्यमें नियुक्त करना या रागमें मग्न करके मतवाला कर देना? रागकी जितनी मात्रा क्षीण प्राणको कार्यक्षम बनाती है उससे अधिक मात्रा फिर उसकी कार्य-क्षमता नष्ट कर देती है। सत्य कर्ममें जिस धैर्य और अध्यवसायका प्रयोजन होता है मतवालोंकी शक्ति और रुचि उससे विमुख हो जाती है। धीरे धीरे उत्तेजना ही उसका लक्ष्य हो जाती है और वह विरत होकर कार्यके नामसे ऐसे व्यापारोंकी सृष्टि करने लगता है जो उसकी मतवालीकी अनुकूलता करते हैं। इस ओर उत्पात करनेको वस्तुतः वह मादकता बढ़ानेका निमित्त समझकर ही करता है और इसके द्वारा उत्तेजनाकी मात्राको घटने नहीं देता। क्योंकि जब कार्योंमें बाहर निकलनेका रास्ता नहीं पाता, और भीतर ही भीतर संचित और क्षुब्ध होता रहता है तब वह विरुद्ध कार्य करता है,

उसका अप्रयोजनीय व्यापार हमारे स्नायुमण्डलको विकल करके कर्म-मनाको शून्यमार्गमें वहा देता है।

नींदसे जागने और अपनी सत्य शक्तिकी वास्तविकताका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये उत्तेजनाके सिवा एक आघातकी आवश्यकता होती है उसीका हमें प्रयोजन था। हमने विश्वास कर लिया था कि अंग-रेज जाति हमारे जन्मान्तरके पुण्य और जन्मकालके शुभग्रहकी भाँति हमारे पैबन्द लगे गुदड़ोंमें हमारे समस्त मंगलोंको बाँध देगी। विधा-तानिर्दिष्ट इस अयत्नप्राप्त सौभाग्यकी हम कभी वन्दना करते और कभी उससे कलह करके कालयापन करते थे। इस प्रकार जब मध्या-ह्नकालमें सारा संसार जीवनयुद्धमें निरत होता था तब हमारी सुप्तनिद्रा और भी गाढ़ी होती थी।

ऐसे ही समय किसी अज्ञात दिशासे एक ठोकर लगी। नींद भी टूट गई और फिर आँखें मूँदकर स्वप्न देखनेकी इच्छा भी नहीं रह गई; पर आश्चर्य है कि हमारी उस स्वप्नावस्थासे जागरणका एक विषयमें मेल रह ही गया।

तब हम निश्चिन्त हो गये थे—हमें भरोसा हो गया था कि प्रयत्न न करके भी हम प्रयत्नका फल प्राप्त कर लेंगे। अब सोचते हैं कि फल प्राप्तिके लिये प्रयत्नकी जितनी मात्रा आवश्यक है उसको बहुत कुछ घटाकर भी हम वही फल प्राप्त कर सकते हैं। जब स्वप्न देखते थे तब भी असम्भवका आलिंगन किए हुए थे; जब जागे तब भी असम्भवको अपने बाहुजालके बाहर न कर सके। शक्तिकी उत्तेजना हममें बहुत अधिक हो जानेके कारण अत्यावश्यक विलम्ब हमें अना-वश्यक जान पड़ने लगा। बाहर वही पुराना दैन्य रह गया है, अन्दर

नवजाग्रत शक्तिका अभिमान जोर पकड़े हुए है। दोनोंका सामञ्जस्य कैसे होगा ! धीरे धीरे ' क्रम क्रमसे ' बीचकी विशाल खाईमें पत्थरका पुल बाँधकर ! पर अभिमान विलम्ब नहीं सह सकता, मत्तता कहती है, हमें सीढ़ी न चाहिए, हम उड़ेंगे ' सुसाध्यका साधन तो सभी कर लेते हैं, हम असाध्य कार्य्यका साधन कर जगत्‌को चमत्कृत कर देंगे— यही कल्पना हमें उत्तेजित किए रहती है। इसका एक कारण है। प्रेम जब जागता है तब वह शुरूसे ही सब कार्य्य करना चाहता है, छोटा हो या बड़ा, वह किसीका तिरस्कार नहीं करता। कहीं कोई कर्तव्य असमाप्त न रह जाय यह चिन्ता उसके चित्तसे कभी दूर नहीं होती। प्रेम अपने आपको सार्थक करना चाहता है, अपनेको प्रमाणित करनेके लिये वह परेशान नहीं होता। पर अपमानकी ठोकर खाकर जागनेवाला आत्माभिमान छाती फुलाकर कहता है—हम धीरे धीरे डगें रखते हुए नहीं चलेंगे, हम छलाँगें मारकर ही चलेंगे। अर्थात् जो वस्तु संसारभरके लिये उपयोगी है, उसके लिये उसका कोई प्रयोजन नहीं—धैर्य्यका प्रयोजन नहीं, अध्यवसायका प्रयोजन नहीं, दूरवर्ती उद्देश्यको लक्ष्यकर देरमें फल देनेवाले साधनोंका अवलम्बन करनेका प्रयोजन नहीं। फल यह होता है कि कल जिस प्रकार दूसरेके बलका अन्धभावसे भरोसा किए बैठे थे, आज उसी प्रकार अपने बलपर हवाई किले तैयार कर रहे हैं। उस समय यथाविहित कर्मसे दूर भागनेकी चेष्टा थी, इस समय भी वही चेष्टा वर्त्तमान है। ईसपके किस्सेवाले किसानके आलसी बेटे, जबतक बाप जीवित था, भूलकर भी खेतके पास नहीं फटके। बाप हल जोतता था और वे उसकी कमाई निश्चिन्त होकर खाते थे। जब बाप मर गया तब वे खेतके समीप जानेको बाध्य हुए—पर हल चलानेके लिये नहीं।

उन्होंने निश्चय किया कि पिताजी जो खेतमें गड़ा हुआ धन वतला गये है, उसे फावड़ेसे खोदकर हम एक ही बारमें जड़से उखाड़ लेंगे। इस बातके सीखनेमें कि खजानेका गड़ा धन उस खेतसे प्रतिवर्ष पैदा होनेवाला अन्न ही है उनका बहुतसा समय व्यर्थ नष्ट हो गया। हम लोग भी यदि जल्दी इस बातको न समझ लेंगे कि कोई अद्भुत उपाय करके गड़ा खजाना हम केवल मनोराज्यहीमें प्राप्त कर सकते हैं, प्रत्यक्ष जगत्में और सब लोग उसको जिस प्रकार प्राप्त और भोग करते है, हमें भी यदि ठीक उसी रीतिसे उसे प्राप्त करना होगा, तो ठोकरों और दु:खोंकी संख्या और मात्रा बढती ही जायगी और इस विपयमें हम जितना ही अग्रसर होते जायँगे, लौटनेका रास्ता भी उतना ही लम्बा और दुर्गम होता जायगा।

अधैर्य्य अथवा अज्ञानके कारण जब स्वाभाविक उपाय पर अश्रद्धा ही जाती है और कुछ असाधारण घटना घटित कर डालनेकी इच्छा अत्यन्त प्रबल हो उठती है उस समय धर्मबुद्धि नष्ट हो जाती है; उस समय उपकरण केवल उपकरण उपाय केवल उपाय समझ पड़ते । उस समय छोटे छोटे बच्चोंतकको निर्दयतापूर्वक इस उन्मत्त च्छाके आगे बलि कर देनेमें मनको आगा पीछा नहीं होता। महा-भारतके सोमक राजाकी तरह असामान्य उपाय द्वारा सिद्धि प्राप्त रनेके लोभमें हम अपने अति सुकुमार छोटे बच्चेको भी यज्ञकी ग्निमें समर्पित कर बैठे है। इस विचारहीन निष्ठुरताका पाप चित्र-सकी दृष्टि नहीं बचा सका, उसका प्रायश्चित्त आरम्भ हो चुका है बालकोंकी वेदनासे सारे देशका हृदय विदीर्ण हो रहा है। हम नहीं नते कि अभी और कितना दु:ख सहना होगा।

दु:ख सह लेना उतना कठिन नहीं है, पर दुर्मतिको रोकना या वा लेना अत्यंत दुष्कर कार्य्य है। अन्याय या अनाचारको एक बार

न मानेंगे कि उसके समर्थनके लिये लेशमात्र भी अन्याय उचित होगा। विलम्ब अच्छा है, विरोध भी अच्छा है, इनसे दीवार ठोस और कार्य्य परिपक्व होगा, पर वह इन्द्रजाल अच्छा नहीं है जो एक रातमें ही अट्टालिकाका निर्माण कर दे और तिसपर भी हमसे नकद उजरत लेनेसे इनकार करे। पर हाय न जाने क्यों मनमें इस भयका स्थान अटल हो गया है कि यदि एक क्षणमें ही हमने मेञ्चेस्टरके सारे कारखानोंपर ताले न चढ़वा दिये तो हमारे किये कुछ भी न हो सकेगा, क्योंकि दीर्घकालतक इस दुःसाध्य उद्देश्यको अटल निष्ठाके साथ सम्मुख रखनेकी शक्ति हममें नहीं है। यही कारण है कि हम हाथोंहाथ वंग-भंगका बदला चुका लेनेके लिये इतने व्यग्र हैं और इस व्यग्रतामें मार्ग अमार्गका विचार करना ही नहीं चाहते। अपने आप पर विश्वास न रखनेवाली हमारी दुर्बलता, चारों ओरसे उठनेवाली शीघ्रताकी कानोंको बहरा करनेवाली ध्वनिमें भूलकर स्वभावपर अश्रद्धा और शुभबुद्धिको अमान्य करती हुई तत्काल लाभ उठा लेना चाहती है और पीछे बरसों तक देनेका खाता खतियाती और भुकतान करती रहना चाहती है। मंगलको पीड़ित करके मंगल पाना असम्भव है, स्वाधीनताकी जड़ खोदकर स्वाधीनताका उपयोग करना त्रिकालमें न होनेवाली बात है-- इसे क्षणमात्र भी सोचनेका कष्ट उससे सहा नहीं जाता।

हममेंसे बहुतोंको मालूम नहीं और बहुतेरे जानकर भी स्वीकार नहीं करना चाहते कि अनेक अवसरोंपर देशवासियोंपर अत्याचार करके बहिष्कारकी साधना कराई गई है, उनकी इच्छा न रहते हुए, उन्हें जबरदस्ती इस आन्दोलनमें सम्मिलित किया गया है। हम जिस बातको श्रेष्ठ समझते हैं दूसरोंको उपदेश और उदाहरण द्वारा उसकी श्रेष्ठता समझानेमें लगनेवाला विलम्ब यदि हमसे सहन न हो, दूसरोंके

ऐसी नजीर पेशकर हम अपने आपको भुला सकते हैं, पर विधाताकी आखोंमें धूल नहीं झोंक सकते। जातिभिन्नत्वके रहते हुए भी स्वराज्य चलाया जा सकता है या नहीं, वास्तवमें यही मुख्य प्रश्न नहीं है। विभिन्नता तो किसी न किसी रूपमे सभी जगह है, जिस परिवारमें दस आदमी हैं वहाँ दस विभिन्नताएँ हैं। मुख्य प्रश्न यह है कि विभिन्नताके भीतर एकताका तत्त्व काम कर रहा है या नहीं। सैकड़ों जातियोंके होते हुए भी यदि स्विटजरलैण्ड एक हो सका तो मानना पड़ेगा कि एकत्वने वहाँ भिन्नत्वपर विजय प्राप्त कर ली है। वहाँके समाजमें भिन्नत्वके रहते हुए प्रबल ऐक्य धर्म भी है। हमारे देशमें विभिन्नता तो वैसी ही है; पर ऐक्य धर्मके अभावसे वह विश्लिष्टतामें परिवर्तित हो गई है और भाषा, जाति, धर्म, समाज और लोकाचारमें नाना रूप और आकारोंमें प्रकट होकर इस बृहत् देशके उसने छोटे बड़े हजारों टुकड़े कर रक्खे हैं।

अतएव उक्त दृष्टान्त देखकर निश्चिन्त हो बैठनेका तो कोई कारण नहीं देख पड़ता। आँख मूँदकर यह मंत्र रटनेसे धर्म या न्यायके देवताके यहाँ हमारी सुनवाई न होगी कि हमारा और सब कुछ ठीक हो गया है, बस अब किसी प्रकार अँगरेजोंसे गला छुड़ाते ही बंगाली, पंजाबी, मराठे, मदरासी, हिन्दू, मुसलमान सब एक मन, एक प्राण, एक स्वार्थ हो स्वाधीन हो जायँगे।

वास्तवमें आज भारतवर्षमें जितनी एकता दिखाई पड़ती है और जिसे देखकर हम सिद्धिलाभको सामने खड़ा समझ रहे हैं वह यांत्रिक है, जैविक नहीं। भारतकी विभिन्न जातियोंमें यह एकता जीवनधर्मकी प्रेरणासे नहीं प्रकट हुई है, किन्तु एक ही विदेशी शासनरूपी रस्सीने हमें बाहरसे बाँधकर एकत्र कर दिया है।

हम पहले ही कह चुके हैं कि जिसमें जोड़नेकी शक्तिका अभाव है, तोड़नेका प्रयास उसके लिए मृत्युस्वरूप है। हम पूछते हैं, हमारे देशमें यह गठनतत्त्व कहाँ प्रकाशित हो रहा है? हमको संगठित और एक रखनेके लिये कौन सृजनी शक्ति हमारे अभ्यन्तरमें काम कर रही है? भेदके लक्षण ही तो चारों ओर दिखाई दे रहे हैं। जबतक हममें विच्छिन्नताकी ही प्रबलता है तबतक सब कुछ करके भी हम अपना प्रभुत्व प्रतिष्ठित न कर सकेंगे और तब दूसरे हमपर प्रभुता करेंगे ही, हम किसी प्रकार उनको इससे रोक नहीं सकेंगे। बहुतोंके विचारमें इस देशकी पराधीनता शिरःपीड़ाकी तरह भीतरकी बीमारी नहीं है, एक बोझ है जो अँगरेज सरकारके रूपमें बाहरसे हमारे सिरपर लाद दिया गया है,—यदि हम किसी उपायसे एक बार इसको कहीं पटक दे सकें, तो सदाके लिये हल्के हो जायँ। पर यह काम इतना सहज नहीं है। ब्रिटिश सरकार हमारी पराधीनता नहीं है, वह हमारी गम्भीरतर पराधीनताका प्रमाण है।

परन्तु गम्भीरतर कारणोंकी छानबीन करनेका अवकाश या इच्छा आजकल हमको नहीं है। इतनी भिन्न भिन्न जातियोंके रहते हुए भी किस प्रकार भारतमें एक महाजाति बनकर स्वराज्यकी स्थापना करेगी? जिस समय यह प्रश्न किया जाता है; उस समय हममेंसे कई एक जल्दबाज इस तिरछी पगडंडीसे झट मंजिलपर पहुँच जाते हैं कि स्विटजरलैण्डमें भी तो अनेक जातियाँ बसती हैं, पर क्या इससे वहाँ स्वराज्य-स्थापनामें बाधा पड़ी?

मन्दिर तोड़वाए। हिन्दुओंको इसने जितना सताया उतना शायद ही और किसी मुसलमानने सताया हो। बंगालमें लोगोंका विश्वास है कि यह जन्मसे ब्राह्मण था। नवाबकी कन्यापर आसक्त होकर मुसलमान हो गया था। पर फारसी इतिहासोंमें इसे पठान लिखा है।—अनु०।

ऐसी नजीर पेशकर हम अपने आपको भुला सकते हैं, पर विधाताकी आँखोंमें धूल नहीं झोंक सकते। जातिभिन्नत्वके रहते हुए भी स्वराज्य चलाया जा सकता है या नहीं, वास्तवमें यही मुख्य प्रश्न नहीं है। विभिन्नता तो किसी न किसी रूपमे सभी जगह है, जिस परिवारमें दस आदमी हैं वहाँ दस विभिन्नताएँ हैं। मुख्य प्रश्न यह है कि विभिन्नताके भीतर एकताका तत्त्व काम कर रहा है या नहीं। सैकड़ों जातियोंके होते हुए भी यदि स्विटजरलैण्ड एक हो सका तो मानना पड़ेगा कि एकत्वने वहाँ भिन्नत्वपर विजय प्राप्त कर ली है। वहाँके समाजमें भिन्नत्वके रहते हुए प्रबल ऐक्य धर्म भी है। हमारे देशमें विभिन्नता तो वैसी ही है; पर ऐक्य धर्मके अभावसे वह विश्लिष्टतामें परिवर्तित हो गई है और भाषा, जाति, धर्म, समाज और लोकाचारमें नाना रूप और आकारोंमें प्रकट होकर इस बृहत् देशके उसने छोटे बड़े हजारों टुकड़े कर रक्खे हैं।

अतएव उक्त दृष्टान्त देखकर निश्चिन्त हो बैठनेका तो कोई कारण नहीं देख पड़ता। आँख मूँदकर यह मंत्र रटनेसे धर्म या न्यायके देवताके यहाँ हमारी सुनवाई न होगी कि हमारा और सब कुछ ठीक हो गया है, बस अब किसी प्रकार अँगरेजोंसे गला छुड़ाते ही बंगाली, पंजाबी, मराठे, मदरासी, हिन्दू, मुसलमान सब एक मन, एक प्राण, एक स्वार्थ हो स्वाधीन हो जायँगे।

वास्तवमें आज भारतवर्षमें जितनी एकता दिखाई पड़ती है और जिसे देखकर हम सिद्धिलाभको सामने खड़ा समझ रहे हैं वह यांत्रिक है, जैविक नहीं। भारतकी विभिन्न जातियोंमें यह एकता जीवनधर्मकी प्रेरणासे नहीं प्रकट हुई है, किन्तु एक ही विदेशी शासनरूपी रस्सीने हमें बाहरसे बाँधकर एकत्र कर दिया है।

सजीव पदार्थ बहुत समय तक यांत्रिक भावसे एकत्र रहते रहते जैविक
ससे संयुक्त हो जाते हैं । भिन्न भिन्न जातिके दो वृक्षोंकी डालियोंका
रीतिसे कलम लगाया जाता है । किन्तु जबतक उनका निर्जीव
ग सजीव संयोगमें बदल नहीं जाता तबतक उन्हें बाहरी बन्धनसे
कर देना ठीक नहीं होता । इसमें सन्देह नहीं कि रस्सीका बन्धन
का अपना अंग नहीं है और इसलिये वह चाहे जैसे लगाया गया
और चाहे जितना उपकार करता हो, वृक्षको उससे पीड़ा अवश्य
चेगी । पर यदि विभिन्नताको एक कलेवरमें बद्ध देखनेकी इच्छा हो
यह पीड़ा स्वीकार न करनेसे काम न चलेगा । बन्धन आवश्य-
ासे अधिक कड़ा है, यह बात सत्य हो सकती है । पर इसका
मात्र उपाय है अपनी सम्पूर्ण आभ्यन्तरिक शक्तियोंको लगाकर
के मार्गसे एक दूसरेके रससे रस और प्राणसे प्राण मिलाकर
को पक्का कर डालना । यह बात पूरे विश्वासके साथ कही जा
ती है कि जोड़ पक्का हो जानेपर, दोनों टहनियोंके एक जीव हो
पर, हमारा माली अवश्य ही हमारा बन्धन काट देगा । अँगरेजी
न नामक बाहरी बन्धन स्वीकार करके, उसपर जड़ भावसे
र न रहकर हमें सेवाद्वारा, प्रीतिद्वारा, सम्पूर्ण कृत्रिम व्यवधानोंके
द्वारा विच्छिन्न भारतवर्षको सजीव बन्धनमें बाँधकर एक कर लेना
। एकत्र संघटनमूलक हजारों प्रकारके सृजनके काममें भौगो-
भूखण्डको स्वदेशके रूपमें गढ़ना पड़ेगा और भिन्न भिन्न जनस-
को प्रयत्नद्वारा स्वजातिके आकारमें परिणत करना पड़ेगा ।
सुनते हैं, किसी किसीका यह भी मत है कि अँगरेजोंके प्रति
ानी सर्वसाधारणका विद्वेष ही हममें एकता उत्पन्न करेगा । प्राच्य
तियोंके प्रति अँगरेजोंकी स्वाभाविक निर्ममता, उदासीनता और

उद्धतता भारतवर्षके छोटे बड़े सभीको व्यथित कर रही है। जितना ही समय बीत रहा है इस वेदनाका नतशूल हमारे कलेजोंमें उतना ही अधिक बिंधता जा रहा है। यह नित्य बढ़नेवाली वेदनाकी एकता ही भारतकी भिन्न भिन्न जातियोंके एक होनेका उपक्रम कर रही है। अतएव अँगरेज-विद्वेषको हमें अपना प्रधान सहायक अवश्य मानना पड़ेगा।

यदि यह बात सत्य है तो जब विद्वेषका कारण दूर हो जायगा, जब अँगरेज यह देश छोड़कर चले जायँगे—तब हमारी बनावटी एकताका सूत्र भी तो क्षण मात्रमें ही टूट जायगा। उस समय विद्वेषका दूसरा विषय हमें कहाँ मिलेगा! उसे ढूँढ़ने हमें दूर न जाना पड़ेगा, बाहर भी न जाना पड़ेगा। रक्तकी प्यासी हमारी विद्वेष-बुद्धि आपसमें ही एक दूसरेको क्षत-विक्षत करने लगेगी।

"उस समय तक किसी न किसी प्रकार कोई उपाय निकल ही आवेगा, इस समय इसी तरह चले चलो,"—जो लोग ऐसा कहते हैं वे इस बातको भूल जाते हैं कि देश केवल उन्हींकी सम्पत्ति नहीं है, व्यक्तिगत राग द्वेष, और इच्छा अनिच्छाको लेकर उनके चले जानेपर भी देश रह जायगा। ट्रस्टी जिस तरह सौंपे हुए धनको सर्वश्रेष्ठ और सर्वापेक्षा आवश्यक कार्य्यमें ही व्यय कर सकता है, मनमाने ऐसे वैसे कामोंमें उसे खर्च कर डालनेका अधिकार नहीं होता, उसी तरह देश जो अनेक व्यक्तियों और अनेक कालकी जायदाद है उसके कल्याणको भी किसी क्षणिक क्षोभके आवेगवश अदूरदर्शी तत्कालीन बुद्धिकी संगवासनव्यवस्थाके हाथमें आँखें मूँदकर सौंप देनेका हममेंसे किसीको अधिकार नहीं है। स्वदेशका भविष्य जिससे संकटापन्न हो जाय, तात्कालिक उत्तेजनाके प्रभावमें आकर ऐसा विवेकहीन

काम कर डालना किसीका कभी कर्त्तव्य नहीं हो सकता। कर्मफल अकेले हमको ही नहीं मिलेगा। उसका दु:ख बहुतोंको उठाना पड़ेगा।

इसीसे कहते हैं और बारम्बार कहेंगे कि शत्रुताबुद्धिको आठोंपहर बाहरहीकी ओर उद्यत रखनेके लिये उत्तेजनाकी अग्निमें अपने सम्पूर्ण सञ्चित सम्बलकी आहुति मत दे डालो, परायेपर हर समय दाँत पीसनेवाली आदत रोककर रास्ता बदल दो। आषाढ़में आकाशचारी मेघ जिस प्रकार मुसलाधार वर्षा करनेके लिये तपी, सूखी, तृषातुर भूमिके समीप आ जाते हैं उसी प्रकार तुम भी अपने ऊँचे स्थानसे देशकी सारी जातियों सारे मनुष्योंके बीच आकर खड़े हो जाओ और अनेक दिङ्मुखी कल्याणचेष्टाके बृहत् जालमें स्वदेशको सब प्रकारसे बाँध लो, कर्मक्षेत्रको इतना उदार, इतना विस्तीर्ण करो जिसमें ऊँच, नीच, हिन्दू मुसलमान सभी वहाँ एकत्र होकर हृदयसे हृदय, चेष्टासे चेष्टाका सम्मिलन करा सकें। हमारे प्रति राजाका सन्देह और प्रतिकूलता पग पग-पर हमारा प्रतिरोध करेगी; पर वह कभी हमें विजित या विनष्ट न कर सकेगी—हम जयी होंगे ही। पागलकी भाँति चट्टानपर सिर पटककर नहीं, अविचलित अध्यवसायके द्वारा धीरे धीरे उसको अतिक्रम करके ऐसे अध्यवसायकी कृपासे हम केवल जयी ही न होंगे बल्कि कार्य्यसिद्धिकी सच्ची साधनाको देशमें बहुत समयके लिये रक्षित कर जायँगे, आनेवाली पीढ़ियोंके लिये एक एक करके सम्पूर्ण कार्य्योंके द्वार खोल देंगे।

आज जो यह वन्दियोंकी हथकड़ियों और बेड़ियोंकी कठोर झंकार सुनाई पड़ती है—दण्डधारी पुरुषोंके पैरोंके प्रहारसे राजपथ काँपता हुआ चिल्ला रहा है, इसीको बड़ी भारी बात मत समझो। यदि कान लगाकर सुनोगे तो कालके महासंगीतमें यह क्रन्दन न जाने कहाँ विलीन

हो जायगा! अनेक युगोंसे इस देशमें न जाने कितने विप्लव और कितने अत्याचार हुए और इस देशके सिंहद्वारपर न जाने कितने राज-प्रताप आए और चले गए, इन सब बातोंके बीचमेंसे भारतवर्षकी परिपूर्णता अभिव्यक्त होकर उठ रही है। आजके क्षुद्र दिनका जो क्षुद्र इतिहास उस पुराने बड़े इतिहासके साथ मिल रहा है, क्या कुछ दिनों बाद उस समग्र इतिहासमें यह क्षुद्र इतिहास कहीं दिख-लाई भी पड़ेगा! हम भय न करेंगे, क्षुब्ध न होंगे, भारतवर्षकी जो परम महिमा कठोर दुःखराशिमेंसे विश्वके सृजनानन्दको वह-नकर व्यक्त हुआ करती है—भक्त-साधकके प्रशान्त ध्यान-नेत्रमें हम उसकी अखंड मूर्तिके दर्शन करेंगे, चारों ओरके कोलाहल और चित्त-विक्षेपके समय भी साधनाको उस उच्च लक्ष्यकी ओर निरन्तर बढ़ाए चलेंगे। विश्वास करेंगे कि इसी भारतवर्षमें युगयुगान्तरके मानवचित्तोंकी आकाक्षा-धाराओंका मिलाप हुआ है, यहीं ही ज्ञानके साथ ज्ञानका मन्थन, जातिके साथ जातिका मिलन होगा। वैचित्र्य यहाँ अत्यन्त जटिल है, विच्छेद अत्यन्त प्रबल है, विपरीत वस्तुओंका समावेश अत्यन्त विरोधपूर्ण है। इतने बहुत्व, इतनी वेदना, इतने आघातको इतने दीर्घकाल तक वहन करके और कोई देश अब तक जीता न रह जाता। पर भारतमें एक अति वृहत्, अति महान् समन्वयका उद्देश्य ही इन सारे आत्यन्तिक विरोधोंको धारण किए हुए है, परस्परके आघात प्रतिघातमें किसीको नष्ट नहीं होने देता। ये सारे विविध, विचित्र उपकरण जो कालकालान्तर और देशदेशान्तरसे यहाँ ला रक्खे गए हैं, अपने निर्दय अँगूठों द्वारा उन्हें दूर्रकर फेंक देनेके प्रयत्नमें हमारा ही अँगूठा टूटेगा, वे अपनी जगहसे टससे मस भी नहीं होंगे। हम जानते हैं कि बाहरसे किए जानेवाले अन्याय और

अपमान हमारी ऐसी प्रवृत्तिको उत्तेजित करते हैं जो आघात करना ही जानती है, धैर्य्यके लिये जिसमें कोई स्थान ही नहीं है, और जो विनाश स्वीकार करके भी अपनी चरितार्थताको ही—अँगूठा तोड़ लेना मंजूर करके भी ठोकर मारनेको ही—सार्थक समझती है। पर इस आत्माभिमानजनित प्रमत्तताको दूर भगानेके लिये हमारे अन्तः-करणमें गम्भीर आत्मगौरव सञ्चार करनेकी भीतरी शक्ति क्या भारत-वर्ष हमको प्रदान न करेगा? जो निकट आकर हमको पहचाननेमें घृणा करती है, जो दूरसे हमारे लिये विद्वेषके उद्गार निकालती है, वही मुखकी वायुसे फुलाई हुई समाचारपत्रोंकी ध्वनि, इंग्लैण्डके टाइम्स और इस देशके टाइम्स आफ इंडियाकी वही विरोध करनेवाली तीक्ष्ण वाणी, ही क्या अंकुश बनकर हमें विरोधके पथमें अन्धवेगसे चालित करती रहेगी? क्या इसकी अपेक्षा अधिक सत्य, अधिक नित्य-वाणी हमारे पूर्वजोंके मुखसे कभी नहीं निकली है? वह वाणी जो दूरको समीप लानेको कहे, परायेको अपना बनानेका उपदेश दे? क्या वे शान्तिपूर्ण गम्भीर सनातन मंगल-वाक्य ही आज परास्त होनेवाले हैं? भारतवर्षमें हम मिलेंगे और मिलावेंगे, वहीं दुस्साध्य साधना करेंगे जिससे शत्रुमित्रका भेद मिट जाय। जो सबसे ऊँचा सत्य है, जो पवि-त्रताके तेजसे, क्षमाके वीर्य्यसे, प्रेमकी अपराजित और अपराजेय शक्तिसे परिपूर्ण है, हम उसको कदापि असाध्य नहीं मानेंगे, निश्चित कल्याण समझकर उसको सिरपर धारण करेंगे। दुःख और वेदनाके काँटोंसे परिपूर्ण पथसे ही आज हम चलकर उदार और प्रसन्न मनसे सारे विद्रोहोंके भावोंको दूर भगा देंगे, जानमें अथवा अनजानमें अखिल विश्वके मनुष्य इस भारतक्षेत्रमें मनुष्यत्वके जिस परम आश्चर्यमय मन्दि-रको अनेक धर्मों, अनेक शास्त्रों और अनेक जातियोंके पत्थरोंसे निर्माण

करनेका प्रयत्न कर रहे हैं उन्हींके काममें हाथ बटायेंगे, अपने भीतरकी सारी शक्तियोंको परिणत कर इस रचनाकार्यमें नियुक्त करेंगे। यदि हम यह काम कर सकें, यदि ज्ञानसे, प्रेमसे और कर्मसे भारतके इस उद्देश्यमें अपनी सभी शक्तियोंको नियुक्त कर सकें, तभी मोहमुक्त पवित्र दृष्टिसे स्वदेशके इतिहासमें उस एक सत्य -नित्य सत्यके दर्शन पा सकेंगे—उस सत्यके दर्शन जिसके विषयमें ऋषियोंने कह रक्खा है—

स सेतुर्विधृतिरेषां लोकानाम्—

यही सारे लोकोंका आश्रय, सारे विच्छेदोंका सेतु है। इसीके लिये कहा है—

तस्य हवा एतस्य ब्रह्मणोनाम सत्यम्—

निखिल सृष्टिके समस्त प्रभेदोंके बीच जो ऐक्यकी रक्षाके लिये सेतुस्वरूप है वही ब्रह्म है, उसीका नाम सत्य है।

समस्या।

'पथ और पाथेय' शीर्षक प्रबन्धमें हमने अपने कर्त्तव्य और उसकी साधन-प्रणालीके विषयमें आलोचना की थी। हम यह आशा नहीं करते कि उक्त प्रबन्धको सभी लोग अनुकूल दृष्टिसे देखेंगे।

कौनसी बात श्रेय है और उसके लाभका श्रेष्ठ उपाय क्या है इसके निश्चय करनेके शास्त्रार्थोंका या तर्कोंका अन्त अबतक भी किसी देशमें नहीं हुआ। यह शास्त्रार्थ कितनी ही बार रक्तपातमें परिवर्त्तित हो चुका है और बार बार एक जगह विलुप्त और दूसरी जगह अंकुरित होता रहा है; मानव-इतिहास इसका प्रमाण है।

हमारे देशमें देशहितके सम्बन्धमें मतभेद अब तक केवल जबानी या समाचारपत्रोंमें, केवल छापेखानों या सभामण्डपोंमें वाक्युद्धकी भाँति ही संचार करता रहा है। वह धुएँकी तरह फैला रहा है आगकी तरह जलता बलता नहीं रहा।

पर आज सभी अपने मतामतको देशके हिताहितके साथ निकट भावसे जड़ित मान रहे हैं, उसे काव्यके अलंकारकी झंकार मात्र नहीं समझते। यही कारण है कि जिससे हमारा मत नहीं मिलता उसके प्रतिवाद वाक्योंमें यदि कभी कोई कटु और कठोर शब्द निकल जाता है तो हम उसे असंगत कहकर क्षोभ नहीं कर सकते। इस समय

संकटके समय बिलकुल सामान्य उपदेश देनेसे किसीका उपका नहीं हो सकता । एक आदमी खाली भोजनपात्र लिये माथेपर हाथ रख सोच रहा है कि क्या काम करनेसे क्षुधाकी ज्वाला शान्त होगी उसे यह सामान्य उपदेश देकर आप उसके हितैषी नहीं बन सकते कि अच्छी तरह अन्न और जल पेटमें पहुँचा देनेसे क्षुधा निवृत्त होती है। सिरपर हाथ रखकर वह इस समय इसी उपदेशका इन्तजार नहीं कर रहा था । चिन्ताके असली विषयकी ओरसे आँख फेरकर कितनी ही बड़ी बड़ी बातें क्यों न कही जायँ, सब व्यर्थ होंगी ।

भारतवर्षकी प्रधान आवश्यकता निश्चित करनेवाली आलोचनामें भी यदि उसके प्रस्तुत वास्तविक अभाव और वास्तविक अवस्थाको बलपूर्वक ध्यानसे हटाकर हम कोई अत्यन्त ऊँचे दरजेकी नीति सुनाने लगें तो उस व्यक्तिके चैककी तरह जिसका एक पैसा भी बैंकमें नहीं है, उसका कोई मूल्य न होगा । वह देनेके दावेसे जान छुड़ानेका एक कौशल मात्र हो सकता है, परन्तु परिणाममें वह कर्जदार और डिगरीदार किसीको भी कुछ लाभ न पहुँचा सकेगा ।

'पथ और पाथेय' में यदि हमने भी इसी प्रकार सत्यपर धूल डालनेका प्रयत्न किया हो तो न्यायासनसे क्षमा पानेकी आशा हमें नहीं करते । यदि हमने वास्तव बातपर पर्दा डालकर एक भाव मात्रके पोषणमें अमूलक दलीलें गढ़ डाली हैं तो सबके सामने उनको खण्ड खण्ड कर डालना ही कर्त्तव्य है । क्योंकि सत्यसे विलग रहनेवाला भाव गाँजे या शराबके समान मनुष्यको अकर्मण्य और उद्भ्रान्त बना देता है।

परन्तु विशेष अवस्थामें प्रकृत वास्तविक तत्त्वका निर्णय करना सहज नहीं होता। इसीसे अनेक अवसरोंपर मनुष्य सोच लेता है कि जो आँखसे दिखाई पड़ रहा है वही सबसे बड़ा वास्तविक तत्त्व है; जो मानव प्रकृतिकी

नीचे तलोंमें पड़ा रहता है वही सच्चा तत्त्व है। एक अंगरेज समालोचकने रामायणकी अपेक्षा इलियडको श्रेष्ठ काव्य सिद्ध करते हुए लिखा है—"इलियड काव्य अधिकतर human है, अर्थात् उसमें मानव-चरित्रका वास्तवांश अधिक मात्रामें ग्रहण किया गया है। क्योंकि उसमेंका एकिलिस निहत शत्रुके शवको रथके पहियोंमें बाँधकर घसीटता फिरा है और रामायणके रामने पराजित शत्रुको क्षमा कर दिया है।" यदि क्षमाकी अपेक्षा प्रतिहिंसाके भावको मानव-चरित्रमें अधिक वास्तविक, अधिक स्वाभाविक माननेका अर्थ यह हो कि मनुष्यमें क्षमाकी अपेक्षा प्रतिहिंसाका भाव ही अधिक होता है, तब तो इन समालोचक साहबका निष्कर्ष अभ्रान्त ही मानना पड़ेगा। पर मानव-समाज इस बातको कभी न मानेगा कि स्थूल परिमाण ही सचाईके नापनेका एक मात्र साधन है; घर भरे अन्धकारकी अपेक्षा अंगुलभर स्थान भी न घेरनेवाली दीपशिखाको वह अधिक मानता है।

जो हो, यह निर्विवाद है कि एक वार आँखसे देखकर ही इसकी मीमांसा नहीं की जा सकती कि मानव इतिहासके हजारों लाखों उपकरणोंमेंसे कौन प्रधान है कौन अप्रधान, कौन उपस्थित कालमें परम सत्य है कौन नहीं। यह बात माननी ही पड़ेगी कि उत्तेजनाके समय उत्तेजना ही सबकी अपेक्षा बड़ा सत्य जान पड़ती है। क्रोधके समय ऐसी कोई बात सत्यमूलक नहीं जान पड़ती जो क्रोधकी निवृत्ति करनेवाली हो। उस समय मनुष्य स्वभावतः ही कह बैठता है—"अपने धार्मिक उपदेश रहने दो। हमें उनकी जरूरत नहीं।" इसका कारण यह नहीं है कि धर्मोपदेश उसके प्रयोजनकी सिद्धिमें उपयोगी नहीं है और रोष उसमें भारी सहायक है; बात यह है कि उस समय वह वास्तविक उपयोगिताकी ओर दृष्टिपात करना ही नहीं चाहता, प्रवृत्ति-

परिमाणको ही सबसे अधिक आदरणीय समझना और सत्य मानना है।

पर। मनुष्य-परिमाणमें वास्तविकताका हिसाब बहुत ही थोड़ा करना पड़ता है, उत्तेजनामें उसकी अपेक्षा बहुत अधिक मिलानेकी आवश्यकता होती है। गदरके समय जिन अंगरेजोंने भारत निर्दयतापूर्वक खून बहानेकी सलाह दी थी उन्होंने वास्तविकताका हिसाब अत्यन्त संकीर्णतासे ही तैयार किया था। गदरके समय इस प्रकार संकीर्ण हिसाब करना ही स्वाभाविक है अर्थात् मनुष्य-गणनाके हिसाबसे अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं। लार्ड कैनिंगने क्षमाकी ओरसे वास्तविकताका जो लेखा तैयार किया था वह प्रतिहिंसाके हिसाबकी अपेक्षा वास्तविकताको बहुत कुछ बृहत् परिमाणमें और बहुत कुछ गम्भीर विस्तीर्ण भावसे गणना करके किया था।

पर जो लोगोंमें अन्धा हो रहा है वह लार्ड कैनिंगकी क्षमानीतिको 'सेन्टिमेन्टलिज्म' अर्थात् वास्तवर्जित भावुकता कह डालनेमें तनिक भी संकोच न करेगा। सदासे यही होता आ रहा है। जो पक्ष अक्षौहिणी सेनाको ही गणना-गौरवमें बड़ी सत्ता मानता है वह नारायणको ही अवज्ञापूर्वक अपने पक्षमें न लेकर चिन्तारहित होता है। पर यदि जयलाभको ही वास्तविकताका अन्तिम प्रमाण माना जाय तो नारायण अकेले और छोटीसे छोटी मूर्तिमें भी जिस पक्षकी ओर होंगे उसकी जीत अवश्य ही होगी।

इतना सब कह जानेका तात्पर्य यही है कि क्षणिक उत्तेजनाकी प्रबलता और मनुष्य-संख्याकी प्रचुरता देखकर ही यथार्थ तत्त्वके किसी पक्षमें होनेका निश्चय नहीं किया जा सकता। इसे हम किसी प्रकार नहीं

मानेंगे कि शान्तरसाश्रित होनेके कारण ही एक वस्तुमें वास्तविकताकी न्यूनता है और जिसकी वेगपूर्ण ताडना रास्ता पहचानने तकका अवकाश नहीं देती है उसीमें वास्तविकताका निवास यथेष्ट है।

'पथ और पाथेय' में हमने दो बातोंकी आलोचना की थी। पहली बात तो यह है कि भारतवर्षके विषयमें देशहितका कार्य्य कौन सा है—स्वदेशी कपड़े पहनना और अँगरेजोंको निकाल बाहर करना या और कुछ ? दूसरे यह कि इस हित-कार्य्यका साधन किस प्रकार होगा ?

भारतवर्षका चरम हित क्या है इसके समझनेमें केवल हमारी ही ओरसे बाधा नहीं की जाती, वस्तुतः इसमें सबसे बड़ी बाधा अँगरेजोंका हम लोगोंके साथ वर्त्ताव है। वे किसी प्रकार इस बातको मानना नहीं चाहते कि हमारा स्वभाव भी मानव-स्वभाव है। वे सोचते हैं कि जब हम राजा हैं तब किसी प्रकारकी जवाबदेही हमारे पास नहीं फटक सकती, इसके पात्र एक मात्र भारतवासी ही हैं। बंगालके एक भूतपूर्व हर्त्ताकर्त्ताको भारतवर्षकी चञ्चलता पर कड़ी टीका करनेकी आवश्यकता पड़ी थी। आपने सारे भारतवासियोंके लिये ही फतवा दे डाला, किसीको भी न छोड़ा। आपकी रायमें समस्त देशी अखबारोंके गले घोंट देना और सुरेन्द्र, विपिन आदि समस्त नेताओंको पंगु और मूक कर देना ही इस रोगका एकमात्र उपचार जान पड़ा। देशमें शान्ति स्थापित करनेका यह नुस्खा जिनको अनायास ही सूझ सकता है और जो बिना तनिक भी सोचे विचारे उसको ठेलठेल गले मढ़ सकते हैं, ऐसे व्यक्ति हमारे हर्त्ताकर्त्ता बनाए जा रहे हैं; क्या देशका मूल खोखलेका यह एक प्रधान कारण नहीं है ? क्या केवल इसी लिये कि अँगरेजोंके हाथोंमें बल है, मानव-स्वभावको मन पर चढ़ना

उनके लिये बिलकुल ही फजूल है ? क्या भारतकी पेंशनपर जीनेवाले मि० इलियट भारतकी चञ्चलता दूर करनेके सम्बन्धमें अपने जातिभाइयोंको अब एक भी उपदेश न देंगे ? जिनके हाथमें अजस्र शक्ति है उनके लिये आत्मसंवरणकी कुछ भी आवश्यकता नहीं है और जो स्वभावसे ही अक्षम हैं उन्हींके लिये शम, दम, नियम, संयम सभीकी सारी व्यवस्था है ! उपर्युक्त साहब बहादुरने लिखा है कि जो भारतवासी किसी अँगरेजकी गर्दनकी ओर हाथ बढ़ावे उसको चाहे जिस प्रकार हो, भरपूर प्रतिफल देना ही होगा; जिसमें उसको बच निकलनेका अवसर किसी प्रकार न मिले, इसके लिये पूर्ण सतर्क रहना होगा। और जो अँगरेज भारतवासियोंको परलोक भेज कर केवल राहखर्चके लिये थोड़ेसे रुपए मात्र दे देनेसे छुटकारा पाकर ब्रिटिश न्यायपर कभी न मिटनेवाली कलंककी रेखाको आगमें तपा तपा कर भारतके चित्तको बार बार दाग रहे हैं उनकी ओरसे होशियार रहनेकी आवश्यकता नहीं है ? बल्के अभिमानसे अन्धी और धर्म्मबुद्धिसे हीन स्पर्द्धा ही क्या भारतवर्षमें अँगरेजी शासन और प्रजा दोनोंको ही भ्रष्ट नहीं कर रही है ? जिस समय असमर्थके हाड़-माँस आन्तरिक अग्निसे दग्ध हो रहे हैं, जब हाथों हाथ अपमानका बदला ले डालनेकी चिन्ताके सिवा और कोई ऊँची अभिलाषा उसके मनमें टिक ही न सकती हो उस समय अँगरेजोंका लाल लाल आँखोंवाला 'पिनलकोड' भारतवर्षमें शान्तिकी वर्षा कर सके—इतनी शक्ति भगवान्ने अँगरेजोंको नहीं प्रदान की है ? वे जेलमें ठेल सकते हैं, फाँसीपर टँगवा सकते हैं, पर हाथसे आग लगाकर उसे पैरसे रौंदकर बुझा देनेकी सामर्थ्य उनमें नहीं है। जहाँ जलकी आवश्यकता है वहाँ जल देना ही पड़ेगा—राजाको भी जल ही देना पड़ेगा। यदि वह ऐसा नहीं करता है, यदि अपने

राजदण्डको विश्वविधानसे भी बढ़कर मानता है, तो इस भयंकर अन्धताके कारण देशमें पापका पहाड़ अत्यन्त ऊँचा हो जायगा और एक न एक दिन यह घोरतर असामञ्जस्य भयंकर विप्लवमें परिणत हुए बिना न रहेगा। प्रतिदिन देशके अंतःकरणमें जो वेदना सञ्चित हो रही है, आत्मप्रसादसे फूले हुए अँगरेज उसकी अत्यन्त उपेक्षा कर सकते हैं, मोर्ले उसकी अवज्ञा करनेहीको राजनीतिक बुद्धिमत्ता मान सकते हैं, इलियट उसे पराधीन जातिकी स्पर्द्धा मात्र मानकर इस वृद्ध वयसमें भी दाँत पीसनेका प्रयास कर सकते हैं, पर क्या इसीसे यह मान लिया जायगा कि अशक्तकी वेदनाका हिसाब कोई न रखता होगा? जब बलिष्ठ सोचता है कि मैं अपने अन्याय करनेके अबाध अधिकारको संयत नहीं करूँगा; किन्तु ईश्वरके विधानसे उस अन्यायके विरुद्ध जो अनिवार्य प्रतिकार-चेष्टा मानव-हृदयमें धुँधा-धुँधाकर जल उठा करती है उसीको एकमात्र अपराधी बनाकर कुचल डालूँगा और निश्चिन्त हो जाऊँगा, तब बलके द्वारा ही प्रबल अपने बलके मूलमें आघात करता है,—क्योंकि उस समय वह अशक्त पर चोट नहीं करता—विश्वब्रह्माण्डके मूलमें जो शक्ति है उसी वज्रशक्तिके विरुद्धमें अपना मुक्का उठाता है। यदि कोई कहे कि भारतवर्षमें आज दिन जो क्षोभ अस्त्रहीनको भी निष्ठुर बना रहा है, शक्ति सामर्थ्यहीनको भी धैर्य्य छुड़ा कर निश्चित आत्महत्याके आगे ढकेल रहा है, उसके हम किसी अंशमें भी कारणीभूत नहीं हैं,—हम न्यायको कहीं ठोकर नहीं लगाते, हम स्वभावसिद्ध तिरस्कार और औद्धत्यके द्वारा कभी अपने उपकारको उपकृतके निकट अरुचिकर नहीं बनाते; यदि कोई सारे दोषका ठीकरा हमीं पर फोड़ दे, असफलताजनित असन्तोषको भारतका अकारण अपराध और अपमानजनित दुःखदाहको उसकी घोरतर अकृतज्ञता

कहे तो इन मिथ्या शब्दोंका कहनेवाला चाहे राजसिंहासन पर ह क्यों न बैठा हो, सुननेवालोंपर इनका कोई असर न होगा। तुम्हा ' टाइम्स ' के पत्रलेखक ' डेलीमेल ' के संवादरचयिता और 'पायोनि यर' तथा 'इंग्लिशमैन'के सम्पादक अपनी सम्मिलित ध्वनिसे उसे ब्रिटिश पशुराजके भीम गर्जनमें ही क्यो न परिणत कर डालें, इस असत्यके द्वारा हम लोगोंको किसी शुभ फलकी प्राप्ति कदापि न होगी। तुम बलवाले हो सकते हो, पर तुममें इतना बल नहीं हो सकता कि सत्यको आँखे: दिखाओ। नए नए कानूनोंकी नई नई हथकड़ियाँ गढ़कर तुम विधाताके हाथ नहीं बाँध सकते।

अत: मानव-स्वभावके संघातसे विश्वके नियममें जो वेगपूर्ण भँवर उठ रही है उसकी भीषणताको यादकर अपने इस छोटेसे लेखके द्वारा उसको दमन करनेकी दुराशा हम नहीं करते। दुर्बुद्धि जब जाग्रत हो चुकी है तब यह बात माननी पड़ेगी कि उसका कारण बहुत दिनसे धीरे धीरे सञ्चित हो रहा था। यह बात याद रखनी होगी कि जहाँ एक पक्ष सब प्रकारसे अशक्त, असमर्थ और उपायहीन कर दिया जाता है अथवा होता है, वहाँ क्रमशः दूसरे प्रबल पक्षका बुद्धिभ्रंश और धर्म-नाश अनिवार्य है। जिसका प्रतिक्षण निरादर और सम्मानभंग किया जाता हो उसके साथ व्यावहारिक सम्बन्ध रखकर आत्मसम्मानको किसी प्रकार उज्ज्वल नहीं रखा जा सकता। दुर्बलके समीप रहकर सबल हिंस्र हो जाता है, अधीनके सम्पर्कसे स्वाधीन असंयमी बनता है। स्वभावके इस नियमका प्रतिरोध करनेमें कौन समर्थ है ? अन्तमें जब यह बात बहुत बढ़ जायगी तब क्या इसका कहीं कोई परिणाम न होगा ? बाधाहीन कर्तृत्वमें चरित्रका असंयम जब बुद्धिको अन्धा कर देता है उस समय क्या वह बुद्धि केवल दरिद्रकी ही हानि

करेंगी, दुर्बलको ही दुःख देंगी—धनी और सबलको हानि और पीड़ा न पहुँचावेंगी।

इस प्रकार बाहरसे आघात पानेके कारण देशमें क्रमशः एक प्रकारकी उत्तेजना फैल रही है, इस अत्यन्त प्रत्यक्ष सत्यको अस्वीकार करनेकी सामर्थ्य किसीमें नहीं है। और अँगरेजोंकी दमन-व्यवस्था और सारी सतर्कताका लक्ष्य केवल एक ही ओर, दुर्बल पक्षकी छातीपर पत्थर रखने और मुँहमें वस्त्र ठूँसनेकी ओर है; इस कारण जिस असमताकी सृष्टि हुई है उसने भारतवासियोंकी सारी बुद्धि, समस्त कल्पना, सम्पूर्ण वेदना-बोधको निरन्तर बहुत अधिक परिमाणमें बाहरकी ओर ही, इस एक नैमित्तिक उत्पातकी ओर ही, प्रवाहित कर रक्खा है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं।

ऐसी अवस्थामें यदि हम देशके सबसे बड़े प्रयोजनकी खोज करना भूल जायँ तो इसपर आश्चर्य नहीं हो सकता। स्वाभाविक कर्त्तव्य—वह कर्त्तव्य जिसके लिये प्रकृति स्वय ही उकसाती है—दुर्निवार्य्य हो सकता है, पर सभी समयोंमें वह श्रेयस्कर नहीं हो सकता। मनोवेगकी तीव्रताको भूमण्डलमें सब वास्तविक तत्त्वोंकी अपेक्षा बड़ा वास्तविक तत्त्व माननेसे अनेक अवसरोंपर हम भयंकर भ्रमके शिकार हो जाते हैं, सार्वजनिक और व्यक्तिगत जीवनमें इस बातका हमें अनेक बार अनुभव हो चुका है। जातिके इतिहासमें यह बात और भी अधिक मात्रामें लागू होती है, इसपर स्थिर चित्त होकर विचार करना हमारा कर्त्तव्य है।

हम जानते हैं कि हमारी उपर्युक्त बात सुनकर बहुतेरे लोग बड़े खा ईसे कहेंगे—“बहुत अच्छी बात है, फिर आप ही बताइए कि

देशकी सबसे बड़ी आवश्यकता क्या है?" इस विरक्तिको सहन करके भी हमें उत्तर देनेके लिये तैयार होना पड़ेगा।

भारतवर्षके सामने विधाताने जो समस्या रक्खी है, वह अत्यन्त दुरूह हो सकती है पर उसको ढूँढ़ निकालना कठिन नहीं है। वह बिलकुल हमारे सामने है, उसके ढूँढ़नेके लिये दूसरे दूरके देशोंके इतिहासमें भटकनेसे उसका पता नहीं मिल सकता।

भारतवर्षके पर्वतप्रान्तसे समुद्रसीमातक, काश्मीरसे रासकुमारी-तक कौन सी बात सबकी अपेक्षा अधिक स्पष्टतासे दिखाई पड़ रही है? यही कि इतनी भिन्न भिन्न जातियाँ, इतनी विविध भाषाएँ, इतने विषम आचार संसारके और किसी भी एक देशमें एकत्र नहीं हैं।

पाश्चात्य देशोंके जितने इतिहास हम लोगोंने स्कूलमें पढ़े हैं, उनमें ऐसी समस्याका कहीं अस्तित्व नहीं पाया। जिन प्रभेदोंके रहते हुए युरोपमें एकताका सूत पिरोया गया है वे एक दूसरेके अत्यन्त विरोधी थे। लेकिन फिर भी उनमें मिलनका एक ऐसा स्वाभाविक तत्त्व मौजूद था कि मिल जानेपर उसके जोड़के चिह्न तकको ढूँढ़ निकालना असम्भव हो गया। प्राचीन ग्रीक, रोमन, गथ आदि जातियोंकी शिक्षा दीक्षामें चाहे जितनी भिन्नता रही हो, पर वस्तुतः वे एक जाति थीं। परस्परकी भाषा, विद्या और रक्तको मिलाकर एक होनेका उनमें स्वाभाविक झुकाव था। विरोधकी आँचमें पिघलकर जिस समय वे एक हो गईं उस समय जान पड़ा कि सब एक ही धातुसे ही गढी हुई थीं। इंग्लैण्डमें भी किसी समय सैक्सन, नार्मन और कैल्टिक जातियोंका एकत्र जमाव हुआ था। पर इनमें एक ऐसा स्वाभाविक और बलवान् ऐक्य तत्त्व विद्यमान था जिससे विजयी जाति विजयीके रूपमें अपना

स्वातन्त्र्य रख ही न सकी। विरोध करते करते ही वह कब गलकर एक हो गई, इसका किसीको पता तक नहीं चला।

अतएव युरोपने भिन्न भिन्न जातियोंको जो ऐक्य दान किया है वह स्वाभाविक ऐक्य है। अब भी वह इस स्वाभाविक ऐक्यका ही आदर करता है। वह अपने समाजोंमें किसी गुरुतर प्रभेदको स्थान देना ही नहीं चाहता, या तो वह उसे नष्ट कर डालता है या खदेड़ देता है। युरोपकी चाहे कोई जाति क्यों न हो, अँगरेजी उपनिवेशोंके प्रवेश द्वार उसके लिये आठों पहर खुले रहते हैं, पर एशियाका एक भी आदमी ऐसा भाग्यवान् नहीं हो सकता जिसके उक्त द्वार तक पहुँचनेपर वहा अँगरेजोंका सतर्कतारूपी सर्प फन फुलाए और फुफकारता न मिले।

युरोपके साथ भारतकी इसी जगहसे, मूलमें ही विषमता देख पड़ती है। भारतका इतिहास जब शुरू हुआ, उसी समय, उसी मुहूर्तमें वर्णके साथ वर्णके विरोधका और आर्य्योंके साथ अनार्योंके विरोधका जन्म हुआ। तबसे इस विरोधको मिटानेके दुस्साध्य साधनमें भारतका मन बराबर लगा हुआ है। जो आर्यसमुदायमें अवतार माने जाते हैं उन रामचन्द्रने दाक्षिणात्यमें आर्य उपनिवेश बढ़ानेके लिये जिस दिन निषादराजगुहकके साथ मित्रताका सम्बन्ध जोड़ा था; जिस दिन उन्होंने किष्किन्धाके अनार्योंको नष्ट न करके अपनी सहायताके लिये सन्नद्ध किया था और लंकाके परास्त राक्षसराज्यको निर्मूल करनेके बदले विभीषणसे भाईचारा करके शत्रुपक्षकी शत्रुताका दमन किया था, उसी दिन इन महापुरुषका अवलम्बन कर भारतवर्षके उद्देश्यने अपने आपको व्यक्त किया था। उस दिनके बादसे आजतक इस देशमें मनुष्योंका जो जमाव हुआ है उसमें विचित्रता और विभिन्नता

कोई हिसाब ही नहीं रह गया। जो उपकरण किसी प्रकार मिलना नहीं चाहते थे उनको एकत्र रहना पड़ा। ऐसे उपकरणोंसे केवल बोझ तैयार हो सकता है, पर उनसे शरीर कदापि नहीं गढ़ा जा सकता। इसीसे इस बोझको पीठपर लेकर ही भारतवर्षको सैकड़ों वर्षों तक निरन्तर यह चेष्टा करनी पड़ी है कि जो एक दूसरेसे अत्यन्त विच्छिन्न हैं वे किस प्रकार परस्पर सहयोगी हो सकते हैं? जो एक दूसरेके परम विरुद्ध हैं उनमें सामञ्जस्य किस प्रकार स्थापित किया जा सकता है? जिनके भीतरी प्रभेदको मानव प्रकृति किसी प्रकार अस्वीकार नहीं कर सकती, किस प्रकारकी व्यवस्थासे वे प्रभेद एक दूसरेको कष्ट न पहुँचा सकेंगे? अर्थात् वह कौनसा उपाय है जिसके करनेसे स्वाभाविक भेदकी सत्ता स्वीकार करते हुए भी सामाजिक एकताका यथासम्भव आदर किया जा सके?

जहाँपर सैकड़ों विभिन्न स्वभावों और रुचियोंके लोगोंका जमाव हो वहाँ जो समस्या प्रतिमुहूर्त्त ही उपस्थित रहती है, वह यह होती है कि इस पृथक्तासे उत्पन्न कष्ट, इस विभेदसे उत्पन्न दुर्बलताको दूर करनेका क्या उपाय है? एकत्र रहना भी अनिवार्य हो और परस्पर मिलकर एक हो जाना भी पूर्णतया असम्भव हो—इससे बढ़कर अमंगल बात दूसरी नहीं हो सकती। ऐसी अवस्थामें प्रथम प्रयत्न होता है प्रत्येक प्रभेदको निश्चित परिधि द्वारा पृथक् कर देनेका, परस्पर एक दूसरेको चोट न पहुँचावें इस बातकी सावधानी रखने और परस्परकी अधिकारसीमा इस प्रकार बाँध देनेका जिसमें वे उस सीमाको किसी ओरसे लाँघ न सकें।

पर ये निषेधकारक परिधियाँ जो आरम्भिक अवस्थामें सहस्रों विभिन्नताओंके एकत्र रखनेमें सहायक होती हैं, धीरे धीरे कुछ कालमें अने-

कके एक होनेमें बाधा भी करने लगती है। जिस प्रकार ये आघातसे बचाती हैं उसी प्रकार मिलनमें भी बाधा रखती है। अशान्तिको दूर खदेड़ रखना ही शान्तिकी प्रतिष्ठा करना नहीं है, वस्तुतः यह अशान्तिको कहीं न कहीं, सर्वदा जीवित रखना ही है। विरोधको यदि हम अपनेसे कुछ दूरपर रक्खें तो भी उसका पोषण ही करते रहेंगे; बन्धन जरा सा ढीला होते ही उसकी प्रलय मूर्ति हमारे सामने आ चमकेगी। यही नहीं, इस प्रकार एकत्र रहनेवालोंका मिलन, जिनमेंसे प्रत्येक एक निश्चित घेरेके अन्दर रहनेके लिये बाध्य हो, मिलनकी नेतिवाचक अवस्था है, इतिवाचक नहीं। इससे मनुष्य आराम पा सकता है; पर शक्ति नहीं पा सकता। शृंखला केवल काम चलानेका साधन है, प्राण जाग्रत होता है एकताके द्वारा।

भारतवर्ष भी इतने दिनों तक अपनी बहुत अनेकताओं और विरोधोंको अलग अलग घेरोंमें बन्द रखनेका प्रयत्न करता रहा है। इतने वास्तविक विरोध और किसी देशमें नहीं हुए हैं, इसलिये उनको ऐसे दुस्साध्य साधनमें अपनी शक्ति खपानेकी कभी आवश्यकता भी नहीं पड़ी है।

बहुतः विशृंखल और विच्छिन्न सत्य जिस समय स्तूपाकार होकर ज्ञानका रास्ता रोकने लगते हैं उस समय विज्ञानका पहला काम होता है उनको गुणकर्मके अनुसार श्रेणीबद्ध कर देना। किन्तु क्या विज्ञानमें और क्या समाजमें श्रेणीबद्ध करना आरम्भका कार्य है, कलेवरबद्ध करना ही अन्तिम कार्य्य है। ईंट, सुर्खी, चूना, लकड़ी जिसमें मिलकर एक दूसरेको नष्ट न कर डालें इसलिये उनमेंसे हर एकको अलग अलग स्थानमें रख देना ही इमारत बना डालना नहीं है।

हमारे देशमें श्रेणी-विभागका कार्य्य हुआ है पर मिलनेका कार्य्य या तो आरम्भ ही नहीं हुआ या हुआ तो अधिक दूरतक अग्रसर नहीं

ही सका है । एक ही वेदनाकी अनुभूतिके द्वारा आदिसे अन्ततक आविष्ट, प्राणमय, रसरक्तमय, स्नायु पेशी और मांसके द्वारा जिस प्रकार शरीरकी हड्डियाँ ढकी रहती है उसी प्रकार विधि-निषेधकी शुष्क और कठिन व्यवस्थाको बिलकुल ही ढँककर और छुपाकर जिस समय एक ही सरस अनुभूतिकी नाड़ियाँ समग्रके बीच प्राणोंकी चेतनता व्याप्त कर देंगी उसी समय हम समझेंगे कि महाजातिने देहधारण किया है ।

हमने जिन सब देशोंके इतिहास पढ़े है वे इतिहास बताते हैं कि प्रत्येक देश किसी न किसी खास रास्तेसे अपनी मंजिलको पहुँचा है। उनके परिपूर्ण विकाशमें जो विशेष अमंगल विघ्नस्वरूप था उसीके साथ उन्हें युद्ध करना पड़ा है । एक दिन अमेरिकाके सामने भी यही समस्या थी कि उसके उपनिवेशोंके समुद्रके एक ओर और उनकी सञ्चालिका शक्तिके उसके दूसरी ओर रहते हुए उनका शासन कैसे किया जा सकेगा—शरीर और मस्तिष्ककी इतनी दूरी उनसे किस प्रकार सहन होगी ? भूमिष्ठ शिशुका जिस प्रकार माताके गर्भके साथ किसी तरहका सम्बन्ध नहीं रह सकता—नाल काट देनी पड़ती है—उसी प्रकार अमेरिकाके सामने जिस समय यह नाल काट देनेकी आवश्य-कता उपस्थित हुई उस समय उसने छुरी लेकर उसे काट फेंका । फ्रान्सके सामने भी एक दिन यह समस्या थी कि वहाँके शासक और शासित दोनो एक ही जातिके होनेपर भी उनकी जीवनयात्रा और स्वार्थ एक दूसरेसे इतने विरुद्ध हो गए थे कि इस असामञ्जस्यकी पीड़ा सहन करना मनुष्यकी सामर्थ्यके बाहर हो गया था । इस आत्म-विच्छेदको दूर करनेके लिये फ्रान्सको रक्तकी नदियाँ बहानी पड़ीं थीं ।

ऊपरसे देखनेमें अमेरिका और फ्रान्सकी इस समस्यासे भारतवर्षकी समस्यामे समानता है । भारतवर्षमे भी शासक और शासित एक दूसरेसे

असंलग्न है। ऐसा कोई अवसर ही नहीं आता जब दोनोंकी एक अवस्था हो, दोनोंके मनमें एक प्रकारकी अनुभूति हो। हो सकता है कि ऐसी शासनप्रणालीमें सुव्यवस्थाका अभाव न हो, पर व्यवस्था मात्र ही मनुष्यकी आवश्यकता नहीं है, उसकी आवश्यकता इसकी अपेक्षा कहीं ऊँची है। जिस आनन्दमें मनुष्य जीवित रहता है, जिस आनन्दसे उसका विकास होता है वह केवल आइन-अदालतोंका सुप्रतिष्ठित होना और धन प्राणोंका सुरक्षित होना नहीं है। सारांश यह कि मनुष्य आध्यात्मिक जीव है—उसके शरीर है, मन है, हृदय है। उसको यदि तृप्त करना हो तो इन सभीको तृप्त करना पड़ेगा। जिस पदार्थमें सजीव सर्वाङ्गीणताका अभाव हो उससे उसे क्लेश पहुँचेगा ही। उसको कुछ देते समय यही नहीं सोचना पड़ेगा कि क्या दें, यह भी सोचना होगा कि किस प्रकार दे। यदि उसके साथ साथ आत्मशक्तिकी उपलब्धि उसे न होगी तो उपकार उसके लिये भार हो जायगा, अत्यन्त कठोर शासनको भी वह बिल्कुल मौन भावसे सह लेगा, यही नहीं स्वयं आगे बढ़कर उसका वरण भी कर लेगा, यदि उसमें स्वाधीनताका रस भी मिश्रित हो। इसीसे कहा है कि, खाली रूखी सुव्यवस्था ही मनुष्यको परितृप्त नहीं कर सकती।

जहाँ शासक और शासित एक दूसरेसे बहुत दूर रहते हों, जहाँ प्रयोजनके सिवा और कोई उच्चतर, आत्मीयतर सम्पर्क दोनोंमें स्थापित होना असम्भव हो, वहाँकी राज्यव्यवस्था उत्कृष्टसे उत्कृष्ट होनेपर भी इजलास अदालत आईन कानूनके अतिरिक्त और कुछ न होगी। उत्कृष्ट राज्यव्यवस्था होते हुए भी मनुष्य क्यों दिनपर दिन केवल छीजता जा रहा है, उसके भीतर और बाहरके आनन्दके स्रोत दिनपर दिन क्यों सूखते जा रहे हैं, शासक इसको समझना ही नहीं चाहता, वह

क्या करें, यदि वे इन चिन्ताओंमें पड़कर अपनी मन शान्ति और सुचित्तता बिगाड़ लें तो पाचन-क्रियामें फर्क आजाय, यकृत अपने कामसे इस्तेफा दे दे। जब यह बात निश्चित है कि थोड़ी आमदनीसे उनका गुजारा नहीं हो सकता और न भारतवर्षके जेबके अतिरिक्त और कहींसे कुछ पानेकी वे आशा ही कर सकते हैं, तब उनके आस-पासके और लोग क्या खाते, क्या पहनते और किस प्रकार दिन काटते हैं, इस बातको वे निस्स्वार्थ होकर सोच ही नहीं सकते। विशेष कर उस दशामें जब कि एक दोको नहीं—एक राजा या सम्राट् मात्रको नहीं—सारी जातिकी जातिको अमीरीका सामान भारतवर्षको ही देना है। जो लोग बहुत दूर रहकर हद दर्जेके सुखमें रहना चाहते हैं उनके लिये सब प्रकारके आत्मीयता सम्पर्कसे शून्य जातिको अन्न वस्त्रकी गाड़ियाँ भर भरकर पहुँचानी पड़ती है। यह निष्ठुर असामञ्जस्य प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, इस बातको केवल वे ही लोग न मानेंगे जिनके लिये आराम अत्यन्त आवश्यक हो गया है।

अतः एक तरफ बड़ी बड़ी तनख्वाहें, भारी पेन्शनें, ऊँची रहन-सहन और दूसरी तरफ पराकाष्ठाका क्लेश, आधे पेट खाकर संसार-यात्राका निर्वाह—ये दोनों असंगत अवस्थाएँ बिलकुल साथ ही साथ लगी हुई हैं। अन्न वस्त्रकी कमी ही एक बात नहीं है, मानमर्यादामें भी हम उनसे इतने हेठे हैं, हमारे और उनके मूल्यमें इतना भारी भेद है कि कानून भी पक्षपातका स्पर्श बचाकर चलनेमें असमर्थ हो गया है। ऐसी दशामें जितने दिन बीत रहे हैं, भारतकी छातीपर विदेशियोंका भार उतना ही गुरुतर होता जा रहा है, उभयपक्षके बीच असमानताकी खाई पातालपर विराम करने जा रही है—इसको न समझनेवाला आज कोई न मिलेगा। इस दशामें एक ओर वेदना जितनी दुस्सह होती है

ऐसी दलील भी सुनी है कि जितने दिन हम दूसरोंके कड़े शासनके अधीन रहेंगे उतने दिनतक हम राष्ट्राकारमें संगठित न हो सकेंगे—पद पदपर बाधा होगी, एकत्र होकर जिन बड़े बड़े कामोंको करते रहनेसे परस्पर एक प्रकारकी एकता उत्पन्न हो सकती है वैसे काम करनेका—जिस प्रकार एकत्र होनेमें पूरा पूरा संयोग होना सम्भव है उस प्रकार एकत्र होनेका—अवसर ही न पावेंगे। यदि यह बात सत्य है तो फिर हमारी समस्याकी कोई मीमांसा ही नहीं है। क्योंकि विच्छिन्न कभी मिलितमें विरोध करके जयकी आशा नहीं कर सकता। विच्छिन्नकी शक्ति विच्छिन्न, उद्देश्य विच्छिन्न, अध्यवसाय विच्छिन्न—सभी कुछ विच्छिन्न होगा। विच्छिन्न पदार्थ जबतक जड़की भाँति पड़े रहेंगे तभीतक उनका कुशल है, जरासी हवा देकर उन्हें सचल करते ही उनका संगठन हवा हो जायगा, वे तितर बितर हो जायँगे और एक दूसरेसे टकराकर टूट जायँगे; उनके भीतरकी सारी कमजोरियाँ अनेक रूप धारण करके उनका विनाश करने लगेंगी। जबतक हम स्वयं एक न बन लेंगे तबतक किसी ऐसेको भी परास्त न कर सकेंगे जिसकी एकता असली न होकर बनावटी ही हो।

केवल यही नहीं कि हम उनको परास्त न कर सकेंगे बल्कि बिलकुल आकस्मिक कारण भी उस एक बाहरी बन्धनको तोड़ फेंकेंगे जिसके द्वारा हम एक दिखाई पड़ रहे हैं। फिर जिस समय हम आपसमें एक दूसरेके शत्रु बन जायँगे उस समय यह भी सम्भव न होगा कि थोड़ी देरतक घरेलू मारकाट करनेके अनन्तर हम अपने दिगड़ेकी मीमांसा कर सकें। मीमांसा करनेका हमें मौका ही कोई न देगा। संयोगसे लाभ उठानेका ख्याल केवल हमींको नहीं है, संसारके जिन प्रबल राष्ट्रोंके घोड़े आठों पहर कसे कसाए तैयार रहते हैं वे हमारे

ऐसी दलील भी सुनी है कि जितने दिन हम दूसरोंके कड़े शासनके अधीन रहेंगे उतने दिनतक हम राष्ट्राकारमें संगठित न हो सकेंगे—पद पदपर बाधा होगी, एकत्र होकर जिन बड़े बड़े कामोंको करते रहनेसे परस्पर एक प्रकारकी एकता उत्पन्न हो सकती है वैसे काम करनेका—जिस प्रकार एकत्र होनेसे पूरा पूरा संयोग होना सम्भव है उस प्रकार एकत्र होनेका—अवसर ही न पावेंगे। यदि यह बात सत्य है तो फिर हमारी समस्याकी कोई मीमासा ही नहीं है। क्योंकि विच्छिन्न कभी मिलितसे विरोध करके जयकी आशा नहीं कर सकता। विच्छिन्नकी शक्ति विच्छिन्न, उद्देश्य विच्छिन्न, अध्यवसाय विच्छिन्न—सभी कुछ विच्छिन्न होगा। विच्छिन्न पदार्थ जबतक जड़की भाँति पड़े रहेंगे तभीतक उनका कुशल है, जरासी हवा देकर उन्हें सचल करते ही उनका संगठन हवा हो जायगा, वे तितर बितर हो जायँगे और एक दूसरेसे टकराकर टूट जायँगे; उनके भीतरकी सारी कमजोरियाँ अनेक रूप धारण करके उनका विनाश करने लगेंगी। जबतक हम स्वयं एक न बन लेंगे तबतक किसी ऐसेको भी परास्त न कर सकेंगे जिसकी एकता असली न होकर बनावटी ही हो।

केवल यही नहीं कि हम उनको परास्त न कर सकेंगे बल्कि बिल्कुल आकस्मिक कारण भी उस एक बाहरी बन्धनको तोड़ फेंकेंगे जिसके द्वारा हम एक दिखाई पड़ रहे हैं। फिर जिस समय हम आपसमें एक दूसरेके शत्रु बन जायँगे उस समय यह भी सम्भव न होगा कि थोड़ी देरतक घरेलू मारकाट करनेके अनन्तर हम अपने विरोधकी मीमांसा कर सकें। मीमांसा करनेका हमें मौका ही कोई न देगा। संयोगसे लाभ उठानेका ख्याल केवल हमींको नहीं है, संसारके जिन प्रबल राष्ट्रोंके घोड़े आठों पहर कसे कसाए तैयार रहते हैं वे हमारे

सरी ओर बेपरवाई और अवज्ञाका राज्य उतना ही अटल होता जाता । यदि दुर्भाग्यवश यही अवस्था स्थायी हो गई तो निश्चित है कि क न एक दिन अन्धड़को अवश्य बुला लावेगी।

इस प्रकार इन कई एक समानताओंके रहते हुए भी हमें यह हना पड़ेगा कि विप्लवके पहले अमेरिका और फ्रान्सके सामने जो मस्या उपस्थित थी और फलतः जिसकी मीमांसापर ही उनकी क्ति पूर्ण रूपसे निर्भर करती थी; हमारे सामने वैसी समस्या नहीं । अर्थात् विनयानुनय करके या लड़-भिड़कर जबरदस्ती यदि हम गरेजोंको भारतसे बोरिया-बिस्तरा समेटनेके लिये राजी या बाध्य रनेमें सफल हो जायं, तो भी हमारी समस्याकी मीमांसा न होगी— तो अंगरेज ही फिर आ धमकेंगे या ऐसे दूसरे पधारेंगे जिनके की परिधि और मुँहका ग्रास अंगरेजोंकी अपेक्षा छोटा न होगा।

यह कहना निष्प्रयोजन होगा कि जो देश महाजातिका निर्माण ीं कर सकता वह स्वाधीन होनेका अनधिकारी है—स्वाधीन हो ही ी सकता। क्योंकि उसके पास स्वाधीनतामेंका 'स्व' पदार्थ ी है? स्वाधीनता, किसकी स्वाधीनता? बंगालियोंके स्वाधीन हो निसे दक्षिणकी नायर जाति अपने आपको स्वाधीन नहीं समझेगी; जाटों स्वाधीनताका फल आगामी पानेकी आशा नहीं करेगा। दो भिन्न न प्रान्तोंकी बात जाने दीजिए। एक बंगालमें ही हिन्दूके साथ लमान अपना भाग्य एक करनेके लिये तैयार है, ऐसा कोई लक्षण । दिखाई देता। तब स्वाधीन होगा कौन? हाथके साथ पैर, पैरके साथ सिर यदि अपना हिसाब दिखाने लग जायँ तो सारे क वसुधा अधिकारी कौन रह जायगा?

ऐसी दलील भी सुनी है कि जितने दिन हम दूसरोंके कड़े शासनके अधीन रहेंगे उतने दिनतक हम गणाकारमें संगठित न हो सकेंगे—पद पदपर बाधा होगी, एकत्र होकर जिन बड़े बड़े कामोंको करते रहनेसे परस्पर एक प्रकारकी एकता उत्पन्न हो सकती है वैसे काम करनेका—जिस प्रकार एकत्र होनेसे युग युग संयोग होना सम्भव है उस प्रकार एकत्र होनेका—अवसर ही न पावेंगे। यदि यह बात सत्य है तो फिर हमारी समस्याकी कोई मीमांसा ही नहीं है। क्योंकि विच्छिन्न कभी मिलनसे विरोध करके उसका नाश नहीं कर सकता। विच्छिन्नकी शक्ति विच्छिन्न, उद्देश्य विच्छिन्न, अध्यवसाय विच्छिन्न—सभी कुछ विच्छिन्न होगा। विच्छिन्न पदार्थ जबतक जड़की भाँति पड़े रहेंगे तभीतक उनका कुशल है, ज़रासी हवा उन्हें सचल करते ही उनका संगठन हवा हो जायगा, वे तितर बितर हो जावेंगे और एक दूसरेसे टकराकर टूट जावेंगे, उनके भीतरकी सारी कमजोरियाँ अनेक रूप धारण करके उनका विनाश करने लगेंगी। जबतक हम स्वयं एक न बन लेंगे तबतक किसी ऐसेको भी प्राप्त न कर सकेंगे जिसकी एकता असली न होकर बनावटी ही हो।

केवल यही नहीं कि हम उसको प्राप्त न कर सकेंगे बल्कि, बिलकुल आकस्मिक कारण भी उस एक बाहरी बन्धनको तोड़ देवेंगे जिसके द्वारा हम एक दिखाई पड़ रहे हैं। फिर जिस समय हम आपसमें एक दूसरेके शत्रु बन जावेंगे उस समय यह भी सम्भव न होगा कि थोड़ी देरतक घरेलू मारकाट करनेके अनन्तर हम अपने विरोधकी मीमांसा कर सकें। मीमांसा करनेका हमें मौका ही कोई न देगा। संयोगसे लाभ उठानेका इरादा केवल हमींको नहीं है, संसारके जिन प्रबल लोगोंके घोड़े आठों पहर कसे कसाए तैयार रहते हैं वे हमें

गृहयुद्धका नाटकके दर्शककी भाँति दूर हीसे आनन्द नहीं लेते रहेंगे। भारतवर्ष ऐसा मांसखण्ड नहीं है जिसपरसे लोभीकी आँख एक क्षणके लिये भी बहक सके ।

अतः जिस देशमें अनेक विच्छिन्न जातियोंसे एक महाजाति—एक राष्ट्रका निर्माण नहीं हो सकता उस देशकी आलोचनाका यह विषय नहीं है कि अँगरेजोंका शासन रहेगा या न रहेगा । महाजातिका निर्माण ही उसका एक मात्र उद्देश्य होना चाहिए । यह उद्देश्य ऐसा है जिसके आगे सारे उद्देश्योंको सिर झुका देना पड़ेगा—यहाँतक कि यदि अँगरेजोंका राजत्व भी इस उद्देश्यकी सिद्धिमें किसी प्रकार सहायक हो सके तो उसे भी हमें भारतवर्षकी ही सामग्री मानकर ग्रहण करना पड़ेगा। आन्तरिक प्रीतिके साथ उसे ग्रहण करनेमें अनेक बाधाएँ हैं । ये बाधाएँ कैसे दूर होंगी और किस प्रकार अँगरेजोंका राजत्व हमारे आत्मसम्मानको क्लेश न पहुँचा सकेगा, कौनसा काम करनेसे उसके साथ हम लोगोंका गौरवप्रद आत्मीय बन्धन स्थापित हो सकेगा इस अति कठिन प्रश्नकी मीमांसा करनेका भार भी हमें अपने ऊपर लेना पड़ेगा । "हम उसे (अँगरेजी राज्यको) नहीं चाहते" रोषके साथ इस प्रकारका उत्तर देनेसे भी कुछ नहीं होगा । हमें उसे चाहना ही पड़ेगा; जबतक हम महाजाति बननेमें समर्थ नहीं हुए हैं तबतक अँगरेजी राज्यका जो प्रयोजन है वह कभी पूर्ण न होगा ।

थोड़े दिन हुए विधाताने हमारी समस्त चेतनाको इस ओर आकृष्ट किया था कि हमारे देशकी सबसे बड़ी समस्या क्या है । उस दिन मनमें आया था कि बंग-भंगसे हमारे हृदयोंपर बहुत गहरा घाव बैठा है। यह हम अँगरेजोंको अच्छी तरह दिखा देंगे हम विलायती नमकसे सम्बन्ध तोड़ देंगे और देशके तनसे विलायती वस्त्र छीने बिना जल तक

न ग्रहण करेंगे। उधर बाहरी लोगोंके साथ यह घोषणा करते ही इधर घरमें ही एक ऐसा झगड़ा खड़ा हो गया जैसा आजतक कभी नहीं हुआ था। हिन्दू-मुसलमानका विरोध एकाएक अत्यन्त भयंकर मूर्ति धारण कर सामने आ गया।

हमे चाहे इस व्यापारसे कितनों ही कष्ट क्यों न पहुँचा हो, पर वह हमारी शिक्षाके लिये नितान्त आवश्यक था। हम सबको यह बात अच्छी तरह जान लेनेकी आवश्यकता थी कि हम हजार चेष्टा करके भी इस सत्यको नहीं भूल सकते कि हमारे देशमें हिन्दू और मुसलमान एक नहीं हैं, पृथक् पृथक् हैं। यह सत्य प्रत्येक कार्य्यमें ही हमें बलात् याद पड़ा करेगा। यह कहकर मनको धोखा देनेसे काम न चलेगा कि हिन्दू मुसलमानोंके सम्बन्धमें कभी कोई खराबी न थी, इनमें विरोध करानेके कारण केवल अँगरेज ही हैं।

यदि सचमुच यही बात है, अँगरेजोंने ही मुसलमानोंको हमारे विरुद्ध खड़ा होनेका पाठ पढ़ाया है तो उन्होंने हमारा महत् उपकार किया है। जिस प्रकाण्ड सत्यकी नितान्त उपेक्षा कर हम बड़े बड़े राष्ट्रीय कार्य्योंकी योजनाएँ तैयार कर रहे थे उसकी ओर आरम्भमें ही उन्होंने हमारी निगाह फिरा दी है। यदि हम इससे कुछ भी शिक्षा न ग्रहण कर उलटे शिक्षक ही पर क्रोध करना कर्त्तव्य समझेंगे तो हमको फिर ठोकर खानी पड़ेगी। जो सच्ची बाधा है उसका सामना हमें करना ही पड़ेगा, चाहे जैसे करें, उसकी निगाह बचाकर निकल जानेका कोई रास्ता ही नहीं है।

यहाँपर यह बात भी अच्छी तरह समझ लेनी होगी कि हिन्दू और मुसलमान या हिन्दुओंहीमें उच्च और नीच वर्णोंके परस्पर असंयुक्त और अलग रहनेसे हमारे कार्यमें विघ्न उपस्थित हो रहा है। इसलिये

किसी न किसी उपायसे संयुक्त होकर बलवान् बननेका प्रश्न ही हमारे लिये सबसे बड़ा प्रश्न नहीं है, और इसीलिये यही सबकी अपेक्षा अधिक सत्य भी नहीं है।

हम पहले ही कह चुके हैं कि निरा प्रयोजनसिद्धिका सुयोग, निरी सुव्यवस्था ही, मनुष्यकी सब आवश्यकताएँ पूरी नहीं कर सकती; केवल इन्हींको लेकर वह जीवित नहीं रह सकता। ईसाने कहा है, मनुष्य केवल रोटीहीके सहारे नहीं जीता। कारण यह कि उसका केवल शारीरिक जीवन ही नहीं, आध्यात्मिक जीवन भी है। इसी बृहत् जीवनके लिये खाद्यका अभाव होनेके कारण अँगरेजी राज्यमें सब प्रकारका सुशासन रहते हुए भी हमारे आनन्दका सोता सूखता जा रहा है।

पर यदि इस अवस्थाकी सारी जिम्मेदारी केवल बाहरी कारणपर ही होती, यदि अँगरेजी राज्य ही उपर्युक्त खाद्याभावका एक मात्र कारण होता तो कोई बाहरी उपचार करके ही हम अपना काम बना ले सकते। हम तो घरमें भी बरसोंसे उपवास करनेके आदी हो रहे हैं। हम हिन्दू और मुसलमान, हम भारतके भिन्न भिन्न प्रान्तोंके हिन्दू, एक जगह बसते है सही, पर मनुष्य एक दूसरेको रोटीकी अपेक्षा जो उच्चतर भोजन देकर परस्परके प्राण, शक्ति और आनन्दको परिपुष्ट करते है, हम एक दूसरेको उसी खाद्यसे वंचित रखनेका उपाय करते आ रहे है। हमारी सारी हृदयवृत्ति, सारी हितचेष्टा, परिवार और वंशमें एवं एक एक संकीर्ण समाजमें इस प्रकार जकड़ गई है कि साधारण मनुष्यके साथ साधारण आत्मीयताका जो विशाल सम्बन्ध है उसको स्वीकार करनेके लिये हमारे पास कोई सामान ही नहीं रह गया है—उसको बैठानेके लिये हमारे घरमें एक चटाईतक नहीं है। यही कारण

है कि द्वीपपुंजकी भाँति हम खण्ड खण्ड हो गए हैं, पर महादेशकी तरह व्याप्त, विस्तृत और एक नहीं हो सके।

प्रत्येक छोटा मनुष्य बड़े मनुष्यके साथ अपनी एकताको विविध मंगलोंके द्वारा विविध आकारोंमें उपलब्ध करना चाहता है। इस उपलब्धिकी बड़ाई इसलिये नहीं है कि इससे उसका कोई विशेष प्रयोजन सिद्ध हो जाता है। बल्कि यही उसका प्राण है। यह उसका मनुष्यत्व अथवा धर्म है। इस उपलब्धिसे उसको जितना ही वंचित रक्खा जायगा उतना ही वह सूखता जायगा—उतना ही प्राणहीन होता जायगा। दुर्भाग्यवश बहुत दिनोंसे हमने इस शुष्कताको ही आश्रय दे रक्खा है। हमारे ज्ञान, धर्म, आचार और व्यवहारके, हमारे सब प्रकारके लेनदेनके बड़े बड़े राजमार्ग एक एक छोटी मण्डलीके सामने पहुँचकर खण्डित हो गए हैं। हमारा हृदय और चेष्टा मुख्यतः हमारे निजके घर, निजके ग्राममें ही चक्कर काटती रहती है। विश्वमानवके सामने जाकर खड़ी होनेका कभी अवसर ही नहीं पाती। फलतः हम पारिवारिक सुख पाते हैं, छोटे संकीर्ण समाजकी स्वजनता पाते हैं, पर बृहत् मानवी शक्ति और सम्पूर्णतासे बहुत दिनोंसे वंचित हैं जिससे हमें दीन हीन होकर दिन काटना पड़ रहा है।

इस भारी अभावकी दुर्दशाका कारण यदि हम स्वयं हों—उसके ही निर्माण न कर सके तो दूसरेसे वह हमें क्यों मिलने लगा? हम यह क्यों मान लेते हैं कि अंग्रेजोंके चले जानेसे हमारा यह छिद्र भर जायगा? हममें परस्पर [illegible] अभाव है, हम एक दूसरेको सहन करनेका तनिक प्रयत्न नहीं करते, सैकड़ों और हजारों वर्षोंसे हम इस शैथिल्यको सिद्ध करते आ रहे हैं। इस सारी स्वाभाविक दुर्बलता, अज्ञता और विरोधको दूर करनेकी आवश्यकता क्या केवल इसलिये

है कि हमें विदेशी कपड़ेके बहिष्कारका सुयोग मिल जाय। क्या केवल इसलिये हम इनके नाशका उपाय करें कि इससे हमारे विदेशी शासक हमारे पुरुपार्थका पता पावेंगे ? इनके रहनेके कारण हमारे धर्मको क्लेश हो रहा है, हमारा मनुष्यत्व संकुचित हो रहा है, इनके रहनेसे हमारी बुद्धि संकीर्ण रहेगी, हमारे ज्ञानका विकास न होगा, हमारा दुर्बल चित्त सैकड़ों अन्ध संस्कारोंसे लिपटा रहेगा, भीतर और बाहरकी अधीनताके बन्धनोंको काटकर हम निर्भय और निस्संकोच होकर विश्वसमाजके सामने सीधे खड़े न हो सकेंगे। इसी भयरहित, बाधारहित विशाल मनुष्यताके अधिकारी बननेके लिये हमें पर-परके साथ परस्परको धर्मबन्धनमें बाँधनेकी आवश्यकता है। इसके विना मनुष्य न किसी प्रकार बड़ा हो सकता है, न किसी प्रकार सत्य। भारतमें जो लोग आए हैं अथवा आते हैं वे सभी हमारी पूर्णताके अंश होंगे, सभीको लेकर हम पूर्ण बनेंगे। भारतमें विश्व-मानवकी एक अति महान् समस्याकी मीमांसा होगी। वह समस्या यह है कि मानवसमाजमें वर्णकी, भाषाकी, स्वभावकी, आचरणकी और धर्मकी विचित्रता है—नरदेवता इस विचित्रताकी बदौलत ही विराट् हुए हैं—भारतके मन्दिरमें हम इसी विचित्रताको एकाकारमें परिणत करके उसके दर्शन करेंगे। पृथकताको निर्वासित या लुप्त करके नहीं किन्तु सर्वत्र ब्रह्मकी व्यापक उपलब्धि द्वारा मनुष्योंके प्रति सर्वसहिष्णु परम प्रेमके द्वारा, उच्च और नीच, अपने और पराए की सेवाको भगवान्की सेवा माननेके द्वारा। और कुछ नहीं; शुभ चेष्टासे, केवल सत्प्रयत्नसे देशको जीत लो, जो तुमपर करते हों उनके सन्देहको जीत लो, जो तुमसे द्वेष रखते हों के विद्वेषको परास्त कर दो। बन्द दरवाजेको धक्का दो, बार बार

धक्का दो, सुलनेसे निराश होकर घरवालेकी बेपरवाईसे क्षुब्ध होकर कदापि लौट न आओ। एक मानवहृदय दूसरे मानवहृदयकी पुकारको अधिक समय तक कदापि अनसुनी नहीं कर सकता।

भारतका आह्वान हमारे अन्तःकरणोंतक पहुँचा है। लेकिन यह बात हम कभी न मानेंगे कि यह आह्वान समाचारपत्रोंकी क्रोधपूर्ण गर्जनोंसे ही ध्वनित हुआ है अथवा हिंसाशील उत्तेजनाकी चिल्लाहटमें ही उसका सच्चा प्रकाश हुआ है। पर इस बातको कि यह आह्वान हमारी अन्तरात्माको उद्बोधित कर रहा है, हम तब मानेंगे जब देखेंगे कि किसी विशेष जाति या किसी विशेष वर्णके ही नहीं दुर्भिक्ष-पीड़ित मात्रके द्वारपर हम रोटियाँ लिए खड़े हैं, जब देखेंगे कि भद्र अभद्रका भेद न कर हम तीर्थस्थलोंमें एकत्र यात्री मात्रकी सहायताके लिये बद्धपरिकर हैं, जब देखेंगे कि राजपुरुषोंके निर्दय सन्देह और प्रतिकूलताका सामना होते हुए भी अत्याचारके प्रतिरोधकी आवश्यकताके समय हमारे युवक विपत्तिके भयसे कुण्ठित नहीं होते। सेवाके समय संकोचका अभाव, दूसरोंकी सहायताके समय ऊँच नीचके विचारका अभाव—ये सुलक्षण जब देख पड़ने लगेंगे तब हम समझेंगे कि इस बार जो आह्वान या जो पुकार हमारे कानोंमें पड़ी है वह हमारी सारी संकीर्णताओंके सहस्रानोंको तोड़कर हमें बाहर निकाल लेगी, तब हम समझेंगे कि अबके भारतमें मनुष्यकी ओर मनुष्यका आकर्षण हुआ है। तब समझेंगे कि इस बार प्रत्येक व्यक्तिका प्रत्येक प्रकारका अभाव पूर्ण करनेके लिये हमें जाना होगा, अन्न, स्वास्थ्य और शिक्षाका दान और विस्तार करनेके लिये हमें संसारसे पूर्णतया अलग दूर देहातके गाँवोंको अपना जीवन भेंट करना होगा, तब हम समझेंगे कि अब कोई हमको अपने निजके स्वार्थ और सुख स्वच्छन्दताकी चहार दीवारीमें

ीक नहीं सकेगा । आठ महीनेकी अनावृष्टिके बाद वर्षा जब
ानन्द आती है तब अन्धड़ लेकर ही आती है, पर नववर्षाके आर
ालका यह अन्धड़ ही नूतन आविर्भावका सर्व प्रधान अंग नहीं
रहीं नहीं, यह स्थायी भी नहीं होता । बिजलीकी कड़क, बा
गरज और वायुकी उन्मत्तता अपने आप ही जैसे आई वैसे
जायगी । उस समय बादल दल बाँधकर आकाशको एक सिरेसे
सिरेतक स्निग्धतासे ढक देंगे । चारों ओर धाराएं बरसकर
प्यासोंको जलपूर्ण कर देंगी, क्षुधितोंके खेतोंमें अन्नकी आशाका
उगा देंगी । उस मंगल परिपूर्ण अद्भुत सफलताके दिनने बहुत दि
प्रतीक्षाके बाद भारतमें पदार्पण किया है, इसको निश्चित रूपसे
कर हम सानन्द तैयार होंगे । किस बातके लिये ? घरसे निक
खेततक पहुँचनेके लिये, भूमि जोतनेके लिये, बीज बोनेके लि
तदुपरान्त सोनेकी फसलमें लक्ष्मीका आविर्भाव होनेपर उसे घर
सार्वकालिक उत्सवकी प्रतिष्ठा करनेके लिये ।